* बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

* पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

* रजि. नंबर : 52290/90 * वर्ष : 36 * अंक : 337 * पृष्ठ : 12 * औरंगाबाद, गुरुवार, 7 मई 2026 * मूल्य : 3.00 रुपये * औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित * www.navbihartime.com



हैदराबाद हाउस में साझा प्रेस वार्ता के दौरान पीएम मोदी और वियतनामी राष्ट्रपति तो लाम

मंत्रिमंडल विस्तार से पूर्व सम्राट चौधरी ने 20 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर लगायी मुहर

# सड़कों के रख-रखाव के लिए 16 हजार करोड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में 20 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। सरकार ने तकनीक, शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन क्षेत्र में बड़े फैसले लिए हैं। बैठक के बाद कैबिनेट के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन निर्णयों से राज्य में आधुनिक व्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही पारदर्शिता और सुशासन को मजबूती मिलेगी। सरकार का फोकस विकास और डिजिटल सिस्टम पर है। राज्य सरकार ने 'बिहार एआई मिशन' के गठन को मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य बिहार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में आगे बढ़ाना है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के सहयोग से होगा। एआइ के जरिए प्रशासन, कृषि और वित्तीय प्रबंधन में सुधार होगा। डेटा आधारित फैसलों से व्यवस्था अधिक पारदर्शी बनेगी। सीतामढ़ी में बन रहे मेडिकल कॉलेज का नाम बदल दिया गया है। अब इसे 'मां सीता चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल' कहा जाएगा। यह निर्णय क्षेत्र के धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व को ध्यान में रखकर लिया गया है। सीतामढ़ी को मां सीता की जन्मभूमि माना जाता है। इससे स्थानीय लोगों की आस्था को सम्मान मिलेगा। सरकार ने इसे सांस्कृतिक पहचान से जोड़कर देखा है। प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत 400 इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी। पटना में 150 और अन्य शहरों में 50-



50 बसें संचालित होंगी। इन शहरों में मुजफ्फरपुर, भागलपुर, गया, दरभंगा और पूर्णिया शामिल हैं। इस योजना के लिए 517.16 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। 12 वर्षों तक यह योजना लागू रहेगी। इससे प्रदूषण कम होगा और बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी। नगरपालिका चुनाव 2026 में ई-वोटिंग की सुविधा दी जाएगी। यह सुविधा वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के लिए खास होगी। बाहर रहने वाले मतदाता भी इसका लाभ उठा सकेंगे। इस योजना पर करीब 31.45 लाख रुपये खर्च होंगे। इसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी एक केंद्रीय तकनीकी संस्था को दी गई है। इससे मतदान प्रक्रिया सरल और पारदर्शी बनेगी। सड़क बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 19,305 किलोमीटर सड़कों के सात वर्षीय रखरखाव हेतु लगभग 16,000 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है, जिसमें पहली बार एआइ और मशीन लर्निंग तकनीक का उपयोग किया जाएगा। औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन पैकेज की अवधि भी 30 जून 2026 तक बढ़ा दी गई है। कैबिनेट से शिक्षा के विस्तार के लिए अरवल और शेखपुरा में केंद्रीय विद्यालयों हेतु भूमि आवंटन तथा बीआईटी मेसरा पटना के एमओयू विस्तार को भी मंजूरी मिली है। कैबिनेट की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार सरकारी कर्मचारी और पेंशनधारी अब अपनी सैलरी या पेंशन के आधार पर बैंकों से आसानी से एडवांस और लोन ले सकेंगे। स्वास्थ्य विभाग ने सीतामढ़ी के सरकारी मेडिकल कॉलेज का नाम बदलकर माता सीता चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल करने का फैसला लिया है। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में अरवल और शेखपुरा में केंद्रीय विद्यालय खोलने का रास्ता साफ हुआ है। पटना एयरपोर्ट विस्तार, औद्योगिक निवेश बढ़ाने, गंगा कटाव रोकने और शराबबंदी कानून से जुड़े मामलों की सुनवाई तेज करने के लिए भी कई फैसले लिए गए।

## सम्राट कैबिनेट में मंत्री बनेंगे निशांत कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार सम्राट कैबिनेट में मंत्री बनेंगे। कल वो गांधी मैदान में मंत्री पद की शपथ लेंगे। बताया जा रहा है कि देर रात चली जदयू नेताओं की मीटिंग के बाद निशांत मंत्री बनने के लिए मान गए हैं। इस बीच 7 मई को होने वाली उनकी सद्भावना यात्रा भी कैंसिल हो गई है। वे कल शपथ समरोह में होंगे, इसलिए उनकी यात्रा कैंसिल की गई है। 9 मई से दोबारा उनकी यात्रा शुरू होगी। शेड्यूल जल्द जारी की जाएगी। 7 सर्कुलर रोड स्थित नीतीश कुमार के आवास पर जदयू नेताओं की बैठक हुई। बैठक में मंत्रियों के नाम पर नीतीश ने फाइनल मुहर लगाई। जदयू की तरफ से मंत्रियों की लिस्ट सीएम सम्राट को सौंप दी गई है। निशांत ने शुरुआत में सरकार का हिस्सा बनने से साफ इनकार कर दिया था। बताया जा रहा है कि वे लंबे समय से सक्रिय राजनीति से दूरी बनाए हुए थे और किसी पद को स्वीकार करने के पक्ष में नहीं थे। जानकारी के अनुसार जदयू के वरिष्ठ नेताओं और करीबी लोगों ने उन्हें बीती रात समझाया कि मौजूदा समय में उनका सरकार में शामिल होना पार्टी और राज्य दोनों के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। निशांत कुमार के संभावित मंत्रिमंडल में शामिल होने की खबर ने बिहार की राजनीति को नया मोड़ दे दिया है। इसे जदयू में नई पीढ़ी की एंट्री और पार्टी के भविष्य की रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि उन्हें समाज कल्याण विभाग सौंपा जा सकता है।

### संक्षिप्त समाचार

#### स्नातक पास छात्राओं को जल्द मिलेंगे 50-50 हजार रुपये

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों से उत्तीर्ण तकरीबन डेढ़ लाख से ज्यादा छात्राओं को मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के तहत 50-50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि जल्द मिलेगा। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग ने दिसंबर, 2025 तक स्नातक की परीक्षा पास हुई छात्राओं का डेटा पोर्टल पर अपलोड करने का आदेश 17 विश्वविद्यालयों को दिया है। 15 मई तक डेटा अपलोड करना अनिवार्य है।

#### जदयू विधायक अनंत सिंह के खिलाफ प्राथमिकी

**गोपालगंज(नबिटा ब्यूरो)।** मीरगंज थाना क्षेत्र के सेमराव गांव में आयोजित एक उपनयन संस्कार के दौरान कानून की जमकर धज्जियां उड़ाई गईं है। इस मामले में मोकामा के बाहुबली विधायक अनंत सिंह की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर हथियारों के प्रदर्शन और अश्लील डांस का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने विधायक सहित नौ नामजद और कई अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

#### स्कूल में खिड़की गिरने से छात्र की मौत

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** बछवाड़ा थाना अंतर्गत जहानपुर स्थित सरकारी स्कूल की खिड़की गिरने से आठवीं कक्षा के छात्र मुन्ना कुमार की मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे इलाके में आक्रोश फैल गया और स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घायल छात्र को तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण स्कूल पहुंच गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

#### अनियंत्रित ट्रक ने दंपति को रौंदा

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के गढ़पुरा-हसनपुर मुख्य पथ पर बुधवार को मालीपुर स्थित तारा पेट्रोल पंप के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दंपति को अपनी चपेट में ले लिया। इस दर्दनाक हादसे में पति-पत्नी दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटनास्थल पर मौजूद रहे ग्रामीणों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार दंपति को संभलने का मौका तक नहीं मिला। घटना के तुरंत बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

#### पिकअप की टक्कर से दो की मौत

**जमुई(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में एक बार फिर तेज रफ्तार ने दो जिंदगियां छीन लीं। मंगलवार की देर रात खैरा-सोनो मुख्य मार्ग पर मांगोबंदर के पास सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

## आर्केस्ट्रा गाड़ी पलटी, चार की मौत, सात घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**छपरा।** शादी समारोह में बारातियों का भरपूर मनोरंजन करने के बाद लौटते समय बिहार के छपरा में एक भीषण सड़क हादसा हो गया। उत्तर प्रदेश के आर्केस्ट्रा ग्रुप की गाड़ी अचानक पलट गई जिसमें नर्तकियों सहित कई लोगों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग बुरी तरह घायल हो गए। यह घटना सारण जिले के भगवान बाजार थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि छपरा शहर के भगवान बाजार थाना क्षेत्र में बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा छपरा-रिविलगंज मुख्य मार्ग पर पीएन सिंह डिग्री कॉलेज के समीप उस समय हुआ जब छोटा ब्रह्मपुर इलाके में आई बारात से लौट रही आर्केस्ट्रा ग्रुप की गाड़ी अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय भगवान बाजार थाने की पुलिस, एसडीपीओ और वरीय पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गाड़ी तेज रफ्तार में थी और संतुलन बिगड़ने के बाद हादसे का शिकार हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। मृतकों की पहचान कमलेश ग्वाल के पुत्र अवधेश ग्वाल, सुनील यादव की पत्नी सोनी देवी, जगदीश राम के 20 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार तथा मनोज कुमार की पत्नी प्रीति देवी के रूप में हुई है। वहीं घायलों में दिलीप कुमार, शिवम कुमार, श्याम वीर, संगीता देवी, मनोज कुमार सहित कई अन्य लोग शामिल हैं।

## मंत्रिमंडल विस्तार से पहले होगा पीएम मोदी का भव्य रोड शो

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मंत्रिमंडल विस्तार से पहले गुरुवार को राजधानी पटना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य रोड शो होने जा रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर पूरे शहर को सजा दिया गया है। प्रधानमंत्री के दौरे को सम्राट सरकार के लिए बड़े राजनीतिक संदेश के तौर पर देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ इस रोड शो में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन भी शामिल रहेंगे। इतने बड़े नेताओं की एक साथ मौजूदगी ने इस कार्यक्रम को बिहार की राजनीति का बड़ा शक्ति प्रदर्शन बना दिया है। प्रधानमंत्री का रोड शो पटना एयरपोर्ट से शुरू होगा। वहां से उनका काफिला हार्डिंग रोड, वीरचंद्र पटेल पथ और आयकर चौराहा होते हुए गांधी मैदान पहुंचेगा। पूरे रास्ते में भारी भीड़ जुटने की संभावना है। भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच



कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करीब छह महीने बाद पटना आ रहे हैं। इससे पहले वह 20 नवंबर को बिहार के राजनीतिक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। ऐसे में उनका यह दौरा सिर्फ औपचारिक नहीं बल्कि बिहार की नई सत्ता व्यवस्था के लिए बेहद अहम माना जा रहा है। कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री सुबह करीब 10 बजे पटना पहुंचेंगे। इसके बाद दोपहर 12:05 बजे से 1:30 बजे तक उनका रोड शो चलेगा। करीब 12 बजे गांधी मैदान पहुंचने के बाद आगे के कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी होगी। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर पटना पुलिस, प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं। पूरे रूट पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कई इलाकों में ट्रैफिक रूट बदले जा सकते हैं ताकि कार्यक्रम बिना किसी बाधा के पूरा हो सके। सुरक्षा के लिहाज से बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

### रक्सौल एयरपोर्ट के टेंडर पर सीएम सम्राट चौधरी ने जताया पीएम मोदी का आभार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए बताया कि बिहार के सीमावर्ती क्षेत्र को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी से जोड़ने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। रक्सौल हवाई अड्डे के नवनिर्माण के लिए रनवे, एप्रन, टैक्सीवे सहित एयरसाइड इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास हेतु इंजीनियरिंग कंसल्टेंसी सेवाओं का टेंडर जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना उत्तर बिहार के विकास को नई गति देगी और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी। पूर्वी चंपारण जिले में नेपाल सीमा के पास स्थित रक्सौल में बनने वाला यह एयरपोर्ट लंबे समय से क्षेत्र की प्रमुख मांग रहा है। एयरपोर्ट बनने के बाद पूर्वी और पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, शिवहर और सीतामढ़ी समेत कई जिलों के लोगों को सीधी राहत मिलेगी।

### शपथ ग्रहण समारोह के कारण आज बंद रहेंगे अधिकतर स्कूल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य के मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर गुरुवार को गांधी मैदान में आयोजित होने वाले शपथ ग्रहण समारोह को लेकर शहर के अधिकतर निजी स्कूल बंद रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर जारी किये गये ट्रैफिक प्लान में मुख्य सड़कें बंद होने की वजह से निजी स्कूल संचालकों ने गुरुवार को स्कूल बंद रखने की घोषणा की है। बच्चों को स्कूल आने-जाने में परेशानी न हो इसको देखते हुए शहर के अधिकतर निजी स्कूल बंद रहेंगे। इसमें गांधी मैदान सर्किल के संत जेवियर्स हाइस्कूल, क्राइस्ट चर्च डायोसेशन स्कूल, संत जोसेफ कॉन्वेंट हाइस्कूल, संत कैरेंस हाइस्कूल, संत डोमेनिक हाइस्कूल, संत माइकल हाइस्कूल समेत अन्य निजी स्कूल बंद रहेंगे।

## अवर निबंधक के पांच ठिकानों पर छापेमारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई के तहत आर्थिक अपराध इकाई (इओयू) ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। सुपौल के जिला अवर निबंधक अमरेन्द्र कुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में छापेमारी की है। विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के सत्यापन के बाद ईओयू ने उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आर्थिक अपराध इकाई थाना कांड संख्या-06/26, दिनांक 05 मई 2026 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कांड में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित 2018) की धारा 13(2) सहपठित धारा 13(1)(बी) के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए निगरानी की विशेष अदालत (पटना) से तलाशी अधिपत्र प्राप्त कर कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है। जांच के क्रम में यह तथ्य सामने आया है कि अभियुक्त अमरेन्द्र कुमार द्वारा कुल 1,10,64,000 रुपये (एक करोड़ दस लाख चौसठ हजार) की संपत्ति अर्जित की गई है, जो उनके ज्ञात आय स्रोतों से लगभग 65.08 प्रतिशत अधिक है। प्रथम दृष्टया यह मामला आय से अधिक संपत्ति का प्रतीत होने पर ईओयू ने त्वरित कदम उठाया। बुधवार सुबह से ही ईओयू की टीमों ने एक साथ चार अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी शुरू की। इन स्थानों में पटना के आशियाना-दीघा रोड स्थित राज अपार्टमेंट में उनका फ्लैट, सारण जिले (छपरा) स्थित पैतृक आवास, सुपौल स्थित कार्यालय तथा वहां का किराये का आवास शामिल है। सभी स्थानों पर पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारियों के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों द्वारा तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। छापेमारी के दौरान दस्तावेजों, संपत्ति से संबंधित कागजात, बैंक लेन-देन और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्यों की गहन जांच की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार तलाशी की कार्रवाई पूरी होने के बाद ही बरामदगी और अन्य तथ्यों की विस्तृत जानकारी सार्वजनिक की जाएगी। आर्थिक अपराध इकाई की यह कार्रवाई राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे अभियान का हिस्सा मानी जा रही है। हाल के दिनों में ईओयू द्वारा कई मामलों में आय से अधिक संपत्ति के आरोप में सरकारी अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है जिससे प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। इस मामले में बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

## रिश्वत लेते आंगनबाड़ी महिला पर्यवेक्षिका गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा(नालंदा)।** भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने बुधवार को नालंदा जिले के नगरनौसा प्रखंड में बड़ी कार्रवाई की है। ब्यूरो की टीम ने नगरनौसा प्रखंड मुख्यालय स्थित आवास से आंगनबाड़ी महिला पर्यवेक्षिका (एलएस) सुषमा कुमारी को 3,200 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार नगरनौसा के कंचन भवन वन, केंद्र संख्या 28 (वार्ड संख्या 3) की सेविका बेबी कुमारी ने निगरानी ब्यूरो से लिखित शिकायत की थी। शिकायत में बताया गया था कि पर्यवेक्षिका सुषमा कुमारी पोषाहार पंजी में हस्ताक्षर करने और अन्य सरकारी कार्यों के निष्पादन के एवज में अवैध राशि की मांग कर रही थीं। आरोपित महिला ने कुल 15,747 रुपये की राशि का 20 प्रतिशत हिस्सा मांगा था। इसके अलावा प्रतिमाह 3,200 रुपये अलग से नजराने के तौर पर देने का दबाव बनाया जा रहा था। शिकायत मिलने के बाद ब्यूरो ने मामले का गुप्त सत्यापन कराया जिसमें रिश्वत मांगे जाने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस उपाधीक्षक शशि शेखर चौधरी के नेतृत्व में सात सदस्यीय टीम का गठन किया गया। बुधवार को जैसे ही सेविका ने तय राशि पर्यवेक्षका को थमाई, पहले से घात लगाए बैठी टीम ने उन्हें रंगे हाथ दबोच लिया। टीम में पुलिस निरीक्षक विनोद कुमार समेत कई अन्य अधिकारी शामिल थे।


## आम जनता की सुरक्षा सर्वोपरि : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज राज्य में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने को लेकर अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने साफ निर्देश दिए कि अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय रहे तथा किसी भी तरह की लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कानून-व्यवस्था की स्थिति पर लगातार निगरानी रखने और आम जनता की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि राज्य में अपराध से जुड़े महत्वपूर्ण मामलों को चिन्हित कर उनकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराध नियंत्रण में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने लापता बच्चों और



महिलाओं के मामलों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों को प्राथमिकता देते हुए सभी लापता बच्चों और महिलाओं की सुरक्षित बरामदगी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि राज्य में आम जनता को भयमुक्त वातावरण देना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नशीले पदार्थों के कारोबार के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाए। उन्होंने विशेष रूप से स्कूल, कॉलेज और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के आसपास निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए, जहां युवाओं की अधिक भीड़ रहती है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य में अफीम की खेती को हर हाल में रोकने के निर्देश दिए। साथ ही लोगों को जागरूक करने और लगातार मॉनिटरिंग करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के एसपी, डीएसपी और थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे तय समय पर कार्यालय में उपस्थित रहें और आम जनता से संवाद बनाए रखें। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित समाधान किया जाए। इसके साथ ही शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों का नियमित दौरा करने और औचक निरीक्षण करने पर भी जोर दिया ताकि पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास मजबूत हो सके। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भूमि विवाद से जुड़े मामलों में बेहद सतर्कता बरती जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर भू-माफियाओं को संरक्षण नहीं मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहरों से सटे क्षेत्रों में भूमि संबंधी अपराध बढ़ रहे हैं, इसलिए ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि हिरासत के दौरान किसी भी प्रकार की यातना या मौत की घटनाओं को सरकार गंभीरता से लेगी। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार, अपर मुख्य सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, डीजीपी मति तदाशा मिश्रा सहित सभी जोनल आईजी, रेंज डीआईजी, सभी जिलों के वरीय पुलिस अधीक्षक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस बैठक के जरिए मुख्यमंत्री ने साफ कर दिया कि राज्य में कानून-व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और आम जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है।




C M Y K

# बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार कार्यक्रम के लिए गांधी मैदान सज-संवर कर तैयार : संजय सरावगी

## शपथ ग्रहण समारोह के लिए एनडीए के दिग्गज नेताओं का पटना आगमन शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार में कल यानी गुरुवार को मंत्रिमंडल का विस्तार होने जा रहा है। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल होंगे। इसके अलावा कई केंद्रीय मंत्री और एनडीए के प्रमुख नेता भी मौजूद रहेंगे।

बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज इस शपथ ग्रहण समारोह को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार के साक्षी बनेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा समेत अनेक नेता कार्यक्रम में आएंगे। इस दौरान, एनडीए के नेता भी शामिल होंगे, जिनमें नीतीश कुमार और जीतन राम मांझी भी शामिल हैं। बिहार एनडीए के सभी सांसद और राज्य से आने वाले केंद्रीय मंत्री भी हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के बिहार दौरे को लेकर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के अलावा आम लोगों में जबरदस्त उत्साह है। यह माहौल पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता और नेतृत्व पर जनता के भरोसे को दर्शाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के स्वागत में सड़कों पर भी लोग उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर एक बड़े स्तर पर तैयारी की जा रही है। शपथ ग्रहण का भव्य समारोह होगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि इस शपथ ग्रहण समारोह को लेकर ऐतिहासिक गांधी मैदान को सजाया संवारा जा रहा है। गांधी मैदान में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एक विशाल मंच का निर्माण किया जा रहा है और कार्यक्रम के सुचारू संचालन और जनता को असुविधा से बचाने के लिए प्रमुख स्थानों पर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की जाएगी। पटना में शपथ ग्रहण समारोह के लिए कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों द्वारा जगह-जगह पोस्टर भी लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने वाले एनडीए के दिग्गज नेताओं का पटना में आगमन शुरू हो गया है। समारोह में भाग लेने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव, राज्यसभा सांसद और बिहार के प्रभारी विनोद तावड़े आज पटना पहुंचे। पटना के जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनका भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के आगमन को लेकर हवाई अड्डे से लेकर गांधी मैदान तक पूरे शहर को झंडों और बैनरों से सजाया गया है। उनके स्वागत में विभिन्न स्थानों पर तोरण द्वार बनाए गए हैं। कार्यक्रम की योजना को अंतिम रूप देने के लिए पार्टी प्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के साथ समन्वय किया जा रहा है।

### भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ विधानसभा अध्यक्ष ने की बैठक

# अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में निर्माणाधीन बिहार विधान सभा संग्रहालय के संबंध में भवन निर्माण विभाग एवं सभा सचिवालय के वरीय अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में बिहार विधान सभा संग्रहालय के निर्माण के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी। इस संग्रहालय में 5 गैलरी एवं ऑडिटोरियम होंगे। गैलरी में बिहार विधान सभा के इतिहास को प्रदर्शित किया जायेगा। भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता शशि कांत ने अध्यक्ष को बिहार विधान सभा संग्रहालय के निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में अद्यतन जानकारी दी। तत्पश्चात अध्यक्ष ने निर्माण स्थल का भ्रमण कर चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्माणाधीन संग्रहालय का 3 क प्रेजेंटेशन बनाकर अगली बैठक में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक महीने निर्माण कार्य की समीक्षा की जायेगी। साथ ही उन्होंने निर्माण स्थल पर संग्रहालय के निर्माणाधीन होने से संबंधित एक प्रदर्श बोर्ड लगाने का निर्देश भी संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर जोर


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-2) की छमाही समीक्षा बैठक का आयोजन जल भवन, पटना स्थित कार्यालय सभागार में किया गया। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय भूजल बोर्ड, मध्य पूर्वी क्षेत्र, पटना के क्षेत्रीय निदेशक एवं समिति अध्यक्ष राजीव रंजन शुक्ला ने की। इस अवसर पर राजभाषा कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। बैठक में पटना शहर स्थित केंद्र सरकार के 31 कार्यालयों के अधिकारियों ने भाग लिया और राजभाषा हिंदी के प्रयोग एवं प्रगति की समीक्षा की गई। क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय से उपनिदेशक, पूर्व क्षेत्र, कोलकाता विवित्र सेन गुप्त भी इसमें शामिल हुए। कार्यक्रम में सदस्य सचिव सत्येन्द्र कुमार, वैज्ञानिक 'ग' ने राजभाषा हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण किया। रिपोर्ट को संतोषजनक बताया गया। हालांकि कुछ कार्यालयों में सुधार की आवश्यकता भी रेखांकित की गई। उपनिदेशक विवित्र सेन गुप्त ने राजभाषा हिंदी के प्रगति से जुड़े विभिन्न आयामों पर विस्तार से जानकारी दी और उपस्थित अधिकारियों के प्रश्नों का उत्तर दिया। अध्यक्ष राजीव रंजन शुक्ला ने अपने संबोधन में सभी कार्यालयों को हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर बल देते हुए वर्ष 2026-27 के वार्षिक कार्यक्रम के लक्ष्यों को शत-प्रतिशत प्राप्त करने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि जो कार्यालय कार्यशालाओं का आयोजन करते हैं, वे अन्य कार्यालयों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर राजीव रंजन शुक्ला ने विवित्र सेन गुप्त को कार्यालय की छमाही पत्रिका 'भूजल दर्पण' भेंट की। साथ ही उनकी काव्य रचना 'प्रकृति की गूंज' का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं स्वागत संबोधन सीपर्णा नायक, वैज्ञानिक 'ख' सह सदस्य सचिव ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन दिव्या कुजूर, सहायक भूजल वैज्ञानिक सह सदस्य सचिव द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस आयोजन की जानकारी अधिकारी सर्वेक्षक एवं प्रभारी राजभाषा निर्मल कुमार द्वारा दी गई।

# रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर विधानसभा अध्यक्ष ने किया याद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** प्रख्यात बांग्ला कवि, विद्वान, उपन्यासकार, नाटककार, मानवतावादी और दार्शनिक रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने उन्हें कोटिशः नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर विश्व साहित्य के उन महान रचनाकारों में से एक हैं जिनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनकी प्रसिद्ध कृति गीतांजलि के लिए उन्हें वर्ष 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ था जिससे वे यह सम्मान पाने वाले पहले गैर-यूरोपीय बने। उन्होंने कहा कि टैगोर केवल साहित्यकार ही नहीं, बल्कि एक महान विचारक और राष्ट्रप्रेमी भी थे। भारत के राष्ट्रगान जन गण मन तथा बांग्लादेश के राष्ट्रगान आमार शोनार बांग्ला की रचना कर उन्होंने दोनों देशों की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया। डॉ. प्रेम कुमार ने आगे कहा कि टैगोर की कविताएं, लघु कथाएं, गीत (रवींद्र संगीत), नाटक और उपन्यास आज भी समाज के विभिन्न क्षेत्रों में प्रेरणा का स्रोत हैं। ब्रिटिश शासन के प्रखर आलोचक रहे गुरुदेव ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के विरोध में नाइटहुड की उपाधि त्यागकर अपनी असाधारण राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर का व्यक्तित्व और कृतित्व आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

# न्याय सिर्फ हो ही नहीं, दिखना भी चाहिए : मुख्य सचिव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा सरकारी सेवक से जुड़े प्रकरण में न्याय जांच और प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी के सर्वोत्तम प्रयास और क्षमता की कसौटी पर होनी चाहिए। साथ ही मामले में न्याय का दिखना भी जरूरी है। मुख्य सचिव बुधवार को मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय के सभागार में विभागीय गतिविधि संबंधी वेबसाइट के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने हाल के दिनों में निदेशालय की ओर से राज्य भर के प्रशासनिक पदाधिकारियों को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के अनुप्रयोग संबंधी प्रशिक्षण दिए जाने पर बधाई दी। कहा कि महानिदेशक सह मुख्य जांच आयुक्त दीपक कुमार सिंह और उनकी टीम के परिश्रम का ही परिणाम है कि हाल के फरवरी-मार्च में शुरू प्रशिक्षण में अभी तक साढ़े तीन हजार से अधिक प्रशासनिक पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इससे सरकारी सेवकों के खिलाफ दर्ज होने वाले मामलों में नैसर्गिक न्याय का रास्ता साफ होगा। मुख्य सचिव ने अभिलेखों के रख-रखाव की व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त करने के लिए सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी राजेन्दर और विभागीय टीम को शुभकामना दी। कहा कि विभाग का यह प्रयास भविष्य में प्रशासनिक पदाधिकारी और कर्मचारियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर महानिदेशक सह मुख्य जांच आयुक्त दीपक कुमार सिंह ने मुख्य सचिव को बताया कि नैसर्गिक न्याय की दिशा में निदेशालय ने अभी तक 3507 प्रशासनिक पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया है। इसमें मुख्य रूप से विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव स्तर पर 42 और पटना में तैनात विशेष सचिव स्तर तक के 95 आईएएस अधिकारियों को अनुशासनिक कार्रवाई के संबंध में प्रशिक्षित किया जा चुका है। कहा कि जिन पदाधिकारियों को ट्रेनिंग दी गई है, उनकी परीक्षा भी ली जा रही है। श्री सिंह ने बताया कि जिलों में पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किए जाने और उनकी परीक्षा लिए जाने की दिशा में प्रशिक्षकों का समूह तैयार किया जा रहा है। इसमें सहयोग के लिए निदेशालय ने वेबसाइट बनाया है। इस वेबसाइट पर अनुशासनिक कार्रवाई से संबंधित सभी पुस्तकों को अपलोड किया जा चुका है। उन्होंने मुख्य सचिव पर निदेशालय से प्रकाशित पुस्तकों का सेट भी भेंट किया। इससे पहले सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेन्दर ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, गृह विभाग के जांच आयुक्त-सह-अपर प्रमुख सचिव अरविंद कुमार चौधरी, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल, गृह विभाग के सचिव प्रणव कुमार, वित्त विभाग के सचिव रचना पाटिल के साथ सामान्य प्रशासन विभाग एवं मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का भव्य अभिनंदन समारोह 15 जून को पटना में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** सम्राट अशोक फाउंडेशन के अध्यक्ष निरंजन कुशवाहा पप्पू ने बताया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का भव्य अभिनंदन समारोह 15 जून को पटना के बापू सभागार में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के समता फुले परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष छगन भुजवल साहब भी सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर श्री कुशवाहा ने कहा कि यह कार्यक्रम बिहार के विकास और समृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने सभी से इस कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बिहार के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्ति, सामाजिक कार्यकर्ता और आम जनता शामिल होंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कार्यों और उनकी नेतृत्व क्षमता का सम्मान करना है। यह सब जानकारी मीडिया प्रभारी संजय भूषण पटियाला ने दी।

# निगरानी जज मोहम्मद रुस्तम बने सीबीआई के विशेष न्यायाधीश

## तीन साल में निगरानी के लगभग 320 मामलों का किया निपटारा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना स्थित निगरानी की विशेष अदालत के न्यायाधीश मोहम्मद रुस्तम ने आज अपना पदभार सौंपते हुए पटना में ही सीबीआई की अदालत संख्या दो के विशेष जज के रूप में अपना पदभार ग्रहण कर लिया। भोजनावकाश तक आज निगरानी की विशेष अदालत में काम करने के बाद विशेष न्यायाधीश मोहम्मद रुस्तम ने अदालत की दूसरी पाली में निगरानी की अदालत का पदभार नए विशेष न्यायाधीश अतुल कुमार सिंह को सौंप दिया। हाल ही में सरकार ने पटना उच्च न्यायालय के मंतव्य के बाद मोहम्मद रुस्तम को पटना स्थित सीबीआई की अदालत संख्या दो का विशेष न्यायाधीश बनाया गया है जबकि पटना के ही अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अतुल कुमार सिंह को निगरानी का विशेष न्यायाधीश बनाए जाने की अधिसूचना जारी की गई थी। निगरानी जज के रूप में मोहम्मद रुस्तम ने 24 जुलाई 2023 को पदभार ग्रहण किया था एवं गत तीन वर्षों में निगरानी के पुराने तथा ट्रैप के मामलों की लगातार सुनवाई कर 05 मई 2026 तक लगभग 320 मामलों का रिकॉर्ड निष्पादन किया। निगरानी ट्रैप के प्रभारी विशेष लोक अभियोजक किशोर कुमार सिंह ने बताया कि निष्पादित लगभग 60 मामलों में रिश्वतखोर सरकारी कर्मचारियों को सजा सुनाई गयी। उन्होंने आगे बताया कि राज्य में ट्रैप के मुकदमों में अब तक का सबसे चर्चित एवं बड़ा मामला स्पेशल 23 /2019 था जिसमें निगरानी टीम ने पथ निर्माण विभाग पटना के कार्यपालक अभियंता सुरेश प्रसाद और कैशियर शशि भूषण प्रसाद को 14 लाख रुपए की रिश्वत के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। इस मामले की सुनवाई करते हुए विशेष जज मो. रुस्तम ने कार्यपालक अभियंता को चार वर्षों की कठोर कैद के साथ पांच लाख रूपए के अर्थ दंड तथा कैशियर को 4 वर्षों के सश्रम कारावास की सजा के अलावा दो लाख रुपए का जुर्माना भी किया था। आज बुधवार को मोहम्मद रुस्तम को निगरानी के विशेष लोक अभियोजकों एवं निगरानी की विशेष न्यायालय के कर्मियों ने भावभीनी विदाई दी।

# दानापुर मंडल में वित्तीय वर्ष में टिकट जांच अभियान में पांच करोड़ नौ लाख की वसूली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** वर्ष 2026-27 में अप्रैल माह से 05 मई 2026 तक के दौरान कुल 90,93,980 अनाधिकृत/अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे कुल पांच करोड़ नौ लाख तिरेसठ हजार नौ सौ छियासठ रुपये की वसूली की गई। दानापुर मंडल द्वारा टिकट जांच अभियान में 06 मई 2026 तक उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई है। पिछले वर्ष के मई माह की तुलना में इस वर्ष टिकट जांच के मामलों में 28.5% तथा वसूली गई राशि में 26.4% की वृद्धि दर्ज की गई है। यात्रियों में टिकट नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा बिना टिकट/अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से मंडल द्वारा नियमित रूप से फोर्ट्रेस चेक, मजिस्ट्रेट चेक तथा लाल गाड़ी टिकट जांच अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इन अभियानों के माध्यम से नियमों का उल्लंघन करने वाले यात्रियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। दानापुर मंडल यात्रियों से अपील करता है कि वे यात्रा के दौरान वैध टिकट के साथ यात्रा करें तथा रेलवे नियमों का पालन करें, ताकि सुरक्षित एवं सुगम यात्रा सुनिश्चित की जा सके।

# समस्तीपुर-बेगूसराय के पांच निजी आइटीआइ में अनियमितताएं उजागर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग द्वारा राज्य में संचालित निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (निजी आईटीआई) की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। इसी क्रम में 5 और 6 मई को अलग-अलग गठित दो सदस्यीय टीम ने समस्तीपुर एवं बेगूसराय जिलों के 5 निजी आईटीआई संस्थानों का औचक निरीक्षण कर संस्थान में कई गंभीर अनियमितताएं और नियमों के उल्लंघन के मामले पकड़े हैं। निरीक्षण के दौरान समस्तीपुर जिले के आदित्य राज निजी आईटीआई, आरएन निजी आईटीआई एवं सुशीला ठाकुर निजी आईटीआई की जांच की गई। औचक निरीक्षण दौरान आरएन निजी आईटीआई को पूरी तरह से बंद पाया गया। वहीं आदित्य राज और सुशीला ठाकुर आईटीआई संस्थान में एक भी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित नहीं थे और प्रशिक्षकों की उपस्थिति भी तय मानक से काफी कम पाई गई। यह प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर बड़े सवाल खड़े करती है। साथ ही इन दोनों संस्थानों में मानक के अनुरूप मशीन और उपकरण भी नहीं पाए गए। उधर बेगूसराय जिले में सुन्दरी प्यारी निजी आईटीआई एवं दीक्षांत निजी आईटीआई का भी औचक निरीक्षण किया गया। यहां भी स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। सुन्दरी प्यारी आईटीआई और दीक्षांत आईटीआई में भी प्रशिक्षणार्थी एवं प्रशिक्षकों की संख्या अत्यंत कम पाई गई। इसके अलावा इन दोनों संस्थानों में मशीन एवं उपकरण भी मानक के अनुरूप नहीं पाए गये। जांच के क्रम में यह भी सामने आया कि नियमों की अनदेखी करते हुए दीक्षांत आईटीआई में एक निजी विद्यालय का भी संचालन किया जा रहा है।

# गाड़ी सं. 13419/20 भागलपुर-मुजफ्फरपुर-भागलपुर जनसेवा एक्सप्रेस का परिचालन एलएचबी रेक द्वारा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** भागलपुर और मुजफ्फरपुर के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 13419/13420 भागलपुर-मुजफ्फरपुर-भागलपुर जनसेवा एक्सप्रेस के आईसीएफ रेक को एलएचबी रेक में परिवर्तित किया जा रहा है। 16.05.2026 से भागलपुर एवं मुजफ्फरपुर से इस ट्रेन का परिचालन एलएचबी रेक द्वारा किया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि एलएचबी कोच यात्रियों को अपेक्षाकृत अधिक आरामदायक यात्रा का अनुभव प्रदान कराता है। स्टेनलेस स्टील से निर्मित बेहतर आंतरिक सज्जा युक्त उच्च गति क्षमता वाले अत्याधुनिक एलएचबी कोच पारंपरिक कोच की तुलना में वजन में हल्का और मजबूत होता है। कोचों में आधुनिक सीबीसी कपलिंग लगे होने से संरक्षा में वृद्धि होती है। एंटी क्लाइम्बिंग विशेषताएं दुर्घटनाओं के दौरान उन्हें एक-दूसरे पर चढ़ने से रोकती है। कोच बेहतर ब्रेकिंग सिस्टम व सस्पेंशन के साथ-साथ बेहतर आंतरिक सज्जा व शौचालय युक्त होते हैं। फलस्वरूप एलएचबी कोच युक्त ट्रेनों से यात्रा अपेक्षाकृत अधिक संरक्षित, सुरक्षित व आरामदायक होती है।

# ग्रामीण कार्य विभाग में तेजी के लिए योजनावार निविदा प्रणाली लागू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार के स्तर से ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना के तीव्र विकास के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में विगत 29 अप्रैल को संपन्न मंत्रिमंडल की बैठक में ग्रामीण कार्य विभाग की प्रमुख योजनाओं मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (अवशेष) एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के प्रावधानों में आवश्यक संशोधनों को स्वीकृति प्रदान की गई है। यह निर्णय राज्य के सुदूर एवं अब तक संपर्क-विहीन रहे ग्रामीण अंचलों को समयबद्ध तरीके से पक्की सड़कों एवं पुलों से संपर्कता प्रदान करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। नए प्रावधान के अनुसार मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (अवशेष) के अंतर्गत अब सभी निर्माण कार्यों के लिए निविदा प्रक्रिया योजनावार आमंत्रित की जाएगी। विभाग का लक्ष्य मोबाइल ऐप आधारित सर्वेक्षण के माध्यम से चिन्हित 100 या उससे अधिक आबादी वाले सभी असंपर्कित टोलों एवं बसावटों को अतिशीघ्र बारहमासी पक्की सड़कों से जोड़ना है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं बाजार तक पहुंच में अभूतपूर्व सुधार होगा और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के प्रावधानों में भी संशोधन किया गया है। गौरतलब है कि पूर्व में कार्यों को प्रमंडल या अनुमंडल स्तर पर पैकेज बनाकर निविदाएं आमंत्रित की जाती थी जिसके कारण निर्माण कार्यों में विलंब होता था।

# इस्ट सेंट्रल रेलवे हायर सेकेंड्री स्कूल, दानापुर में जागरूकता कार्यक्रम 'पुलकित पंख' का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा सुनीता सिंह के नेतृत्व में ईस्ट सेंट्रल रेलवे हायर सेकेंडरी स्कूल, दानापुर में मेन्सुट्रुअल हाइजीन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम 'पुलकित पंख का आयोजन किया गया जिसका थीम वाक्य था - आत्मविश्वास को बढ़ावा दें। कार्यक्रम में संबंधित विषय को मनोरंजक ढंग से छात्राओं को समझाने के लिए डॉक्यूमेंट्री फिल्म, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। मासिक धर्म विषय पर डॉ. श्रेया झा ने सभी छात्राओं के स्वास्थ्य संबंधी, शारीरिक तथा मानसिक कठिनाइयों को दूर करने के लिए उचित परामर्श दिया तथा इससे संबंधित सभी भ्रांतियों का निवारण किया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा सुनीता सिंह ने सभी छात्राओं से इस विषय पर बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी साझा कर उनके मन से संकोच और भय को दूर किया तथा नए आत्मविश्वास का संचार किया। साथ ही इस रेलवे स्कूल में सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन का उद्घाटन पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा सुनीता सिंह के शुभ हाथों से किया गया। इस अवसर पर महिला कल्याण संगठन, दानापुर की अध्यक्षा निशी देव भी उपस्थित थीं। कार्यक्रम के समापन पर 150 से अधिक छात्राओं को सेनेटरी नैपकिन तथा फूड पैकेट वितरित किया गया। इस अवसर पर संगठन की सचिव मनीषा सिन्हा, कोषाध्यक्षा पूनम श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव प्रियंका सिंह तथा कार्यकारिणी की सभी सदस्याएं तथा महिला कल्याण संगठन, दानापुर की कार्यकारिणी की सभी सदस्याएं उपस्थित थीं।

# प.बंगाल में मशीनरी मैनेजमेंट से जनादेश की चोरी की गई : एजाज अहमद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी को अब अपना नाम बदलकर 'भारत झालमुड़ी पार्टी' रख देना चाहिए। चुनाव परिणाम के बाद जिस तरह से झालमुड़ी का प्रचार प्रसार भाजपा के द्वारा किया जा रहा है इससे स्पष्ट होता है कि वह मुद्दों से ध्यान भटका कर जीत के परिणाम को अलग से दिखाना चाहती है जबकि पश्चिम बंगाल के चुनाव में मशीनरी मैनेजमेंट के माध्यम से जनादेश की 'चोरी' की गई है।

# जिलाधिकारी ने किया करपी प्रखंड अंतर्गत परियारी पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अरवल।** जिलाधिकारी अमृषा बैंस द्वारा करपी प्रखंड अंतर्गत परियारी पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य आगामी 19 मई को आयोजित होने वाले 'सहयोग शिविर' हेतु चयनित स्थल का जायजा लेना था। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा पंचायत सरकार भवन की भौतिक व्यवस्था, उपलब्ध संसाधनों एवं मूलभूत सुविधाओं का गहन अवलोकन किया गया तथा शिविर के सफल एवं व्यवस्थित आयोजन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने 'सहयोग शिविर' के लिए प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी प्राप्त आवेदनों का निष्पादन शिविर के आयोजन से पूर्व, अर्थात 19 मई तक अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए, ताकि शिविर के दौरान अधिकतम मामलों का समाधान प्रस्तुत किया जा सके।

# बिक्रमगंज में 19 मई से पंचायतवार लगेंगे 'सहयोग शिविर'

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** जन शिकायतों के प्रभावी और त्वरित समाधान के लिए बिहार सरकार द्वारा शुरू किए जा रहे 'सहयोग शिविर' को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज प्रभात कुमार ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी पत्र के आलोक में प्रत्येक माह के पहले और तीसरे मंगलवार को पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। बिक्रमगंज अनुमंडल में इस व्यवस्था की शुरुआत 19 मई 2026, मई के तीसरे मंगलवार से होगी। एसडीओ प्रभात कुमार ने कहा कि राज्य सरकार सात निश्चय-3 के अंतर्गत 'सबका सम्मान, जीवन आसान' लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए नागरिकों की समस्याओं के सुलभ समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। वर्तमान में बिहार लोक सेवा का अधिकार अधिनियम 2011 और बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम 2015 के तहत शिकायतों का निपटारा किया जा रहा है। साथ ही मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के 9 जनवरी 2026 के पत्र के अनुसार सोमवार और शुक्रवार को ग्राम पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक सभी सरकारी कार्यालयों में पदाधिकारी शिकायतें सुनते हैं। अब सहयोग शिविर के माध्यम से इस व्यवस्था को पंचायत तक और अधिक सुलभ बनाया जा रहा है। बिक्रमगंज अनुमंडल की सभी पंचायतों में क्रमवार शिविर का कार्यक्रम जिला पदाधिकारी द्वारा निर्धारित कर समाचार-पत्रों और स्थानीय मीडिया के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाया जाएगा। शिविर का आयोजन पंचायत सरकार भवन या उसके निकट किसी सार्वजनिक स्थल पर होगा जहां आम जनों के सम्मानपूर्वक बैठने एवं अन्य अनुषंगी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। एसडीओ ने स्पष्ट किया कि शिविर की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी या जिला स्तरीय बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी करेंगे और जिला पदाधिकारी द्वारा नामित पुलिस पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। बिक्रमगंज में वे स्वयं भी कई शिविरों की अध्यक्षता करेंगे। शिविर से 30 दिन पूर्व से आवेदन प्राप्त करने की व्यवस्था रहेगी और सभी आवेदनों को 'शिविर संवाद समाधान पोर्टल' पर पंजीकृत किया जाएगा। शिविर में पारदर्शिता के लिए अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप-समाहर्ता एवं अंचल अधिकारी स्तर के पदाधिकारी अपने न्यायालय में लंबित एवं निष्पादित वादों की सूची का प्रदर्शन करेंगे, ताकि लोगों को लंबित व निष्पादित मामलों की जानकारी सहज मिल सके। एसडीओ ने निर्देश दिया कि शिविर आयोजन से पूर्व संबंधित पंचायत के सभी राजस्व मामले नियमानुसार निष्पादित कर दिए जाएं। प्राप्त आवेदनों का निराकरण संबंधित अधिनियमों में निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत सुनिश्चित किया जाएगा और आवेदक को लिखित सूचना दी जाएगी। जन शिकायतों के सतत अनुश्रवण हेतु मुख्यमंत्री सचिवालय स्तर पर विकसित किया जा रहा है जो पोर्टल से संबद्ध होगा और शिकायतों का वर्गीकरण तथा निवारण में विलंब के कारणों का विश्लेषण करेगा। शिविर में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी भी स्थानीय स्तर पर दी जाएगी। प्रभात कुमार ने बताया कि यदि जिला पदाधिकारी से भिन्न कोई पदाधिकारी अध्यक्षता करता है तो उसे शिविर समाप्ति के बाद जिला पदाधिकारी को संक्षिप्त प्रतिवेदन भेजना होगा जिसमें संतोषजनक काम नहीं करने वाले पदाधिकारियों-कर्मियों की जानकारी होगी जिसके आधार पर समुचित कार्रवाई की जाएगी। जिला पदाधिकारी अधिक से अधिक शिविरों का निरीक्षण करेंगे और प्रमंडलीय आयुक्त भी अपने अधीन जिलों में आयोजित शिविरों का निरीक्षण एवं प्राप्त शिकायतों के निष्पादन की सतत समीक्षा करेंगे। एसडीओ ने आम लोगों से अपील की कि वे अपनी शिकायतें, समस्याएं और सुझाव लेकर शिविर में पहुंचे। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य नागरिकों को सीधे अपनी बात रखने का अवसर देकर संवेदनशीलता के साथ त्वरित निदान करना है। राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री द्वारा भी सहयोग शिविर का आयोजन प्रस्तावित है। बिक्रमगंज अनुमंडल प्रशासन 19 मई से इस व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है और सभी विभागों को जरूरी निर्देश दे दिए गए हैं।

# तिलौथू में सहयोग शिविर को लेकर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम/तिलौथू।** प्रखंड क्षेत्र के चंदनपुरा पंचायत सरकार भवन में बुधवार को जिला भू-अर्जन पदाधिकारी की अध्यक्षता में सहयोग शिविर के सफल एवं प्रभावी संचालन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड के सभी संबंधित पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, पंचायत स्तरीय कर्मी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित निष्पादन के लिए पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले सहयोग शिविर की रूपरेखा तैयार करना एवं उसके सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना था। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर से राहत दिलाने तथा उनकी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायतवार सहयोग शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर के माध्यम से आम नागरिक विभिन्न सरकारी योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा, भूमि विवाद, राशन कार्ड, पेंशन, आवास, दाखिल-खारिज, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, जल-नल योजना, मनरेगा, बिजली, स्वास्थ्य एवं अन्य जन समस्याओं से संबंधित आवेदन दे सकेंगे। बैठक में शिविर के दौरान सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने कहा कि शिविर का उद्देश्य केवल आवेदन प्राप्त करना नहीं बल्कि समयबद्ध तरीके से शिकायतों एवं समस्याओं का निष्पादन सुनिश्चित करना भी है। उन्होंने सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि शिविर की जानकारी पंचायत के प्रत्येक वार्ड एवं गांव तक पहुंचाई जाए ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सके। साथ ही पंचायत स्तरीय कर्मियों को आवेदन प्राप्त करने, उनका संधारण करने तथा संबंधित विभाग तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में आगामी शिविरों की तिथियों की भी घोषणा की गई। इसके अनुसार चंदनपुरा पंचायत में 19 मई 2026 को, चितौली पंचायत में 02 जून 2026 को तथा रामडीहरा पंचायत में 16 जून 2026 को सहयोग शिविर आयोजित किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि कोई भी आवेदक पंचायत सरकार भवन में अपनी समस्या से संबंधित आवेदन पंचायत कार्यपालक सहायक, विकास मित्र अथवा ग्राम कचहरी सचिव को जमा कर सकता है। शिविर में प्राप्त आवेदनों का विभागवार निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा तथा गंभीर मामलों की निगरानी उच्च स्तर से की जाएगी।

# राजस्थान ले जाकर नाबालिग से जबरन शादी कराने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा, तीन गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर राजस्थान ले जाकर बेचने और जबरन शादी कराने के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। एएसपी सह एसडीपीओ अतुलेश झा ने डालमियानगर थाना में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि इस गंभीर मामले में पोक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर राजस्थान के गांव ले जाया गया जहां उसे बेच दिया गया और जबरन शादी करा दी गई। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब पीड़िता की मां ने 3 मई को अपनी पुत्री के अपहरण और शोषण के संबंध में लिखित आवेदन पुलिस को दिया। जांच के दौरान यह सामने आया कि गिरोह ने करीब एक वर्ष पूर्व डिहरी रेलवे स्टेशन से नाबालिग को बहला-फुसलाकर राजस्थान के बीकानेर ले जाकर एक व्यक्ति से जबरन शादी करा दी थी। एएसपी ने बताया कि यह एक संगठित अंतरराज्यीय गिरोह है जो नाबालिग लड़कियों को निशाना बनाकर उन्हें अन्य राज्यों में बेचने और जबरन शादी कराने का कार्य करता है। इस संबंध में डालमियानगर थाना कांड संख्या 90/26 दर्ज कर चैता देवी, सूरजमुखी कुंवर और बबीता देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। एएसपी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार गठित टीम इस मामले में सक्रिय रूप से काम कर रही है। टीम में थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय, अपर थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार मिश्रा एवं अनुसंधानकर्ता स्वाति कुमारी के नेतृत्व में आगे की कार्रवाई जारी है।

# आंगनबाड़ी केंद्र में 40 बच्चों के बीच बांटी गई पोशाक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** नगर परिषद के धनगाईं वार्ड नं. 7 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 105 में बुधवार को बच्चों के बीच पोशाक वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वार्ड पार्षद सैफ हुसैन ने किया। सेविका मदीना खातुन ने बताया कि केंद्र के सभी 40 बच्चों को पोशाक दी गई। मौके पर सहायिका जोहरा बानो, मुमताज, निजाम, राजू समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे। सेविका ने कहा कि सरकार के इस निर्णय से आंगनबाड़ी केंद्रों में समरूपता आएगी। सभी बच्चे एक जैसी पोशाक में दिखेंगे जिससे समानता की भावना बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि ये पोशाक जीविका दीदियों के हुनर और रोजगार का प्रतीक है। बिक्रमगंज प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों में पोशाक वितरण से सैकड़ों जीविका दीदियों को सिलाई का काम मिला है।

# भाजपा की जीत पर अमित पटेल के नेतृत्व में निकला विजय जुलूस, कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के उपलक्ष्य में डिहरी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य विजय जुलूस निकालकर खुशी का इजहार किया। यह जुलूस भाजपा युवा नेता अमित कुमार पटेल के नेतृत्व में स्टेशन रोड स्थित दुर्गा हनुमान मंदिर (नटराज कला परिषद परिसर) से गाजे-बाजे के साथ निकाला गया। जुलूस के दौरान कार्यकर्ताओं ने नगर भ्रमण कर एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाईं और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर अमित कुमार पटेल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व को इस जीत के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह जीत जनता के विश्वास और समर्थन की जीत है।

मौके पर सोनू कसेरा, शशि भूषण सहाय, बसंत प्रसाद, पिंटू, पप्पू कुमार, रवि शंकर राय, बीर बसंत राम, गंगा कुमारी, शकुंतला सिंह, मिन्टू देवी, राकेश कुमार, चंदन गुप्ता, अमर सिन्हा सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसडीओ ने जनगणना कार्य का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** कैमूर जिले में दो मई से चल रहे घर-घर जनगणना (गृह सूचीकरण) कार्य का एसडीओ अमीत कुमार ने भभुआ शहर में निकलकर स्थल निरीक्षण एवं विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने क्षेत्र में शहर के विभिन्न वार्डों में जाकर आमजन से संवाद स्थापित कर प्रगणक द्वारा प्राप्त किए जा रहे आंकड़ों की सत्यता की भी जांच की। इस दौरान उन्होंने प्रपत्रों का अवलोकन करते हुए कार्य में लगे कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया तथा यह सुनिश्चित करने को कहा कि सभी सूचनाएं सही, पूर्ण एवं अद्यतन रूप में दर्ज की जाएं। उन्होंने कर्मियों को कार्य के दौरान आमजन के साथ शिष्ट व्यवहार बनाए रखने तथा किसी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही नहीं करने की बात कही।

एसडीओ ने आम नागरिकों से अपील किया कि वे जनगणना कार्य में लगे कर्मियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करें एवं सही जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि यह महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

# भाजपा नगर मंडल की बैठक में पटना चलने का आह्वान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज(रोहतास)।** भारतीय जनता पार्टी बिक्रमगंज नगर मंडल इकाई की कार्य समिति की बैठक बुधवार को आरा रोड स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में जिले की ओर से मुख्य अतिथि के रूप में मदन प्रसाद वैश्य एवं जिला प्रवक्ता नवीन चंद्र शाह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर और पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इसके पश्चात वंदे मातरम गीत के साथ बैठक की औपचारिक शुरुआत हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर मंडल संयोजक पंकज कुमार ने की जबकि संचालन महामंत्री सुदर्शन प्रसाद वैश्य द्वारा किया गया। अध्यक्षीय



भाषण सह स्वागत संबोधन के बाद जिला प्रवक्ता नवीन चंद्र साह ने संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। उन्होंने मंडल स्तर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों का बोध कराया तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया। अपने संबोधन में श्री साह ने पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों में भाजपा को मिली सफलता का उल्लेख किया। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के नेतृत्व और कार्यपद्धति की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इन नेताओं की नीतियां और कार्यशैली देशहित में हैं। मुख्य अतिथि मदन प्रसाद वैश्य ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए 7 मई 2026 को पटना के गांधी मैदान में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग के सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा की और दल के वैचारिक आधार को कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा। बैठक में महिला मोर्चा अध्यक्ष शारदा पांडे, वरिष्ठ कार्यकर्ता काशीनाथ पासवान, बिंदा कुंअर, राजीव रंजन सिंह, गुड़िया देवी, अनिल कुमार गुप्ता सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने संगठन विस्तार और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर सक्रिय करने और आगामी राजनीतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का संकल्प लिया गया।

# उपसभापति को मिला भभुआ नगर परिषद के सभापति का कार्यभार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** कैमूर जिले में भभुआ नगर परिषद के सभापति का कार्यभार जिला प्रशासन द्वारा उपसभापति रविता पटेल को सौंप दिया गया। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संजय उपाध्याय ने उपसभापति को सभापति का कार्यभार ग्रहण कराया। पदभार ग्रहण करने के बाद कार्यपालक पदाधिकारी व नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों ने सभापति को बुके देकर व फूल-माला पहनाकर बधाई दी। इधर सभापति का कार्यभार ग्रहण करने के बाद रविता पटेल ने कहा कि शहर में साफ-सफाई, नाली-गली, सड़क और लाइटिंग व्यवस्था को दुरुस्त करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि शहर में रुके हुए विकास कार्यों को जल्द पूरा कराया जाएगा और बरसात से पहले नालों की एक सीरे से सफाई कराकर लोगों को जलजमाव की समस्या से राहत दिलाई जाएगी। बता दें कि नामांकन के दौरान शपथ पत्र में 04 अप्रैल 2008 के बाद दो से अधिक जीवित संतान होने की महत्वपूर्ण जानकारी शपथ पत्र में छिपाए जाने के विरुद्ध राज्य निर्वाचन आयोग ने भभुआ नगर परिषद के मुख्य पार्षद विकास तिवारी को अयोग्यता घोषित करते हुए उनको पदमुक्त कर दिया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने इस महत्वपूर्ण जानकारी को छिपाए जाने के विरुद्ध मुख्य पार्षद विकास तिवारी के विरुद्ध नगर पालिका अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया है।

# झूठे अपहरण का पर्दाफाश : युवती ने खुद रची साजिश, डिहरी स्टेशन से बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमियानगर थाना क्षेत्र के मनेरी बिगहा गांव में 28 अप्रैल को दर्ज अपहरण का मामला जांच में पूरी तरह झूठा साबित हुआ। एएसपी सह एसडीपीओ अतुलेश झा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि युवती ने स्वयं अपने अपहरण की साजिश रची थी। जानकारी के अनुसार 28 अप्रैल 2026 को मनेरी बीघा निवासी संतोष महतो के पुत्र ने पुलिस को सूचना दी कि उसकी बहन सुबह करीब 9:40 बजे राम किशोर सिंह कॉलेज के लिए निकली थी जिसके बाद उसका कोई पता नहीं चला। इसी बीच दोपहर लगभग 11:30 बजे युवती के मोबाइल से उसके भाई के व्हाट्सएप पर संदेश आया कि उसका अपहरण कर लिया गया है और उसे सासाराम में रखा गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ डिहरी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय, अपर थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार मिश्रा, अनुसंधानकर्ता स्वाति कुमारी, अंजली कुमारी (डिहरी नगर थाना) तथा तकनीकी आसूचना इकाई के अशोक कुमार को शामिल किया गया। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सघन तलाशी अभियान चलाया और युवती को डिहरी रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया। बरामदगी के समय युवती ने अस्वस्थ होने की बात कही जिसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

पूछताछ के दौरान युवती ने लिखित बयान में स्वीकार किया कि उसका अपहरण नहीं हुआ था, बल्कि उसने खुद अपने मोबाइल से भाई को मैसेज भेजकर झूठी कहानी रची थी। उसने बताया कि पारिवारिक प्रताड़ना और घर के व्यवहार से परेशान होकर उसने परिजनों को चिंतित करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया। पुलिस के अनुसार युवती के साथ किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना या शारीरिक क्षति नहीं हुई है।

# दो बच्चों की मां ने फांसी लगा की आत्महत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** रामगढ़ थाना अंतर्गत नरहन गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतका की पहचान जितेंद्र कुमार की पत्नी संगीता देवी (35) के रूप में हुई है। उनके परिवार में एक बेटा और एक बेटी है। मृतका के फूफा दीनदयाल चौधरी ने बताया कि उन्हें संगीता की मौत की सूचना मिली थी जिसके बाद वे तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। प्राथमिक जानकारी के अनुसार संगीता ने कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या की है। हालांकि घटना के पीछे के असल कारणों का अभी स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। पुलिस फिलहाल मामले की हर पहलू से बारीकी से जांच कर रही है।

## लापता की प्राथमिकी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** थाना क्षेत्र के नील कोठी निवासी असलम अंसारी ने अपनी पत्नी, शाहीना नाज (43) के लापता होने की प्राथमिकी किया है। बताया गया कि बच्चों को बोलकर बाजार चली गई थीं। उसके बाद से अब तक वह घर वापस नहीं लौटी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कैमूर में वाहनों पर जाति लिखना बैन, 30 दिनों की मोहलत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** कैमूर जिले में अब वाहनों पर जाति सूचक शब्द या स्लोगन लिखना महंगा पड़ सकता है। बिहार सरकार के परिवहन विभाग के निर्देशों के बाद जिला प्रशासन ने इस पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश और भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार वाहनों पर जाति का नाम लिखना दंडनीय अपराध है। मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 96, 111(2)(इ), 177 और 179 के तहत ऐसे स्लोगन का उपयोग कानून का सीधा उल्लंघन माना जाएगा।

उल्लंघन करने पर वाहन स्वामियों पर जुर्माना और कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने वाहन मालिकों को एक माह का समय दिया है। आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिनों के भीतर सभी वाहन मालिकों को ऐसे स्लोगन हटाने होंगे। निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष जांच और प्रवर्तन अभियान चलाया जाएगा। कैमूर जिला प्रशासन ने नागरिकों से सामाजिक समरसता बनाए रखने और यातायात नियमों का पालन करने में सहयोग की अपील की है। जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा जारी इस सूचना का उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना और सामाजिक भेदभाव को कम करना है।

# सहयोग शिविर 19 से, बिजली समस्याओं का होगा त्वरित समाधान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** आम नागरिकों को बिजली संबंधी समस्याओं से निजात दिलाने के लिए विद्युत विभाग 19 मई से पंचायतवार 'सहयोग शिविर' की शुरुआत कर रहा है। विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम के तहत प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले इन शिविरों में उपभोक्ताओं की शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान किया जाएगा। विद्युत कार्यपालक अभियंता ई. ब्रवीम ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण उपभोक्ताओं को घर के पास ही त्वरित, पारदर्शी सेवा देना है ताकि उन्हें कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। शिविर में बिजली बिल में त्रुटि सुधार, नया कनेक्शन, मीटर खराबी, बकाया भुगतान की जानकारी और तकनीकी समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण होगा। विभागीय पदाधिकारी व कर्मी मौके पर मौजूद रहकर शिकायतें सुनेंगे जहां तत्काल समाधान संभव होगा वहां तुरंत कार्रवाई होगी, वहीं जटिल मामलों की प्रक्रिया भी उसी दिन शुरू कर दी जाएगी। इसके साथ ही शिविर में उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर के फायदे, ऊर्जा संरक्षण के तरीके, सुरक्षित बिजली उपयोग और प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना समेत अन्य सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी जाएगी। इससे लोग योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक हो सकेंगे। ई. ब्रवीम ने कहा कि विभाग ने शिविरों को सफल बनाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली है। यह पहल सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद कायम कर विद्युत सेवाओं को और सुलभ बनाएगी। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील की कि अपने पंचायत में लगने वाले शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और अपनी समस्या सीधे अधिकारियों के सामने रखे। प्रथम चरण में 19 मई को शिविर पंचायत सरकार भवनों में लगेंगे। इनमें विक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र के करूप, नोखा के चनकी, करगहर, संझौली के चांदी, बिक्रमगंज के मानपुर, दिनारा के लिलवछ, दावथ व सूर्यपुरा के गिधा तथा सासाराम के चेनारी के उगहनी, कोचस के लहेरी तथा शिवसागर के आलमपुर पंचायत सरकार भवन शामिल हैं। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से जरूरी दस्तावेज साथ लाने का अनुरोध किया है ताकि मौके पर ही काम हो सके।

# कार्ड फंसा 85 हजार की ठगी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** थाना क्षेत्र के न्यू एरिया निवासी श्रीराम पाण्डेय के साइबर ठग ने एटीएम में कार्ड फंसा 85 हजार की ठगी कर ली। पुलिस के अनुसार स्टेशन रोड स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम से पैसा निकालने वे गए थे। वहां पहले से एक अनजान व्यक्ति मौजूद था। जैसे ही वे अपना कार्ड डाला तो फंस गया। बहुत प्रयास करने के बाद भी मशीन से नहीं निकला। वहां पहले से मौजूद अनजान व्यक्ति ने कहा कि आप 8434685046 पर आप कॉल करिएगा तो वह आकर कार्ड निकाल देगा। कॉल किया तो वह बार-बार बोल रहा है कि आ रहे हैं, लेकिन वह आया नहीं। इसी दौरान वह अनजान व्यक्ति उनका कार्ड लेकर भाग गया। इसके बाद मेरे खाते से 85 हजार की निकासी हो गयी।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

### द्वितीय शुद्धि-पत्र

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित ई-प्रोक्योरमेन्ट अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-**DWSD/SR/DT/Med-01/2026-27 (1st Call)** (नलकूपों का पुर्नस्थापन कार्य) का प्रथम शुद्धि पत्र PR No. 378646 (Drinking Water and Sanitation) 26-27*D द्वारा प्रकाशित है। पुनः अपरिहार्य कारणों से निविदा की तिथि निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :-

| क्र0 सं0 | विवरण | पूर्व में प्रकाशित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | **04.05.2026 / 02.30** बजे अपराह्न में। | **06.05.2026 / 02.30** बजे अपराह्न में। |
| 2 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | **10.05.2026 / 3.00** बजे अपराह्न तक। | **11.05.2026 / 3.00** बजे अपराह्न तक। |
| 3 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | **10.05.2026 / 3.00** बजे अपराह्न तक। | **11.05.2026 / 3.00** बजे अपराह्न तक। |
| 4 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | **11.05.2026 / 04.00** बजे अपराह्न में। | **12.05.2026 / 04.00** बजे अपराह्न में। |

**यह शुद्धि-पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा एवं शेष पूर्ववत् रहेंगे।**

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
मेदिनीनगर।

PR.NO.379109 Drinking Water and Sanitation(26-27):D

# पचास हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

## कौआकोल पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र में दर्ज हत्या के मामले में फरार चल रहा 50 हजार रुपया का एक इनामी अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय पकरीबरावां द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है। जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पुलिस अधीक्षक नवादा के निर्देश पर फरार अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पकरीबरावां के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी एवं गुप्त सूचना के आधार पर 05/06 मई 2026 की रात छापेमारी कर आरोपी रघुनंदन महतो उर्फ रघवा,पिता रामप्रवेश महतो उर्फ सुभाष महतो, निवासी हबुनगर,थाना चंद्रदीप जिला जमुई को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त कौआकोल थाना कांड संख्या-48/26,दिनांक 23 जनवरी 2026 में दर्ज हत्या एवं आर्म्स एक्ट मामले में वांछित था। आरोपी की गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। जिसे मानवीय एवं तकनीकी इनपुट/सूचना के आधार पर लक्खीसराय जिले के तेतरहाट थाना अंतर्गत मोहसीना गांव से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है तथा उसके विरुद्ध कौआकोल थाना के अलावे चन्द्रदीप थाना में विभिन्न मामलों में पूर्व से प्राथमिकी दर्ज है। छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पकरीबरावां राकेश कुमार भाष्कर, कौआकोल थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह, तकनीकी शाखा प्रभारी इंस्पेक्टर विकास चन्द्र यादव, एएसआई धनन्जय कुमार मिश्रा एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## ग्राम कचहरी में लंबित वादों के लिए हुई बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** आगामी 9 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) नवादा ने तैयारियां तेज कर दी हैं। नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डीएलएसए आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में बुधवार को दो महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गई। पहली बैठक सचिव डीएलएसए अरविन्द कुमार के प्रकोष्ठ में जिला पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारियों एवं प्रभारी पदाधिकारियों के साथ हुई। बैठक में निर्देश दिया गया कि ग्राम पंचायत स्तर पर लंबित ग्राम कचहरी के मामलों को प्री-सिटिंग के माध्यम से सुलह की दिशा में आगे बढ़ाया जाए।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई को, 50% छूट के साथ निपटेंगे पुराने ई-चालान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नवादा।** परिवहन विभाग से जुड़े लंबित मामलों के निष्पादन के लिए जिला परिवहन कार्यालय, नवादा में 9 मई 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी नवीन कुमार पांडेय की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें तैयारियों का जायजा लिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि "एकमुश्त यातायात चालान निपटान योजना, 2026" के तहत 90 दिनों से अधिक समय से लंबित ई-चालानों का निपटारा इस लोक अदालत में किया जाएगा। योजना के अंतर्गत 31 मार्च 2026 तक के सभी लंबित चालान शामिल होंगे। विशेष बात यह है कि परिवादी चालानों का निपटान मात्र 50 प्रतिशत राशि जमा कर करा सकेंगे। उन्होंने जानकारी दी कि बिना हेलमेट या सीट बेल्ट के वाहन चलाने, ट्रिपल राइड, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना बीमा, ओवरस्पीडिंग और गलत पार्किंग जैसे मामलों में लंबित चालानों का निपटारा इस योजना के तहत किया जाएगा। उदाहरण के तौर पर 1000 रुपये के चालान पर 500 रुपये, 2000 रुपये के चालान पर 1000 रुपये तथा 5000 रुपये के चालान पर 2500 रुपये जमा कर मामले का निष्पादन कराया जा सकेगा। पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि लोक अदालत में किसी भी चालान का आंशिक निपटान नहीं होगा। चालान में लागू सभी धाराओं के तहत निर्धारित राशि का समेकित रूप से भुगतान करना अनिवार्य होगा। यदि कोई परिवादी एक से अधिक चालानों का निपटान कराना चाहता है, तो प्रत्येक चालान को अलग-अलग वाद के रूप में दर्ज कर उसका अलग अधिनिर्णय किया जाएगा। लोक अदालत में चालान निपटान के बाद परिवादी नकद राशि जमा कर सकेंगे और उन्हें इसकी विधिवत रसीद प्रदान की जाएगी। साथ ही, अधिनिर्णय की प्रति पर उनके हस्ताक्षर भी लिए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि त्रुटिपूर्ण चालानों के संशोधन या निरस्तीकरण के लिए लोक अदालत उपयुक्त मंच नहीं है। ऐसे मामलों के लिए परिवादी किसी अन्य कार्यदिवस में जिला परिवहन कार्यालय में आवेदन दे सकते हैं।

# नवादा में लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत सुनवाई, कई मामलों का ऑन-द-स्पॉट निपटारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नवादा।** बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई के दौरान जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 4 में से 3 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निवारण कर दिया। मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित सुनवाई में कुल 4 परिवादी उपस्थित हुए। इनमें शम्भू प्रसाद द्वारा व्यावसायिक विद्युत कनेक्शन को घरेलू कनेक्शन में बदलने, अब्दुल हामिद मलिक द्वारा रोह विद्युत पावर हाउस से संबंधित भूमि अधिग्रहण तथा विनय कुमार द्वारा अर्जित अवकाश की स्वीकृति और अगस्त 2025 के बकाया वेतन भुगतान से जुड़े मामले शामिल थे। संबंधित पदाधिकारियों से प्राप्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर तीन मामलों का तत्काल निष्पादन कर दिया गया, जबकि शेष मामले में आवश्यक प्रक्रिया जारी है। प्रशासन ने बताया कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत किसी भी शिकायत का निवारण अधिकतम दो माह के भीतर किया जाता है। प्रखंड स्तर की समस्याओं के लिए अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर एवं रजौली में अपील की जा सकती है, जबकि जिला स्तरीय मामलों के लिए समाहरणालय परिसर स्थित लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है। सुनवाई की प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है और इसमें दोनों पक्षों को बुलाकर निष्पक्ष तरीके से निर्णय लिया जाता है। साथ ही, अब नागरिक ऑनलाइन माध्यम से भी शिकायत एवं अपील दर्ज कर सकते हैं, जिससे प्रक्रिया और अधिक सरल एवं पारदर्शी हो गई है। जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए इस व्यवस्था का लाभ उठाएं और निर्धारित समय-सीमा में न्याय प्राप्त करें।

# जिलाधिकारी ने किया पर्यवेक्षण गृह एवं वृहद आश्रय गृह का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा आज पर्यवेक्षण गृह, नवादा एवं वृहद आश्रय गृह, नवादा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां रह रहे बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का गहनता से जायजा लिया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने पेयजल व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने रसोईघर का निरीक्षण करते हुए भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं पोषण मानकों का विशेष रूप से अवलोकन किया तथा निर्देश दिया कि बच्चों को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने परिसर की साफ-सफाई, शौचालयों की स्थिति एवं जलापूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए संबंधित कर्मियों को नियमित रूप से स्वच्छता बनाए रखने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि लाभार्थियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए तथा आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त तैयारी एवं संसाधन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पर्यवेक्षण गृह में उपस्थित बच्चों से संवाद स्थापित कर उनकी दिनचर्या, रहन-सहन एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बच्चों द्वारा साझा किए गए अनुभवों को उन्होंने गंभीरता से सुना तथा आवश्यक सुधार के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी द्वारा परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों के नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) का भी निरीक्षण किया गया।

# पश्चिम बंगाल, असम एवं पुदुचेरी में भाजपा की प्रचंड जीत पर कार्यकताओं ने मनाया जश्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नवादा।** पश्चिम बंगाल, असम एवं पुदुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर नवादा जिला भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह एवं खुशी का माहौल देखा गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अनिल मेहता के नेतृत्व में शहर के प्रजातंत्र चौक पर कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां एवं झाल-मूढ़ी बांटी तथा पटाखे फोड़कर जीत का जोरदार जश्न मनाया। कार्यक्रम के दौरान "जय श्री राम", "भारत माता की जय", "वंदे मातरम्" एवं "जहाँ लिए अवतार मुखर्जी, वो बंगाल अब हमारा है" के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व, जनकल्याणकारी नीतियों एवं कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि देश की जनता का विश्वास भाजपा के प्रति लगातार मजबूत हो रहा है और आने वाले समय में पार्टी और अधिक शक्ति के साथ आगे बढ़ेगी। उन्होंने आगे कहा कि इस जीत का श्रेय भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं शीर्ष नेतृत्व के प्रभावी मार्गदर्शन और कुशल चुनावी प्रबंधन को जाता है, जिसके कारण यह ऐतिहासिक जीत संभव हो सकी है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत संगठन की एकजुटता, समर्पण और जनसमर्थन का प्रतीक है। इस अवसर पर निर्वतमान जिलाध्यक्ष संजय कुमार मुन्ना, पूर्व जिलाध्यक्ष शशिभूषण बब्लु, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रमोद चून्नू,प्रताप रंजन महामंत्री अरविन्द गुप्ता, नंदकिशोर चौरसिया ,उपाध्यक्ष विनोद भोली, मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष विश्वास सिंह विशु, नवादा विधानसभा संयोजक अभिजीत कुमार सिन्हा, मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, मनोज सिंह, प्रवक्ता अवनीकांत भोला,युवा मोर्चा अध्यक्ष अजित शंकर, महिला मोर्चा अध्यक्ष माधुरी वर्णनवाल, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष अफसाना खातून, मंडल अध्यक्ष शिवरानी केशरी, वरिष्ठ नेता राधेश्याम चौधरी सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नारदीडीह में सूर्य मंदिर निर्माण के लिए किया गया भूमि पूजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नवादा।** जिले के नारदीगंज प्रखंड स्थित आदर्श ग्राम नारदीडीह में बीते सोमवार को भव्य सूर्य मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस दौरान मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिले के प्रख्यात शिक्षाविद् व समाजसेवी डॉ अनुज सिंह एवं आसपास के कई गांव के गणमान्य उपस्थित हुए। पुरोहित के रूप में गांव के पंडित धीरेंद्र पांडेय ने अनुष्ठान कराया। भूमि पूजन में मुख्य यजमान के रूप में राजाराम शर्मा थे। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सूर्य मंदिर निर्माण की नींव रखी गई। इस शुभ मौके पर शिलान्यास कार्यक्रम का शुभारंभ जिला के प्रख्यात शिक्षाविद् व समाजसेवी डॉ अनुज सिंह के हाथों किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर निर्माण को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि इस सूर्य मंदिर का निर्माण होने से क्षेत्र की आस्था और सांस्कृतिक पहचान का केंद्र बनेगा। शिलान्यास के अवसर पर उपस्थित डॉ अनुज सिंह ने भूमि पूजन के उपरांत मंदिर निर्माण की आधारशिला ईंट रखकर किया , वहीं उनके द्वारा 51,000 राशि मंदिर निर्माण कार्य में तत्काल दिया गया और आगे भी यथासंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यह मंदिर न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा, बल्कि इससे क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। हमारे सनातन धर्म में सूर्य देव की उपासना प्राचीन काल से ही होते आ रही है। मंदिर के निर्माण होने से श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। मंदिर के बन जाने से गांव में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होगा। नारदीडीह गांव के समस्त ग्रामीणों के सहयोग से भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिर निर्माण के लिए लोग बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि मंदिर निर्माण कार्य तेजी से शुरू किया जाएगा और इसे भव्य एवं आकर्षक स्वरूप दिया जाएगा, जिससे यह पूरे नारदीगंज क्षेत्र में आस्था का प्रमुख केंद्र बन सके। भूमि पूजन कार्यक्रम के अवसर पर नारदीगंज प्रखंड पूर्व प्रमुख गौरीशंकर सिंह, शिक्षक प्रवीण कुमार नारदीडीह, पैक्स अध्यक्ष व्यापार मंडल विपिन कुमार, गोपाल कुमार, राजेश कुमार, मनीष कुमार, रोहित कुमार ,शैलेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, अभय कुमार सहित सैंकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों की उपस्थिति देखने को मिली। मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों के द्वारा डॉ अनुज के हाथों मिले सहयोग को सराहनीय बताया।

## जनसुराज का कैंडल मार्च 8 मई को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** बिहार के प्रवासी मजदूर पांडव कुमार की दिल्ली पुलिस के एक कर्मी द्वारा गोली मारकर हत्या कर दिए जाने के विरोध में जनसुराज पार्टी ने अपने चरणबद्ध आंदोलन के क्रम में आगामी 8 मई को " कैंडिल- मार्च " करने का निर्णय लिया है। नवादा जिला जनसुराज पार्टी के जिला अध्यक्ष त्रिवेणी सिंह एवं प्रवक्ता मिथिलेश प्रसाद सिंह ने बताया कि दिल्ली के पुलिस कर्मी को बिहार का होने की के अपनी पहचान बताने पर पांडव कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई जो केवल एक हत्या नहीं बल्कि पूरे बिहार के लोगों की स्मिता के साथ खिलवाड़ किए जाने के समान है और इस घटना से यह स्पष्ट हो गया है कि बिहार के प्रवासी मजदूरों के स्थिति अन्य राज्यों में कितनी चिंताजनक है।

# टी.एस.कॉलेज के कर्मचारियों की दो दिवसीय कलम बंद हड़ताल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हिसुआ।** नगर परिषद स्थित मगध विश्वविद्यालय बोधगया की अंगीभूत इकाई टी. एस.कॉलेज, हिसुआ के शिक्षकेतर कर्मचारी बुधवार को कलम बंद हड़ताल पर रहे, टी एस कॉलेज हिसुआ शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के सचिव मुकेश कुमार ने बताया कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ बिहार पटना एवं मगध प्रक्षेत्र के आहवान पर कर्मचारियों की पंद्रह सूत्री मांग हेतु आंदोलन के प्रथम चरण में दो दिवसीय कलम बंद हड़ताल किया गया है, महाविद्यालय के सभी कर्मचारी प्रशासनिक भवन में धरना पर बैठे दिनांक 06/05/ 26 एवं 07/05/26 को महाविद्यालय के सभी कर्मचारी कलम बंद हड़ताल पर रहेंगे, मुकेश कुमार ने बताया कि आंदोलन के दूसरे चरण में 20/05/26 को विश्विद्यालय मुख्यालय में कुलपति के समक्ष धरना दिया जाएगा और व्यापक आंदोलन किया जाएगा,धरना में कर्मचारी संघ के संरक्षक श्री सच्चिदानंद मिश्रा, अध्यक्ष मनोज कुमार, सचिव मुकेश कुमार, उपाध्यक्ष राधारणम, कोषाध्यक्ष रौशन कुमार, संयुक सचिव अमरजीत कुमार अनिल कुमार, शैलेंद्र कुमार, राजेश कुमार, शंकर कुमार, दीपक कुमार, अमरनाथ गुप्ता, सिन्धुकांत अजय कुमार शर्मा, बबीता कुमारी, प्रवीण कुमार, उमेश कुमार, अविनाश कुमार सुरेश प्रसाद सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सोलर लोन मेला में 15 उपभोक्ताओं को मिला ऋण स्वीकृति पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बिहारशरीफ।** विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, बिहारशरीफ कार्यालय परिसर में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर लोन मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी कुंदन कुमार, उप विकास आयुक्त शुभम कुमार एवं विद्युत अधीक्षण अभियंता मनीष कांत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिलाधिकारी ने मेले में लगाए गए विभिन्न बैंकों एवं सोलर एजेंसियों के स्टॉल का निरीक्षण किया और उपकरणों की जानकारी ली। उन्होंने सौर ऊर्जा को वर्तमान समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि यह न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक है, बल्कि देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने वर्ष 2030 तक देश की 50 प्रतिशत ऊर्जा गैर-जीवाश्म स्रोतों से प्राप्त करने के लक्ष्य की जानकारी भी दी। साथ ही छठ महापर्व का उल्लेख करते हुए सौर ऊर्जा को भारतीय परंपरा से जोड़कर इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला।

उप विकास आयुक्त शुभम कुमार ने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे योजना के तहत उपलब्ध सस्ती वित्तीय सहायता का लाभ उठाकर सोलर संयंत्र स्थापित करें और पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। विद्युत अधीक्षण अभियंता ने बताया कि नालंदा जिला इस योजना के क्रियान्वयन में राज्य में दूसरे स्थान पर है। उन्होंने लोन रिजेक्शन दर में 42 प्रतिशत से घटकर 21 प्रतिशत होने को सकारात्मक संकेत बताया। इस अवसर पर 15 चयनित उपभोक्ताओं को सोलर संयंत्र स्थापना हेतु स्वीकृत ऋण के चेक प्रदान किए गए। वहीं ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण कराने वाले 17 उपभोक्ताओं को भी पुरस्कृत किया गया। मेले में भाग लेने वाले बैंकों और सोलर एजेंसियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में कार्यपालक अभियंता विकास कुमार ने बताया कि 93 आवेदनों को विभिन्न बैंकों द्वारा स्वीकृति दी गई है तथा कुल 135 उपभोक्ताओं ने मेले में भाग लेकर योजना के प्रति उत्साह दिखाया।

## देवी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर शोभायात्रा निकाली गई

**नारदीगंज,नवादा/नबिटा सं।** नारदीगंज अंदर बाजार में शतचंडी महायज्ञ सह बड़ी देवी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर बुधवार को शोभायात्रा निकाली गई। इस कलशयात्रा में 1001 से अधिक महिलाएं माथे पर कलश लेकर जल भराई की। नारदीगंज बाजार के अलावा आसपास इलाकों के काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। उसके बाद नारदीगंज कालेज नारदीगंज के समीप संगम नदी में वाराणसी के यज्ञाचार्य समाधि बाबा व उनके 11 सहयोगी ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर पूजा अर्चना कराये, तब श्रद्धालुओं ने जल भराई की। मुख्य यजमान की भूमिका श्रद्धालु संदीप कुमार व उनकी धर्मपत्नी रानी देवी ,प्रवेश कुमार व उनकी धर्मपत्नी रेशम देवी,प्रिंस कुमार व उनकी धर्मपत्नी खुशी कुमारी,गणेश कुमार व उनकी धर्मपत्नी बबली देवी,मृत्युंजय कुमार व उनकी धर्मपत्नी शोभा कुमारी ने निभाया।

# उर्वरक की कालाबाजारी एवं जमाखोरी रोकने के लिये की गई छापामारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिला कृषि पदाधिकारी के नेतृत्व में सभी अनुमंडल कृषि पदाधिकारी एवं प्रखण्ड कृषि पदाधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से विभिन्न क्षेत्रों में उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उर्वरक वितरण व्यवस्था की गहन जांच की गई। यह अभियान जिला में किसानों को उचित दर पर उर्वरक आपूर्ति कराने तथा कालाबाजारी एवं जमाखोरी रोकने के उद्देश्य से किया जा रहा है। पूर्व निरीक्षण के क्रम में 2 उर्वरक प्रतिष्ठानों पर अनियमितता पाये जाने पर उन्हें निलंबित करते हुए कारण पृच्छा की गई। 5 फरवरी 2026 को गहन समीक्षा एवं जांच करने के उपरांत एक ही किसान को निर्धारित सीमा से अधिक उर्वरक बिक्री करने के मामले में 16 उर्वरक प्रतिष्ठानों को निलंबित करते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया। साथ ही 4 अन्य प्रतिष्ठानों से भी कारण पृच्छा की गई।

किसानों से अपील की जाती है कि वे अधिकृत विक्रेताओं से ही निर्धारित मात्रा में उर्वरक क्रय करें तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तत्काल संबंधित कृषि विभाग को दें। उर्वरक वितरण में पारदर्शिता एवं सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु निरीक्षण अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### निलंबित प्रतिष्ठान में

मे0 अयांश ट्रेडर्स इस्लामपुर, मे0 लक्ष्मी खाद भंडार सरमेरा,
मे0 हरिनारायण खाद भंडार हिलसा,
मे0 जमुआवां पंचायत पैक्स एकंगरसराय,
मे0 किसान खाद भंडार अस्थावां,
मे0 सुधीर खाद भंडार नरसंडा (चंडी),
मे0 पूजा ट्रेडर्स नूरसराय,
मे0 हरितक्रांति खाद भंडार चंडी,
मे0 सहयोग वूमेन जीविका प्रो0कं0लि0 बिहारशरीफ,
मे0 श्रीराम ट्रेडर्स परवलपुर,
मे0 मयूर इंटरप्राईजेज एकंगरसराय,
मे0 केसर खाद भंडार नूरसराय,
मे0 पारस ट्रेडर्स चंडी,
मे0 पोआरी पंचायत पैक्स लि0 हरनौत,
मे0 बाराखुर्द पंचायत पैक्स लि0 नूरसराय,
मे0 शुभम ट्रेडर्स चंडी शामिल है।

# नालंदा कॉलेज में तंबाकू मुक्त अभियान की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**तंबाकू से हर साल भारत में 13 लाख से अधिक मौतें—गंभीर जन स्वास्थ्य चुनौती**

**एनएसएस समन्वयक डॉ. बिनीत लाल ने दिलाई तंबाकू त्यागने की शपथ**

**बिहारशरीफ।** एनएसएस के द्वारा नालंदा कॉलेज में बुधवार को तंबाकू मुक्त संस्थान एवं समाज बनाने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान के साथ शपथ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रचार्या प्रो सुनीता सिन्हा ने छात्रों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह अवसर न केवल नशा मुक्त भारत अभियान की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि नशीले पदार्थों के इस्तेमाल से लड़ने के हमारे सामूहिक संकल्प की पुष्टि भी करता है। तंबाकू का सेवन एक बड़ी जन स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है, जिससे भारत में प्रति वर्ष 13 लाख से अधिक लोगों की मृत्यु हो जाती है। युवाओं की इस निर्बलता को समझते हुए हम सभी को निरंतर जागरूकता, रोकथाम और प्रवर्तन उपायों के माध्यम से इस समस्या से निपटने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। निरंतर सहभागिता, जागरूकता और समुदाय-संचालित प्रयासों के माध्यम से, नशा मुक्त भारत के विजन को व्यापक प्रभाव और स्थायित्व के साथ साकार किया जा सकता है। एनएसएस समन्वयक डॉ बिनीत लाल ने उपस्थित लोगों को तंबाकू मुक्त समाज बनाने के लिए शपथ दिलायी एवं कहा कि तंबाकू युक्त नशीले पदार्थों का सेवन गंभीर सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और शारीरिक समस्याओं का कारण बनता है। नशीले पदार्थों के इस्तेमाल का विकार एक ऐसा मुद्दा है, जो देश के सामाजिक ताने-बाने पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। किसी भी नशीले पदार्थ पर निर्भरता न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि उसके परिवार और पूरे समाज को भी अस्त-व्यस्त कर देती है। इस अभियान के माध्यम से हम सभी ऐसे युवाओं को तैयार करना चाहते हैं जो न केवल शैक्षणिक रूप से सक्षम हों, बल्कि शारीरिक और मानसिक रूप से भी मज़बूत हों ताकि वे सामूहिक समृद्धि और प्रगति की ओर भारत की यात्रा का नेतृत्व कर सकें। प्राचार्या प्रो सिन्हा ने छात्रों से अपील की कि गुटका, पान मशाला, सिगरेट जैसे पदार्थों के सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलायें एवं इसके विरुद्ध समुदाय की भागीदारी और योगदान को प्रोत्साहित करें। अभियान के दौरान कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ श्रवण कुमार, शिक्षक डॉ मनोज कुमार,भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ शशांक शेखर झा, गणित विभाग के डॉ कुमार श्वेतांक के साथ साथ एनएसएस वॉलंटियर्स उपस्थित रहे।

# डॉ. प्रेम कुमार ने की मंत्रिमंडल शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों की समीक्षा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** गया जिला अतिथि गृह में भारतीय जनता पार्टी गयाजी पूर्वी के कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें पटना के गांधी मैदान में होने वाले मंत्रिमंडल शपथ ग्रहण समारोह को लेकर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजय कुमार मांझी ने की जबकि संचालन महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार उपस्थित रहे। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गांधी मैदान, पटना में आयोजित होने वाला शपथ ग्रहण समारोह ऐतिहासिक होगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह सहित केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्य, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री तथा कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। उन्होंने जानकारी दी कि इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए गयाजी जिला पूर्वी संगठन द्वारा व्यापक तैयारी की गई है। गयाजी टाउन, बोधगया, अतरी, वजीरगंज और बेला विधानसभा क्षेत्रों से लगभग 70 बड़ी तथा 100 छोटी गाड़ियों के माध्यम से कार्यकर्ता पटना पहुंचेंगे। वहां वे प्रधानमंत्री के अभिभाषण को सुनेंगे और शपथ ग्रहण समारोह के साक्षी बनेंगे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार, जिला मंत्री नीरज निश्चल उर्फ मुनीलाल, देवानंद पासवान, अमित लोहानी, ऋषि लोहानी, बंटी वर्मा, राजनंदन प्रसाद गांधी, उपेंद्र पासवान, मंडल अध्यक्ष धनंजय कुमार धीरू, सोनू कुमार, मोहन शर्मा, पवन कुमार, वेद प्रकाश, दीनानाथ प्रसाद सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, छह महिलाओं सहित पांच युवक रंगे हाथ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** प्रखण्ड कार्यालय के पीछे जयनंदन बिगहा स्थित प्रकाश उत्सव मैरिज हॉल में चल रहे सेक्स रैकेट कार्यो का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार को की गई इस छापेमारी में पुलिस ने देह व्यापार (सेक्स रैकेट) में संलिप्त छः महिलाओं और पांच युवकों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही मैरिज हॉल के संचालक व एक कर्मचारी को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। एसडीएम, एसडीपीओ के नेतृत्व में चलाई गई छापेमारी के बाद मैरिज हॉल को सील कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस प्रशासन को पिछले कुछ समय से प्रकाश उत्सव मैरिज हॉल में संदिग्ध गतिविधियों की शिकायतें मिल रही थीं। एसडीएम प्रवीण कुंदन व एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया व योजनाबद्ध तरीके से मैरिज हॉल पर धावा बोला गया। जैसे ही पुलिस की टीम हॉल के अंदर पहुंची, वहां अफरा-तफरी मच गई। हॉल में बने कमरे से पुलिस ने आपत्तिजनक समान के साथ अनैतिक कार्य करते जोड़ो को पकड़ा। पुलिस सूत्रों के मुताबिक छापेमारी के दौरान अलग-अलग कमरों से छः महिलाएं और पांच युवक संदिग्ध अवस्था में पाए गए। पुलिस ने मौके से कई आपत्तिजनक सामग्री, मोबाइल फोन और नकदी भी बरामद की है। पकड़े गए युवक व महिला आसपास के इलाकों के बताए जा रहे हैं। पुलिस की जांच में पंजी संधारण भी नहीं मिला। पुलिस ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए मैरिज हॉल के संचालक देवव्रत यादव व एक कर्मचारी को भी गिरफ्तार किया है। उन पर आरोप है कि वे मोटे मुनाफे के लालच में मैरिज हॉल को इस अनैतिक धंधे के लिए ठिकाना बना रहे थे। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि यह रैकेट कब से चल रहा था और इसमें और कौन-कौन लोग शामिल हैं। देवव्रत यादव ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि पैसों का लालच देकर महिलाओं को देह व्यापार के लिए बुलाया जाता था।

# मगध विश्वविद्यालय में हरित परिसर मुहिम के तहत श्रमदान, ठोस कचरा प्रबंधन पर विशेष व्याख्यान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** मगध विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर भूगोल विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में परिसर में हरित परिसर मुहिम तथा उन्नत भारत अभियान को आगे बढ़ाते हुए श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पहल कुलपति द्वारा प्रारंभ की गई मुहिम के क्रम में विभागाध्यक्ष प्रोफेसर वासुदेव प्रसाद के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। कार्यक्रम के अंतर्गत एईसी-01 पाठ्यक्रम के तहत 'ठोस कचरा प्रबंधन' विषय पर विभाग के शिक्षक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ. पिंटू कुमार ने विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को ठोस कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन के तरीके समझाए और श्रमदान के माध्यम से इसके व्यावहारिक पक्ष से अवगत कराया। इस दौरान विद्यार्थी स्वयंसेवकों ने प्रायोगिक रूप से सूखे एवं गीले कचरे को अलग करते हुए जैविक एवं अजैविक कचरों के निस्तारण की प्रक्रिया को सीखा। उन्हें बताया गया कि किस प्रकार कचरे से खाद का निर्माण कर कम्पोस्ट तथा वर्मी कम्पोस्ट तैयार किया जा सकता है जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ कृषि को भी लाभ मिल सकता है। विद्यार्थियों ने विभाग परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों तथा पार्कों में साफ-सफाई अभियान चलाते हुए श्रमदान किया और अलग-अलग विधियों से कचरे का निस्तारण किया। साथ ही इस मुहिम से जुड़ने के लिए अन्य लोगों को भी प्रेरित किया। कार्यक्रम में विभाग के शिक्षक डॉ. मीनाक्षी प्रसाद, डॉ. मौसमी, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. लखभद्र सिंह नरुका, डॉ. प्रीति कुमारी, राकेश कुमार तथा डॉ. हिमांशु उपस्थित रहे। वहीं छात्र-छात्राओं में गुड़िया कुमारी, निशा कुमारी, छाया कुमारी, कोमल, नीतीश कुमार, रणविजय, अमरजीत, कारण सहित अन्य विद्यार्थियों के साथ शिक्षकेतर कर्मचारी भी शामिल हुए।

# दो वारंटी समेत अपहरण कांड का आरोपित गिरफ्तार, युवती बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। प्रभारी थानाध्यक्ष अविनाश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विभिन्न मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने छापेमारी के दौरान ग्राम महुआ विगहा से दो वारंटी विजय मांझी और अकलू मांझी को गिरफ्तार किया। दोनों लंबे समय से फरार चल रहे थे और पुलिस को उनकी तलाश थी। वहीं कांड संख्या 95/26 के तहत एक युवती के अपहरण मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम कनौसी निवासी विकास कुमार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अपहृत युवती को सकुशल बरामद कर लिया। बरामदगी के बाद युवती को बयान दर्ज कराने एवं अन्य कानूनी प्रक्रिया के लिए न्यायालय भेजा गया। इस अभियान में एएसआई सुरेश कुमार, बिरेंद्र कुमार और रमेश कुमार सहित पुलिस बल के कई जवान शामिल थे। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# पटना के गांधी मैदान में होगा मंत्रिमंडल शपथ ग्रहण समारोह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** बिहार की राजनीति में एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ने जा रहा है जब गांधी मैदान में भव्य रूप से मंत्रिमंडल विस्तार का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। यह समारोह राज्य के विकास और राजनीतिक दिशा के लिए ऐतिहासिक माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि इस कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी समारोह के साक्षी बनेंगे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में होने वाला यह शपथ ग्रहण कार्यक्रम बिहार में विकास, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प को आगे बढ़ाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। गया से भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता समेत कई कार्यकर्ता पटना पहुंचकर इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लेंगे। डॉ. मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और बिहार भी उसी दिशा में अग्रसर है। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य में रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में नई गति देखने को मिलेगी। यह शपथ ग्रहण समारोह बिहार की जनता के लिए आशा, विश्वास और विकास का संदेश लेकर आएगा। गया सहित विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पटना पहुंचकर प्रधानमंत्री और अन्य वरिष्ठ नेताओं का स्वागत करेंगे और इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनेंगे। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, संतोष ठाकुर, सुनील मिश्रा, गोपाल प्रसाद यादव, राणा रणजीत सिंह, नागेंद्र प्रसाद शर्मा अधिवक्ता, महेंद्र प्रसाद सिंह, शिवकुमार, सत्येंद्र कुमार सिंह, राजू मिश्रा, धर्मेंद्र प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, सुधीर कुमार, मंटू कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अपहृत युवती सकुशल बरामद, आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच (गया)।** कोंच थाना क्षेत्र में अपहृत युवती को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया। इस मामले में एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 अप्रैल 2025 को वादी द्वारा थाना में लिखित आवेदन देकर बताया गया था कि उनकी पुत्री कोंच बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक से पैसे निकालने गई थी, लेकिन काफी देर तक घर नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद यह पता चला कि एक युवक द्वारा उसका अपहरण कर लिया गया है। इस संबंध में कोंच थाना कांड संख्या 224/25 दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सूचना संकलन कर कार्रवाई करते हुए अपहृत युवती को सकुशल बरामद कर लिया और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नीतीश कुमार, पिता विजय राम, निवासी कोंच, जिला-गया के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# मिर्जा गालिब कॉलेज में मौलाना उमर नूरानी का स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** गया स्थित मिर्ज़ा ग़ालिब कॉलेज में बिहार अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष मौलाना उमर नूरानी का आगमन हुआ। इस अवसर पर उनके साथ जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी गया राहुल कुमार तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी गया कृष्ण मुरारी गुप्ता भी उपस्थित रहे।कॉलेज पहुंचने पर अतिथियों का स्वागत कॉलेज के सचिव डॉ. हफीजुर रहमान खान एवं प्राचार्य डॉ. मो. अली हुसैन ने संयुक्त रूप से किया। इसके उपरांत सभी अतिथियों ने कॉलेज परिसर का भ्रमण कर शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन एवं संसाधनों का जायजा लिया और संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर मौलाना उमर नूरानी ने कहा कि मिर्जा गालिब कॉलेज का पूरे बिहार में एक विशिष्ट स्थान है। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। साथ ही आश्वस्त किया कि संस्थान के विकास में उनकी ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी अपने-अपने कार्यस्थलों पर उपस्थित रहे और अतिथियों के साथ संवाद में भाग लिया।

# पेट्रोल पंप पर खड़ी कार में लगी आग, जलकर राख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** थाना क्षेत्र के रौना पंचायत अंतर्गत गुरारू-अहियापुर मुख्य पथ स्थित एचपी पेट्रोल पंप, पलांकी सखी में बुधवार शाम करीब 5:15 बजे अचानक एक कार में आग लग गई। देखते ही देखते कार धू-धू कर जलने लगी और पूरी तरह राख हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरारू निवासी चंदन सिंह अपनी कार में तेल भरवाने के बाद उसे स्टार्ट करने की कोशिश कर रहे थे। गाड़ी स्टार्ट नहीं होने पर उन्होंने उसे साइड में खड़ा कर ठीक कराने का प्रयास शुरू किया। इसी दौरान अचानक कार में आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भारी भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है।

# जमीन विवाद ने लिया हिंसक मोड़, महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**खिजरसराय।** थाना क्षेत्र के बनारसी बीघा गांव में बुधवार को जमीनी विवाद ने एक दर्दनाक मोड़ ले लिया जहां लाठी से हुए हमले में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार बनारसी बीघा निवासी भोला यादव और राजेंद्र यादव के बीच काफी समय से जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि कहा सुनी के दौरान राजेंद्र यादव ने लाठी से हमला कर दिया जिसकी चपेट में भोला यादव की पत्नी पार्वती देवी आ गईं। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण पार्वती देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजन और स्थानीय लोग आनन-फानन में महिला को लेकर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। इस संबंध में खिजरसराय थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार महतो ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है, वहीं पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# गयाजी टाउन में सीएसआर फंड से जनोपयोगी योजनाएं होंगी लागू : डॉ प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने जानकारी दी कि गयाजी टाउन विधानसभा क्षेत्र में जनहित एवं समाजोपयोगी कार्यों को बढ़ावा देने के लिए कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) फंड के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन शीघ्र किया जाएगा। इसके अंतर्गत पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने के साथ-साथ मर्चरी वैन, सिलाई मशीन सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का अधिष्ठापन कराया जाएगा। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड बरौनी रिफाइनरी के सहयोग से विद्यालयों, संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर आरओ वाटर प्यूरीफायर मशीन स्थापित की जाएगी। इस परियोजना के तहत कुल 25 वाटर कूलर लगाए जाएंगे जिनकी स्थापना एवं प्रारंभिक देखरेख एक मानक कंपनी द्वारा की जाएगी। गारंटी अवधि समाप्त होने के बाद इन मशीनों का स्वामित्व संबंधित संस्थान या विभाग को हस्तांतरित कर दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि हस्तांतरण के बाद मशीनों के संचालन एवं रख-रखाव की जिम्मेदारी संबंधित विद्यालय, संस्था या विभाग की होगी, ताकि स्वच्छ पेयजल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। इस योजना के अंतर्गत प्रमुख स्थलों जैसे मां मंगला गौरी मंदिर, विष्णुपद मंदिर प्रांगण, हाते गोदाम, मार्कंडेय मंदिर, एनएमसीएच अस्पताल, मां बांग्ला स्थान मंदिर, कोतवाली मोड़, रेलवे स्टेशन परिसर, जेपीएन अस्पताल, प्रभावती अस्पताल, राजकीय बस अड्डा तथा महावीर मंदिर गोल पत्थर सहित अन्य स्थानों पर वाटर कूलर स्थापित किए जाएंगे। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि इन वाटर कूलरों से सामान्य, गर्म एवं ठंडा–तीनों प्रकार का पेयजल उपलब्ध होगा। इन योजनाओं के क्रियान्वयन से क्षेत्र में पेयजल की समस्या का समाधान होगा और आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी जिससे गयाजी टाउन के समग्र विकास को नई गति मिलेगी।

# बाइक दुर्घटना में युवक घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** बुधवार सुबह आंती थाना क्षेत्र अंतर्गत आंती-रफीगंज मुख्य मार्ग पर खटनही पोखरा के समीप एक बाइक सवार युवक संतुलन बिगड़ने से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल युवक की पहचान आंती टोला जमालपुर निवासी अनिल यादव (35 वर्ष), पिता रामपति यादव के रूप में की गई है। वह एक तिलक समारोह से अपने गांव लौट रहा था, तभी रास्ते में हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही सामाजिक कार्यकर्ता पुण्यदेव यादव ने डायल 112 पुलिस को अवगत कराया। मौके पर पहुंचे एएसआई राजीव कुमार ने घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कोंच पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज, गया रेफर कर दिया।


## पूर्व मध्य रेल

### ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपध्याय मंडल द्वारा निम्न वर्णित पार्किंग स्टैंड के संचालन हेतु ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है:– AA/1) **1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधीः** रफीगंज रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित मिक्स (दो पहिया, तीन पहिया, चार पहिया) वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षो के लिए। **2. ई–नीलामी कैटेलॉग संख्याः** COM-PARK-MX-REF **3. ई नीलामी लॉट संख्याः** PARKING-DDU-RFJ-MX-45-23-1 **4. ई–नीलामी की तिथि एवं समयः** ई–नीलामी दिनांक 13.05.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी। **5. वेबसाइट का पता जहाँ ई– नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध हैः** www.ireps.gov.in (E-auction Leasing)

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0177/डीडीयू/सीओएमएमएल/ईएएन/26–27/28


# ठनका गिरने से युवक की मौत मामले में पीड़ित परिवार को मिली सहायता राशि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच (गया)।** थाना क्षेत्र के कनौसी पंचायत अंतर्गत धानु बिगहा गांव के बधार में सोमवार को आकाशीय बिजली (ठनका) गिरने से एक युवक की मौत हो गई थी। मृतक की पहचान गांव निवासी श्रीकांत कुमार (31 वर्ष), पिता राज कुमार यादव के रूप में हुई थी। वह खेत में मवेशी चरा रहा था, तभी अचानक मौसम खराब हुआ और ठनका की चपेट में आ गया था और मौत हो चुकी थी। इधर बुधवार को गुरारू बीडीओ संभव कुमार सिंह के निर्देश पर कन्नौसी मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव ने पीड़ित परिवार को पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपये एवं कबीर अंत्येष्टि मद से 3 हजार रुपये, कुल 23 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की। प्रतिनिधि पप्पू यादव ने कहा कि खराब मौसम, बारिश व आंधी-तूफान के दौरान खुले खेत, पेड़ के नीचे या ऊंचे स्थानों पर खड़े होने से बचना चाहिए और सुरक्षित स्थान पर शरण लेना चाहिए।

# मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : जिलाधिकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अरवल।** जिलाधिकारी अमृषा बैंस द्वारा सदर अस्पताल, अरवल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा ओपीडी व्यवस्था, आपातकालीन सेवा, दवाओं की उपलब्धता, ऑक्सीजन प्लांट संचालन, साफ-सफाई एवं अस्पताल में उपलब्ध आवश्यक उपकरणों की स्थिति का विस्तृत जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में उपस्थित मरीजों एवं उनके परिजनों से संवाद स्थापित कर अस्पताल प्रबंधन, उपचार व्यवस्था एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इस दौरान मरीजों द्वारा दी गई प्रतिक्रिया के आधार पर सिविल सर्जन एवं संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में अनुपस्थित पाए गए चिकित्सकों पर जिलाधिकारी ने इसे गंभीरता से लेते हुए सिविल सर्जन को सभी चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा अनुपस्थित चिकित्सकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार आपातकालीन वार्ड में भी चिकित्सक की अनुपस्थिति पाए जाने पर जिलाधिकारी द्वारा तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। अस्पताल परिसर की साफ-सफाई की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने विशेष रूप से स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ करने, वार्डों में बेड पर बिछाई जाने वाली चादरों की नियमित धुलाई एवं समय-समय पर परिवर्तन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही निरीक्षण के दौरान क्षतिग्रस्त पाए गए बेड की मरम्मत यथाशीघ्र कराने हेतु भी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा क्रिटिकल केयर यूनिट के निर्माणाधीन भवन स्थल का भी निरीक्षण किया गया। हालांकि संवेदक की अनुपस्थिति के कारण कार्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा नहीं हो सकी तथा स्थल पर कार्य बंद पाया गया। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने एवं संवेदक की जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को अस्पताल की व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार एवं निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।


## पूर्व मध्य रेल

### ई-निविदा सूचना

**निविदा सं.–09 ऑफ 2026–27/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू**

मंडल रेल प्रबन्धक /इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं.–04–डीडीयू व.म. इंजी. –III–26–27** **1. कार्य का नाम एवं लोकेशनः** सहायक मंडल अभियंता /एक/डी.डी.यू. और सहायक मंडल अभियंता/जपला के अंतर्गत 52/60 Kg क्रॉसिंग और स्विच के री–सरफेसिंग/री–कंडीशनिंग का कार्य। **2. कार्य का अनुमानित लागतः** रू. 17101006.33 **3. धरोहर राशिः** रू. 342000.00 **4. ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः** 22.05.2026 को 12:00 बजे तक **5. बेवसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारीः** www.ireps.gov.in **नोटः**–विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठमान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक, पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0176/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/26–27/32

संपादकीय

# केसपुब : दखल या सुरक्षा?

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में बहुत बड़े पैमाने पर केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (केसपुब) की तैनाती भारत के चुनाव इतिहास में सुरक्षा व्यवस्था का एक नया प्रतिमान बनने जा रहा है। बेशक, इसके पीछे केन्द्र सरकार की मंशा राज्य में निर्भयता के साथ चुनाव कराना हो, लेकिन इसके औचित्य पर राजनीतिक और नैतिक बहस जारी रहेगी। यह सवाल हमेशा उठेगा कि किसी राज्य के विधानसभा चुनाव में केन्द्रीय सुरक्षा बलों की इतनी व्यापक तैनाती चुनाव में केन्द्र का प्रत्यक्ष दखल है अथवा निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए जरूरी प्रशासनिक हस्तक्षेप। क्योंकि अमूमन इतने बड़े पैमाने पर केन्द्रीय सशस्त्र सुरक्षा बल नक्सल अथवा अलगाववादी हिंसा से प्रभावित क्षेत्रों में ही तैनात किए जाते रहे हैं। आमतौर पर राज्य में चुनाव कराने की जिम्मेदारी राज्य पुलिस पर ही होती है। लेकिन इस बार पश्चिम बंगाल में चुनाव के दौरान और पश्चात भी सुरक्षा के मद्देनजर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के 2.4 लाख से ज्यादा जवान तैनात किए गए, जो 2021 के विधानसभा चुनाव में प्रयुक्त संख्या से लगभग तीन गुना ज्यादा है। इस चुनाव में बीएसएफ, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, एनएसजी और एसएसबी आदि सशस्त्र बलों ने सीधी निगरानी के लिए अपना कंट्रोल रूम भी बनाया, जबकि क्विक रिस्पॉन्स टीम्स को बड़े पैमाने पर तैनात किया गया। पिछले डेढ़ महीने में जवानों को मतदान केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में सुरक्षा देने की जिम्मेदारी दी गई। बेहतर समन्वय दिखाते हुए, सभी सीएपीएफ यूनिट्स के प्रमुख 18 अप्रैल को कोलकाता के साइंस सिटी में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए मिले। यहां तक कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीमें, जिसका काम कानून-व्यवस्था संभालना नहीं है, भी संवेदनशील इलाकों में तैनात की गईं। एक और अभूतपूर्व बात यह हुई कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोलकाता की एक रैली में घोषणा की कि मतदान खत्म होने के बाद भी लगभग सत्तर हजार केसपुब जवान पश्चिम बंगाल में 'अगले आदेश तक' तैनात रहेंगे। जबकि आमतौर मतदान खत्म होते ही केसपुब की बटालियनें अपनी मूल तैनाती पर लौटने लगती हैं। और बाद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील इलाकों में आमतौर पर सिर्फ 30 से 40 बटालियन ही रखी जाती हैं। समूचे देश में पश्चिम बंगाल अकेला ऐसा राज्य है, जहां चुनाव के दौरान और नतीजे घोषित होने के बाद भी भारी हिंसा होती रही है और इसमें कई लोग मारे जाते रहे हैं। यहां सवाल लोकतांत्रिक नैतिकता और शांति तथा निर्भय वातावरण में चुनाव सम्पन्न कराने का है। प. बंगाल में यह शिकायत बड़े पैमाने पर आई है कि वहां विरोधी पार्टी के मतदाता को डरा धमका कर या तो घर से ही नहीं निकलने दिया जाता या फिर कोई दूसरा ही उसका वोट देकर चला जाता है। अर्थात् फर्जी वोटिंग भी खूब होती है। ऐसे में केन्द्र सरकार के पास केन्द्रीय सुरक्षा बलों की बड़े पैमाने पर तैनाती के अलावा कोई और उपाय नहीं बचता। केन्द्र सरकार के इस कदम से विचलित और चिंतित तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि यह चुनाव में 'केंद्र का दखल' है और 'डराने की कोशिश' है। दूसरी तरफ केंद्र का कहना है कि यह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए ज़रूरी कदम है। 2021 के विस चुनाव के दौरान राज्य में चुनाव से जुड़ी 50 से ज्यादा मौतें और हिंसा की 300 से ज्यादा घटनाएं हुई थीं। इस बार सिर्फ एक मौत की खबर आई और वह भी राजनीतिक हिंसा से जुड़ी नहीं थी। आरोप- प्रत्यारोप अपनी जगह हैं, लेकिन यह हकीकत है कि बड़े पैमाने पर केससुब की तैनाती से मतदाताओं में भरोसा बना तथा 92 फीसदी से ज्यादा लोगों ने मताधिकार का प्रयोग कर सर्वाधिक मतदान का नया रिकॉर्ड बना डाला।

# सियासत का चक्रव्यूह: जहाँ रणनीति ही चुनौती बन गई

**साल 1997 में ममता बनर्जी ने कांग्रेस से अलग होकर तृणमूल कांग्रेस की स्थापना की। उस समय बंगाल में सीपीआई (एम) और वामपंथी दलों का गहरा प्रभाव था। इस प्रभाव को तोड़ने के लिए ममता को एक मजबूत सहयोगी की जरूरत थी, और यह सहयोग उन्हें भाजपा के रूप में मिला। 1999 में वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार में शामिल हुईं और रेल मंत्री बनीं। यह वह दौर था जब भाजपा और टीएमसी के बीच संबंध केवल रणनीतिक नहीं बल्कि वैचारिक सहमति के स्तर तक पहुंचते दिख रहे थे। यहां तक कि ममता ने एक समय भाजपा को 'स्वाभाविक सहयोगी' तक कहा। हालांकि 2001 के ऑपरेशन वेस्ट एंड के बाद ममता ने एनडीए से दूरी बना ली, लेकिन 2003 में वह फिर उसी गठबंधन में लौट आईं। इस दौरान उनके संबंध राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा नेताओं से भी मधुर रहे। मोहन भागवत जैसे नेताओं के प्रति उन्होंने सकारात्मक बयान दिए। यह वह समय था जब राजनीति में विरोध और समर्थन की सीमाएं इतनी स्पष्ट नहीं थीं। ममता बनर्जी एक तरफ वामपंथ के खिलाफ लड़ाई लड़ रही थीं, तो दूसरी तरफ भाजपा के साथ रणनीतिक गठजोड़ बनाए रख रही थीं।**

भारतीय राजनीति केवल विचारधाराओं का संघर्ष नहीं है, बल्कि यह समय, परिस्थितियों और निर्णयों का एक जटिल ताना-बाना है, जिसमें जो बोया जाता है, वही अंततः फल बनकर सामने आता है। पश्चिम बंगाल की राजनीति में ममता बनर्जी का सफर इसी सत्य का जीवंत उदाहरण बन चुका है। कभी वामपंथ के गढ़ को ध्वस्त करने के लिए उन्होंने जिस शक्ति को बंगाल की धरती पर प्रवेश कराया, वही शक्ति आज उनके सबसे बड़े राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के रूप में खड़ी दिखाई देती है- भारतीय जनता पार्टी।

साल 1997 में ममता बनर्जी ने कांग्रेस से अलग होकर तृणमूल कांग्रेस की स्थापना की। उस समय बंगाल में सीपीआई (एम) और वामपंथी दलों का गहरा प्रभाव था। इस प्रभाव को तोड़ने के लिए ममता को एक मजबूत सहयोगी की जरूरत थी, और यह सहयोग उन्हें भाजपा के रूप में मिला। 1999 में वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार में शामिल हुईं और रेल मंत्री बनीं। यह वह दौर था जब भाजपा और टीएमसी के बीच संबंध केवल रणनीतिक नहीं बल्कि वैचारिक सहमति के स्तर तक पहुंचते दिख रहे थे। यहां तक कि ममता ने एक समय भाजपा को 'स्वाभाविक सहयोगी' तक कहा।

हालांकि 2001 के ऑपरेशन वेस्ट एंड के बाद ममता ने एनडीए से दूरी बना ली, लेकिन 2003 में वह फिर उसी गठबंधन में लौट आईं। इस दौरान उनके संबंध राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा नेताओं से भी मधुर रहे। मोहन भागवत जैसे नेताओं के प्रति उन्होंने सकारात्मक बयान दिए। यह वह समय था जब राजनीति में विरोध और समर्थन की सीमाएं इतनी स्पष्ट नहीं थीं। ममता बनर्जी एक तरफ वामपंथ के खिलाफ लड़ाई लड़ रही थीं, तो दूसरी तरफ भाजपा के साथ रणनीतिक गठजोड़ बनाए रख रही थीं।



2011 में ममता बनर्जी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज कर 34 वर्षों से सत्ता में काबिज वामपंथी सरकार को उखाड़ फेंका। लेकिन यही वह समय था जब भाजपा धीरे-धीरे बंगाल में अपनी जड़ें मजबूत कर रही थी। 2014 के बाद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार किया और बंगाल भी इस रणनीति का केंद्र बना। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने बंगाल में अप्रत्याशित सफलता हासिल की, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि अब राज्य में सीधी लड़ाई टीएमसी और भाजपा के बीच है। ममता बनर्जी की संभावित हार के कई कारण उभर कर सामने आते हैं। पहला कारण है शासन के खिलाफ बढ़ती नाराजगी। लंबे समय तक सत्ता में रहने के कारण एंटी-इनकंबेंसी स्वाभाविक है। भ्रष्टाचार के आरोप, जैसे शिक्षक भर्ती घोटाला, ने उनकी छवि को नुकसान पहुंचाया। दूसरा कारण है संगठनात्मक कमजोरी। टीएमसी में कई बड़े नेताओं का आना-जाना, जैसे मुकुल रॉय का भाजपा में जाना और फिर लौटना, पार्टी की स्थिरता पर सवाल उठाता है।

तीसरा महत्वपूर्ण कारण है भाजपा का आक्रामक विस्तार। भाजपा ने हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और विकास के मुद्दों को बंगाल में प्रभावी ढंग से पेश किया, जिससे एक नया वोट बैंक तैयार हुआ। चौथा कारण है विपक्षी गठबंधनों की कमजोरी। इंडिया गठबंधन के भीतर समन्वय की कमी और टीएमसी का अलग रुख भी ममता के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। 2019 के बाद नागरिकता संशोधन अधिनियम और एनआरसी जैसे मुद्दों पर ममता बनर्जी ने तीखा विरोध किया। लेकिन संसद में उनकी पार्टी के कुछ सांसदों की अनुपस्थिति ने राजनीतिक सवाल खड़े किए। इससे उनकी रणनीति पर संदेह उत्पन्न हुआ और विपक्षी एकता कमजोर पड़ी। ममता बनर्जी की राजनीति में एक बड़ा विरोधाभास यह रहा है कि उन्होंने कभी आरएसएस और भाजपा की प्रशंसा की, तो कभी उनके खिलाफ सबसे तीखा संघर्ष किया। यह द्वंद्व उनकी छवि को अस्थिर बनाता है। राजनीति में स्थिरता और स्पष्टता बहुत महत्वपूर्ण होती है। जब नेता बार-बार अपने रुख बदलते हैं, तो जनता के बीच विश्वास कमजोर पड़ता है। यही स्थिति आज टीएमसी के सामने दिख रही है।

यह कहना जल्दबाजी होगी कि तृणमूल कांग्रेस का भविष्य समाप्त हो जाएगा। बंगाल की राजनीति में ममता बनर्जी अभी भी एक मजबूत नेता हैं और उनके पास जमीनी समर्थन है। हालांकि, यदि पार्टी अपने संगठन को मजबूत नहीं करती, भ्रष्टाचार के आरोपों से खुद को मुक्त नहीं करती और स्पष्ट राजनीतिक रणनीति नहीं बनाती, तो भविष्य में उसकी स्थिति कमजोर हो सकती है। दूसरी ओर, भाजपा का उभार लगातार जारी है, लेकिन बंगाल की सांस्कृतिक और सामाजिक संरचना उसे पूरी तरह स्वीकार करेगी या नहीं, यह भी एक बड़ा प्रश्न है।

बंगाल की राजनीति आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहां अतीत के निर्णय वर्तमान को प्रभावित कर रहे हैं। ममता बनर्जी ने जिस राजनीतिक रणनीति के तहत भाजपा को बंगाल में प्रवेश दिया, वही आज उनके लिए चुनौती बन गई है। अब भविष्य में टीएमसी और ममता बनर्जी का राजनीतिक अस्तित्व इस बात पर निर्भर करेगा कि वे अपनी गलतियों से कितना सीखती हैं और बदलते समय के साथ खुद को कितना ढाल पाती हैं।

अध्यात्म

# सच्ची सेवा - भावना!



एक संत ने एक विश्व-विद्यालय आरंभ किया इस विद्यालय का प्रमुख उद्देश्य था ऐसे संस्कारीयुवक-युवतियों का निर्माण जो समाज केविकास में सहभागी बन सकें।

एक दिन उन्होंने अपने विद्यालय में एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया।जिसका विषय था - 'जीवों पर दया एवं प्राणिमात्र की सेवा।'

निर्धारित तिथि को तयशुदा वक्त पर विद्यालयके कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रतियोगिता आरंभ हुई।किसी छात्र ने सेवा के लिए संसाधनों की महत्तापर बल देते हुए कहा कि हम दूसरों की तभीसेवा कर सकते हैं जब हमारे पास उसके लिएपर्याप्त संसाधन हों। वहीं कुछ छात्रों की यह भीराय थी कि सेवा के लिए संसाधन नहीं, भावनाका होना जरूरी है।

इस तरह तमाम प्रतिभागियों ने सेवा के विषयमें शानदार भाषण दिए। आखिर में जबपुरस्कार देने का समय आया तो संत ने एकऐसे विद्यार्थी को चुना, जो मंच पर बोलने केलिए ही नहीं आया था।

यह देखकर अन्य विद्यार्थियों और कुछ शैक्षिकसदस्यों में रोष के स्वर उठने लगे। संत ने सबको शांत कराते हुए बोले, 'प्यारे मित्रो वविद्यार्थियो, आप सबको शिकायत है कि मैंनेऐसे विद्यार्थी को क्यों चुना, जो प्रतियोगिता मेंसम्मिलित ही नहीं हुआ था। दरअसल, मैंजानना चाहता था कि हमारे विद्यार्थियों में कौनसेवाभाव को सबसे बेहतर ढंग से समझता है।

इसीलिए मैंने प्रतियोगिता स्थल के द्वार पर एकघायल बिल्ली को रख दिया था। आप सब उसीद्वार से अंदर आए, पर किसी ने भी उस बिल्लीकी ओर आंख उठाकर नहीं देखा। यह अकेलाप्रतिभागी था, जिसने वहां रुक कर उसकाउपचार किया और उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़आया। सेवा-सहायता डिबेट का विषय नहीं, जीवन जीने की कला है।

जो अपने आचरण से शिक्षा देने का साहस नरखता हो, उसके वक्तव्य कितने भी प्रभावी क्योंन हों, वह पुरस्कार पाने के योग्य नहीं है।

# सत्ता परिवर्तन जरूरी, मगर एक विचार यह भी

**महान दार्शनिक, राजनीतिज्ञ एवं समाज विशेषज्ञ अरस्तु ने कभी कहा था कि लोकतंत्र अज्ञानियों (मूर्खो) द्वारा किया गया शासन है. वे लोकतंत्र को भीड़ का शासन कहते थे, और भीड़ का कोई विवेक नहीं होता. मध्य भारत में इस वक्त लू की लपेट चल रही है, इधर पांच राज्यों के चुनाव ने इसे और गर्म कर दिया था. अब पांच राज्यों के चुनाव का परिणाम भी आ चुका है. देश के सभी राजनीतिज्ञों, मीडिया, और आमजनों का ध्यान मुख्य रूप से पश्चिम बंगाल के परिणाम पर था.**

पश्चिम बंगाल जहां पिछले 15 साल से कद्दावर नेता ममता बनर्जी शासन में थी. इसलिए बीजेपी यहां जीतने के लिए एक दशक से लालायित थी. होती भी क्यों नहीं अब तक उसने जिन राज्यों में जैसा चाहा वैसा परिणाम हासिल किया है. अगर इस बार का चुनाव बीजेपी वहां हार जाती तो 29 के बाद शायद ही कभी उसे पश्चिम बंगाल में जीत का मुंह देखना पड़ता है. एक प्रकार से कहें तो यह जीत उसके नाक पर बन आयी थी. क्योंकि अगर वह अपने युग पुरुष के रहते ऐसा नहीं कर पाती तो उसकी रणनीति उसे कभी चैन से सोने नहीं देती.

ममता बनर्जी को हटाने के लिए भारतीय जनता पार्टी 2021 से ही कमर कस चुकी थी. आज शायद बहुत कम लोगों को यह याद हो कि बीजेपी की जो टीम पश्चिम बंगाल में बनी हुई है वह उसके उसी ईडी, सीबीआई के धरपकड़ परिणामों का ही नतीजा है कि टीएमसी के आधे नेता बीजेपी में शामिल हो चुके थे, फिर भी ममता सबके सामने अकेले डटी रही. ममता को हराने के लिए बीजेपी ने इस बार भी कोई कसर नहीं छोड़ी थी. इडी, सीबीआई तो पहले से ही उसके पास थी इस बार उसने सर की बदौलत तथाकथित घुसपैठियों को बाहर निकाल कर अपनी जीत पक्की कर ली. उसे यह घुसपैठिए ममता बनर्जी की उन्हीं क्षेत्रों में मिले जहां टीएमसी को 70 से 80 प्रतिशत सीटे प्राप्त होती थी. लोकतंत्र में भरोसा करने वाला हर व्यक्ति कभी भी किसी की स्थाई सरकार नहीं चाहेगा क्योंकि यही लोकतंत्र की जान है. ममता बनर्जी 15 साल से पश्चिम बंगाल में थी. आज नहीं तो कल उन्हें भी बेदखल होना ही था परंतु इस तरह होंगी यह हमारे लोकतांत्रिक व्यवस्था पर एक सवाल है.अभी इसी वर्ष हमने बिहार में भी चुनाव देखे हैं. जहां सत्ता पक्ष ने प्रत्यक्ष रूप से महिलाओं के खाते में पैसे आवंटित कर मतदान के दौरान वोट खरीदने का कार्य किया था चाहती तो ममता भी ऐसा कुछ कर सकती थी लेकिन उन्होंने नैतिकता का दामन नहीं छोड़ा, और आज नैतिकता ने उन्हें खुद छोड़ दिया. शायद अरस्तु इसी दिन के लिए इशारा कर रहे थे, आज उनका कथन सत्य लग रहा है. मैं बीजेपी और अमित शाह के रणनीति का दाद देना चाहूंगा. हम बीजेपी का कितना भी विरोध कर ले पर उनके चुनावी रणनीति का कोई जवाब नहीं है.2011 में बीजेपी पश्चिम बंगाल में शून्य पर थी. 2016 में उसने अपना खाता खोला, और 2021 में 77 सीटों के साथ विपक्ष में बैठी पर उसकी नजर पश्चिम बंगाल के सत्ता पर बनी रही और उसने अपने सारे अस्त्र इस्तेमाल किये आज परिणाम उसके सामने है. दूसरी तरफ प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने भी उनके लिए कुछ रास्ते खोलने का कार्य किया तभी वह यहां तक पहुंच पाई. 2011 और 2016 के चुनाव में ममता बनर्जी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन में अपनी सरकार बनाई थी. फिर 2021 में ममता को लगा कि अब हम कांग्रेस के बगैर भी सत्ता में आ सकते हैं और वह जीत भी गई. ममता बनर्जी को पूरा भरोसा था कि वह 2021 के परिणाम की पुनः पुनरावृत्ति करेंगी और कांग्रेस के बगैर अपनी सत्ता बचा पाएंगी . पर उन्होंने इतनी बड़ी भूल कैसे कर दी जहाँ बीजेपी जैसा शातिर विपक्षी हो जिसके पास ईडी सीबीआई, धन, संसाधन, मीडिया सबकुछ है उससे अकेले लड़ना उनके लिए कितना सुरक्षित रहेगा? उनका यही अति उत्साह उन्हें ले डूबा. लेकिन एक तरह से यह अच्छा भी हुआ 2029 की लोकसभा चुनाव के लिए विपक्ष में कोई मजबूत महिला नेता नहीं थी अब ममता बनर्जी को काफी वक्त मिलेगा 2029 की तैयारी के लिए साथ ही देश के उन सभी क्षेत्रीय पार्टियों के लिए भी एक संदेश होगा जो अपने राज्यों में दशकों से बीजेपी से अकेले लड़ रही है उन्हें भी अब समझना होगा कि यूं ही अकेले चलने से उन्हें सिकस्त के अलावा कुछ नहीं मिलने वाला.

तमिलनाडु की राजनीति ने हमेशा चौकाने का कार्य किया है. वहां सत्ता परिवर्तन होते रहता है. अच्छी बात है कि वहां की राजनीति मध्य भारत और पूर्वोत्तर की राजनीति से थोड़ी बेहतर है. तमिलनाडु के वर्तमान मुख्यमंत्री एम के स्टालीन इस बार तीसरे स्थान पर पहुंच गए है.तमिल अभिनेता विजय जिन्हें उनके प्रशंसक थलपति कहते हैं की नई पार्टी तमिलागा वेट्ट्री कज़गम (टीवीके) ने अपने परिणाम से सभी को चौका कर रख दिया है . विजय ने मात्र 2 साल पूर्व ही अपनी पार्टी का गठन किया था और आज वे मुख्यमंत्री के पायदान पर पहुँच चुके है.अंबेडकर पेरियार और धर्मनिरपेक्ष की राजनीति का दावा करने वाले विजय का अब देखना यह होगा कि वह तमिलनाडु को कौन सी दिशा देते हैं.

असम चुनाव में भाजपा द्वारा स्वच्छ किए गए हेमंत विश्वकर्मा पुनः मुख्यमंत्री बनने वाले हैं, वहीं केरल में यूडीएफ गठबंधन की सरकार बनने वाली है जिसमें कांग्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका होगी और पुडुचेरी में बीजेपी ले दे करके किसी ने किसी तरह सरकार बनाने वाली है. इस प्रकार भाजपा आसाम, बंगाल और पुडुचेरी में अपना भगवा लहराने में कामयाब हो रही है, वहीं केरल के चुनाव में गठबंधन से सत्ता में वापसी करने वाली कांग्रेस ने यह जता दिया है कि उसके बगैर बीजेपी का रथ रोकना आसान नहीं है. इस तरह से बीजेपी आज अपने दो राज्यों को बचाने के साथ-साथ बंगाल का किला भी अपने नाम करने में कामयाब हो चुकी है.

आज देश के 70% विभाग पर बीजेपी का शासन है अब उसके सामने अगले वर्ष होने वाले उत्तर प्रदेश का चुनाव है जिसकी तैयारी में मोदी जी लग चुके है . अगर इस देश की राजनीति इसी तरह बढ़ती रही तो यकीन मानिए की लोकतंत्र की ताकत कहे जाने वाला विपक्ष सिर्फ नाम का ही रह जाएगा क्योंकि जिस प्रकार से हाल ही में आप के सात सांसदों को बीजेपी ने अपने पाले में खींच लिया हैं. इसके पहले भी वह कई राज्यों में सरकारे तोड़ चुकी है, विधायक खरीद चुकी है पार्टियों को तोड़ दिया है और मूक जनता सब देख रही है तो फिर भगवान ही बचाए इस देश को. बीजेपी ने एक बात सबके दिलों दिमाग में बैठा दी है कि मुस्लिम हमारा सबसे बड़ा दुश्मन है इसके इतर आज देश की जनता को कुछ दिखाई नहीं दे रहा.

कुछ ही महीनो में आप देखेंगे की टीएमसी के आधे नेता बीजेपी में शामिल हो जाएंगे. ममता अकेली रह जाएंगी और हो सकता है सरकार अगले लोकसभा चुनाव से पहले उन्हें जेल में भी डाल दें. और यकीन मानिए यह सब कुछ बहुत ईमानदारी से होगा. अगर यही भारत का लोकतंत्र है तो फिर राजतंत्र क्या बुरा था? आज हम बांग्लादेश से भी कई मायनों में पीछे हो चुके हैं. शिक्षा की गुणवत्ता में हमें कोई विश्वास नहीं. हर रोज करोड़ों के पुल बह रहे हैं, आलीशान पार्टी कार्यालय बनाए जा रहे हैं पर अब भ्रष्टाचार कोई मुद्दा नहीं है. बीजेपी के बड़े-बड़े नेता खुलेआम ऐयाशी करते पकड़े जा रहे हैं, थाने में दरोगा को झापड़ मार रहे हैं पर सब कुछ कायदे से हो रहा है. बलात्कार और लिंचिंग मीडिया में कहीं दिखाई नहीं दे रहा अब यह सोशल मीडिया का मामला रह गया है. रोजगार के तो क्या कहने पूरा परिवार मिलकर कमा रहा है भला इससे बेहतर और क्या चाहिए. मणिपुर जल रहा है पर इससे हमें क्या लेना देना आप झालमुड़ी खाईये. फ़िलहाल बीजेपी उत्तर प्रदेश के चुनाव की तैयारी में लग चुकी है आप गैस की लाइन में खड़े रहिए .

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आर्थिक रूप से मिला-जुला रहने वाला है। यात्रा या कुछ नया सीखने की एक्टिविटीज पर खर्च बढ़ सकता है।

**वृषभ**
आज धन के मामले में काफी सावधानी बरतने की जरूरत है। कुछ अचानक आने वाले खर्च आपको परेशान कर सकते हैं। सट्टेबाजी या जोखिम भरे निवेश से आज दूरी बनाकर रखें।

**मिथुन**
आर्थिक दृष्टि से आज का दिन सामान्य रहने वाला है। नेटवर्किंग या साझेदारी के माध्यम से कुछ धन लाभ के संकेत हैं। हालांकि, खर्चों में भी बढ़ोतरी हो सकती है।

**कर्क**
आज वित्त के क्षेत्र में बहुत ही व्यवस्थित योजना बनाना जरूरी है। अचानक आने वाले खर्चों के कारण बजट बिगड़ सकता है। बृहस्पतिदेव की स्थिति सुझाव देती है कि आप बचत पर अधिक ध्यान दें।

**सिंह**
आर्थिक रूप से आज का दिन एवरेज रहेगा। नेटवर्किंग या क्रिएटिव कार्यों के माध्यम से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं। अष्टम भाव में मंगलदेव और शनिदेव होने के कारण किसी भी बढ़े जोखिम से बचें।

**कन्या**
आज आपकी आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी, फिर भी सावधानी जरूरी है। किसी भी तरह के अचानक या बड़े वित्तीय फैसलों से आज बचें। अष्टम भाव का प्रभाव बताता है।

**तुला**
आज धन के मामले में दिन सामान्य रहने वाला है। आपके निरंतर प्रयास छोटे-छोटे लाभ दिला सकते हैं। अचानक होने वाले खर्चों से बचने के लिए बजट पहले ही तैयार कर लें।

**वृश्चिक**
आज आपका पूरा ध्यान वित्तीय प्रबंधन पर होगा। चंद्रदेव आपको बचत बढ़ाने और बजट बनाने के लिए प्रेरित करेंगे। अनावश्यक खर्चों पर लगाम लगाना बहुत जरूरी है।

**धनु**
आर्थिक रूप से आज का दिन शांत रहेगा। सुख-सुविधाओं और घर से संबंधित वस्तुओं पर कुछ धन खर्च हो सकता है। शुक्रदेव आपके दैनिक खर्चों में स्थिरता बनाए रखने में मदद करेंगे।

**मकर**
आज धन के मामलों में बहुत ही फूंक - फूंक कर कदम रखने की जरूरत है। बारहवें भाव में चंद्रदेव की उपस्थिति आपके खर्चों में बढ़ोतरी करा सकती है। फालतू खर्चों पर नियंत्रण रखें और बजट के अनुसार ही चलें।

**कुंभ**
आर्थिक रूप से आज का दिन एवरेज रहेगा। नेटवर्किंग या रचनात्मक प्रयास के जरिए लाभ होने की संभावना है। हालांकी, दूसरे भाव में मंगलदेव और शनिदेव होने के कारण आपको खर्चों और पैसों से जुड़ी बातचीत पर काबू रखना होगा।

**मीन**
आज आर्थिक मामलों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। दूसरे भाव के सूर्यदेव आपकी आय तो बढ़ा रहे हैं, लेकिन बुद्धदेव के अस्त होने से वित्तीय निर्णय लेने में सावधानी बरतें।

## संक्षिप्त समाचार

### 19 मई से जिला में 'सहयोग शिविर' कार्यक्रम

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सहयोग शिविर के सफल संचालन को लेकर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं अनुमंडल पदाधिकारी सदर निशांत सिहारा के द्वारा तुरकौलिया प्रखंड के जयसिंहपुर पूर्वी पंचायत में निरीक्षण किया गया। वहां पर अंचलधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी,



प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। विदित हो की शिविर में सभी विभागों से संबंधित आवेदन को पंजीकृत कर ससमय समस्या का समाधान करते हुए उसकी एक प्रति लाभुक को उपलब्ध कराते हुए सेवा समाधान पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

### बच्चों के बीच झगड़ा, तीन घायल

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार को माधोपुर गांव में बच्चों के झगड़ा को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान तीन लोग घायल हो गए। घायलो को इलाज के लिए मनेर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां तीनों घायलों का इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि माधोपुर गांव के रहने वाले गोलू कुमार और संजय गुप्ता के परिवार बच्चों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद के दौरान दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान संजय गुप्ता निशांत कुमार और शुभम कुमार लहू लुहान होकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल तीनों लोगों को इलाज के लिए मनेर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल तीनों लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। इस मामले में पीड़ित संजय गुप्ता ने मनेर थाने में लिखित शिकायत कर आधा दर्जन लोगों को नामजद अभियुक्त बनाते हुए पुलिस से कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

### पीएम मोदी के आगमन को लेकर जीविका दीदियों में उत्साह

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में 7 मई को यानी आज होने वाले नए मंत्रिमंडल के शपथग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के आगमन कार्यक्रम में मसौढ़ी अनुमंडल से 4 हजार 200 जीविका दीदियां शामिल होंगी। इसको लेकर जीविका कार्यालय और प्रखंड प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है।बीपीएम जीविका दिग्विजय नारायण ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर मसौढ़ी, पुनपुन प्रखंड से कुल 4 हजार 200 जीविका दीदियों को पटना भेजा जा रहा है। अकेले मसौढ़ी प्रखंड से 4000, और पुनपुन से 200 दीदियां शामिल होंगी। सभी का रजिस्ट्रेशन और आईडी कार्ड बनाने का काम मंगलवार से शुरू हो गया है। परिवहन व्यवस्था के लिए 90 बसों की व्यवस्था की गई है। 7 मई को सुबह सात बजे से मसौढ़ी और पुनपुन से बसें रवाना होंगी। हर बस में एक जीविका कर्मी और एक महिला पुलिसकर्मी तैनात रहेंगी। दीदियों को नाश्ता, पानी और लंच पैकेट भी दिया जाएगा। बीपीएम ने कहा की यह मसौढ़ी के लिए गौरव की बात है। हमारी जीविका दीदियां स्वावलंबन की मिसाल हैं। पीएम के सामने मसौढ़ी की महिला शक्ति का प्रदर्शन होगा। सभी दीदियों को सुरक्षित लाने-ले जाने की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की है।मसौढी की जीविका दीदीयों ने कहा, "टीवी पर पीएम को देखती थी। अब सामने से देखेंगी। बहुत खुशी हो रही है। हमने हरा साड़ी पहनकर जाने की तैयारी कर ली है।" मसौढ़ी की सीएलएफ ने कहा, "सरकार ने जीविका को जो सम्मान दिया है, उसके लिए आभारी हैं। हम पीएम का स्वागत पूरे जोश से करेंगी।



### पुनपुन के किसान पंचायतों में किसानों को एक जुट करने में जुटे, ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप का मुद्दा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप को लेकर पुनपुन प्रखंड के किसानों का बिरोध अभी भी जारी है. हालांकि पिछले सप्ताह एसडीओ अभिषेक कुमार ने पुनपुन प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बीडीओ के कक्ष मे किसानों के साथ बैठक कर उनकी समस्या को सुना था और आश्वासन दिया था कि आपकी बात को जिला के वरीय पदाधिकारी के पास पहुंचा दिया जायेगा. इधर प्रखंड के किसानों ने अब पंचायत स्तर पर किसानों को एकजुट करने मे जुट गये है. बुधवार को प्रखंड के लखना में इस मुद्दे को लेकर दर्जनों किसानों ने बैठक की एवं अपनी मांगो के समर्थन मे नारेबाजी की. किसानों ने कहा कि वे विकसित बिहार के निर्माण मे अपना सहयोग देने को तैयार है.बशर्ते सरकार हमे उचित मुआवजा समेत अन्य मांगो की पूर्ति करने की गारंटी दे. उन्होने कहा कि टाउनशिप के लिये अधिग्रहित भूमि का 75 प्रतिशत भूमि किसानों को वापस दी जाये और शेष बची 25 प्रतिशत भूमि का बाजार मूल्य के चार गुणा मुआवजा दिया जाये। इस दौरान किसानों को कोई आवश्यकता आ पडती है ,जैसे लड़की की शादी, बीमारी, बच्चो की पढ़ाई उस स्थिति मे जमीन बिक्री पर लगी रोक की बजह से किसानो को बैक से बिना ऋण के आवश्यकतानुसार ऋण देने की गारंटी सरकार दे।किसानों का कहना है कि वे विकास के विरोध में नहीं हैं, बल्कि सरकार के साथ मिलकर आगे बढ़ना चाहते हैं. हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि उचित मुआवजा और उनकी मांगों की पूर्ति के बिना वे जमीन देने के लिए तैयार नहीं है.किसानो कि कहना है कि अब इस मुद्दे को लेकर प्रखंड के पंचायतो मे जाकर किसानों को एकजुट करते हुये आगे का आन्दोलन फूंका जायेगा।

### अग्निशमन सप्ताह : कई अस्पतालों में हुआ मॉक ड्रिल

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अग्निशमन सप्ताह दिवस की शुरूआत मंगलवार से की गई है। जहां डीएसपी मंजीत सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम की शुरूआत के पहले अग्निशमन सेवा से शहीद पुलिस पदाधिकारी को शहादत दिया गया उन्हें याद किया गया, उसके बाद एसडीएम अभिषेक कुमार और एएसपी कोमल मीणा को फ्लैग पिन लगाकर उन्हें सम्मानित किया गया, उसके बाद अनुमंडलीय अस्पताल, मसौढ़ी कृष्णा नर्सिंग होम, अरविंद अस्पताल और आयुष्मण क्लिनिक में फायर ऑडिट किया गया, वहीं कई जगह पर मॉक ड्रिल भी किया गया, इस अवसर पर डीएसपी मंजीत सिंह ने बताया कि 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सप्ताह दिवस का आयोजन किया गया है और प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों की जाएगी, जिसमें अस्पतालों के ऑडिट स्कूल कॉलेज कोचिंग होटल ढाबा सभी जगह पर फायर सेफ्टी की सुरक्षा की जांच उन्हें तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# बारात से लौट रही आर्केस्ट्रा पार्टी की गाड़ी बनी मौत का सफर

**छपरा में भीषण सड़क हादसा, चार कलाकारों की मौत; सात घायल, दो की हालत गंभीर**



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शादी समारोह में रातभर लोगों का मनोरंजन करने के बाद लौट रही आर्केस्ट्रा पार्टी की टीम के लिए सफर जानलेवा साबित हुआ। सारण जिले के भगवान बाजार थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह तेज रफ्तार आर्केस्ट्रा वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा इतना भयावह था कि मौके पर ही चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दो की हालत नाजुक बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के बलिया जिले का एक आर्केस्ट्रा ग्रुप छपरा शहर के छोटा ब्रह्मपुर इलाके में आयोजित एक शादी समारोह में कार्यक्रम प्रस्तुत करने आया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी कलाकार वाहन से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान छपरा-रिविलगंज मुख्य मार्ग पर पीएन सिंह डिग्री कॉलेज के समीप तेज रफ्तार वाहन अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग दौड़ पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वाहन काफी तेज गति में था। चालक संतुलन नहीं संभाल सका, जिसके बाद गाड़ी सड़क पर पलट गई। हादसे की तीव्रता इतनी अधिक थी कि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार कई लोग अंदर ही फंस गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू करते हुए घायलों को बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही भगवान बाजार थाना पुलिस, एसडीपीओ तथा वरीय पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। इसी बीच संयोगवश वहां से गुजर रही आईटीबीपी की एक प्लाटून ने भी मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए राहत कार्य में सहयोग किया। जवानों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने, भीड़ नियंत्रित करने तथा यातायात सामान्य कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हादसे में मृतकों की पहचान अवधेश ग्वाल, सोनी देवी, राहुल कुमार तथा प्रीति देवी के रूप में हुई है। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं घायल दिलीप कुमार, शिवम कुमार, श्याम वीर, संगीता देवी, मनोज कुमार समेत अन्य लोगों का इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार कई घायलों के शरीर में गंभीर चोटें और हड्डियां टूटने की पुष्टि हुई है। इस दर्दनाक हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया है। घटना से पूरे इलाके में शोक का माहौल व्याप्त है। पुलिस दुर्घटना के वास्तविक कारणों की जांच में जुटी हुई है।

## सीमा पार समन्वय से लापता दो लड़कियां सकुशल बरामद



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीमा पार नेपाल के वीरगंज महानगरपालिका के घड़ीआरवा क्षेत्र से लापता हुई दो नाबालिग लड़कियों को भारत के छपरा रेलवे स्टेशन से सुरक्षित बरामद कर लिया गया है। बरामदगी के बाद दोनों को सकुशल उनके परिजनों के हवाले कर दिया गया, जिससे परिवार और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। परिजनों के अनुसार, नव्या साहनी और आर्य गुप्ता के भारत पहुंचने की सूचना मिलते ही उनकी तलाश तेज कर दी गई थी। इस बीच सुशील कुमार कानू ने मामले को गंभीरता से लेते हुए भारतीय पुलिस के साथ समन्वय स्थापित किया और तत्काल खोज व बचाव अभियान शुरू कराया। इसी संयुक्त प्रयास के तहत भारतीय पुलिस ने छपरा रेलवे स्टेशन से दोनों लड़कियों को सुरक्षित रेस्क्यू कर अपने संरक्षण में लिया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें घड़ीआरवा निवासी एवं आर्य गुप्ता के चाचा लालबाबू कानू को सौंप दिया गया, जिसके बाद बच्चियों को सुरक्षित घर भेज दिया गया। इस सफल कार्रवाई के बाद दोनों परिवारों में खुशी का माहौल है। वहीं स्थानीय लोगों ने भारत-नेपाल सीमा पार प्रशासनिक समन्वय की सराहना करते हुए कहा कि समय पर की गई पहल से बड़ी अनहोनी टल गई।

## जनगणना कार्य के कारण बनकटवा प्रखंड में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित, शिक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनगणना कार्य के चलते बनकटवा प्रखंड क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की पढ़ाई इन दिनों लगभग ठप सी हो गई है, जिससे अभिभावकों और ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है।जानकारी के अनुसार, प्रखंड के अधिकांश शिक्षक और शिक्षा कर्मी जनगणना कार्य में लगाए गए हैं। ऐसे में स्कूलों में नियमित कक्षाएं संचालित नहीं हो पा रही हैं। कई विद्यालयों में तो स्थिति यह है कि या तो शिक्षक अनुपस्थित हैं या फिर सीमित संख्या में उपलब्ध होने के कारण बच्चों को केवल औपचारिक रूप से बैठाकर समय बिताया जा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों की शिक्षा पहले से ही कोरोना काल के बाद प्रभावित रही है, और अब जनगणना जैसे गैर-शैक्षणिक कार्यों में शिक्षकों की तैनाती से स्थिति और गंभीर हो गई है। अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि शिक्षा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।वहीं, नाम नहीं छापने के शर्त पर कुछ शिक्षकों का कहना है कि सरकार के निर्देश के अनुसार जनगणना कार्य प्राथमिकता में है, जिसके चलते उन्हें स्कूल की जिम्मेदारियों से समय निकाल पाना मुश्किल हो रहा है।इस पूरे मामले में शिक्षा विभाग की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो बच्चों की पढ़ाई पर इसका दीर्घकालिक असर पड़ सकता है।जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य के साथ-साथ बच्चों की शिक्षा को संतुलित रखना प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या का समाधान कैसे निकालते हैं।इस मामले में जब प्रखंड विकास पदाधिकारी श्याम कुमार और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजीव कुमार से सवाल किया गया, तो दोनों ही अधिकारी स्पष्ट जवाब देने से बचते नजर आए। उनकी चुप्पी ने प्रशासन की कार्यशैली पर और भी सवाल खड़े कर दिए हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। वहीं शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग तेज हो गई है।

**प्रखंड अध्यक्ष का सरकार पर हमला**

इसी मुद्दे को लेकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रखंड अध्यक्ष सीताराम यादव ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। राजद नेता का कहना है कि सरकार की लापरवाही के कारण बच्चों की शिक्षा से खिलवाड़ हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार को जनगणना जैसे कार्यों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए थी, ताकि शिक्षा व्यवस्था प्रभावित न हो।राजद नेता प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे इस मुद्दे को लेकर आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। वहीं, स्थानीय लोगों की मांग है कि सरकार तत्काल कदम उठाए और स्कूलों में नियमित पढ़ाई सुनिश्चित करे, ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित रह सके।

## रक्सौल हवाई अड्डा के नवनिर्माण को मिली रफ्तार, टेंडर जारी




**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीमावर्ती शहर रक्सौल को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय हवाई कनेक्टिविटी से जोड़ने की दिशा में एक बड़ी पहल की गई है। रक्सौल हवाई अड्डा के नवनिर्माण के तहत रनवे, एप्रन, टैक्सीवे सहित एयरसाइड इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए इंजीनियरिंग कंसल्टेंसी सेवाओं का टेंडर जारी कर दिया गया है। इस परियोजना के पूरा होने से भारत-नेपाल सीमा से सटे इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा। साथ ही व्यापार, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। रक्सौल पहले से ही एक प्रमुख सीमावर्ती व्यापारिक केंद्र है, और हवाई सेवा शुरू होने के बाद यहां आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है। इस मौके पर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से बिहार में आधारभूत संरचना का तेजी से विकास हो रहा है। स्थानीय लोगों का मानना है कि हवाई अड्डे के विकसित होने से क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और चंपारण सहित आसपास के जिलों को सीधा लाभ मिलेगा। यह परियोजना बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने में अहम भूमिका निभाएगी।

### चैंबर ऑफ कॉमर्स से अपेक्षा : व्यवसायियों को सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करें

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चैंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधि मंडल पुलिस अधीक्षक महोदय से मुलाकात कर मेन रोड मीनाबाजार में कल अवैध ठेला खोमचा लगाने वाले के द्वारा वहां के व्यवसाई के साथ दुर्व्यवहार की घटना के संबंध में एक लिखित आवेदन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल ने घटना की पूरी जानकारी देते हुए स्थानीय व्यवसायियों की समस्याओं से अवगत कराया तथा उचित कार्रवाई की मांग की। इस पर पुलिस अधीक्षक महोदय ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस प्रतिनिधि मंडल में चैंबर के महासचिव आलोक कुमार, उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष श्री सुधीर अग्रवाल, श्री रवि कृष्ण लोहिया एवं बीरेंद्र जालान शामिल थे। मोतिहारी चैंबर ऑफ कॉमर्स ने प्रशासन से अपेक्षा की है कि व्यवसायियों की सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु शीघ्र ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## बगहा में फर्जी अस्पताल का भंडाफोड़ ऑपरेशन के दौरान छापा, पांच मरीज रेस्क्यू

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पश्चिम चंपारण में अवैध अस्पतालों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत बुधवार को बगहा में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक निजी अस्पताल की पोल खोल दी। गांधीनगर चौक स्थित इस अस्पताल में अनुमंडल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी की, जिसमें कई गंभीर अनियमितताएं सामने आई। टीम जब अस्पताल पहुंची, उस समय वहां ऑपरेशन चल रहा था। लेकिन जांच में चौंकाने वाली बात यह रही कि मौके पर कोई योग्य डॉक्टर मौजूद नहीं था और न ही प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ पाया गया। ऐसे हालात में मरीजों का इलाज किया जाना सीधे तौर पर उनकी जान को जोखिम में डालना माना जा रहा है। कार्रवाई के दौरान अस्पताल में भर्ती पांच मरीजों को प्रशासन ने रेस्क्यू किया। हालांकि मरीजों ने सरकारी अस्पताल में शिफ्ट होने से इनकार कर दिया, जिसके बाद फिलहाल उनका इलाज वहीं जारी रखा गया है। अधिकारियों के मुताबिक सभी मरीजों की स्थिति नियंत्रण में है। छापेमारी के दौरान अस्पताल से मिले लेटर पैड पर डॉ. विजय कुमार, डॉ. बालेश्वर कुमार शर्मा और डॉ. शैलेंद्र कुमार जायसवाल के नाम दर्ज मिले, लेकिन प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि अस्पताल का संचालन कोई अन्य व्यक्ति अवैध रूप से कर रहा था। जांच टीम का नेतृत्व कर रहे बगहा-1 के बीडीओ प्रदीप कुमार ने कहा कि अस्पताल बिना किसी वैध मान्यता और निर्धारित मानकों के चलाया जा रहा था, जो गंभीर लापरवाही और कानून का उल्लंघन है। हैरानी की बात यह है कि इतनी बड़ी गड़बड़ियों के बावजूद अस्पताल को अभी तक सील नहीं किया गया है। अधिकारी उच्चाधिकारियों के निर्देश का इंतजार कर रहे हैं और इस पर खुलकर कुछ भी कहने से बच रहे हैं। इस कार्रवाई में शहरी पीएचसी प्रभारी डॉ. के.बी.एन. सिंह, बीडीओ प्रदीप कुमार, पुलिस पदाधिकारी और नगर थाना की टीम शामिल रही। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आम जनता की सुरक्षा को देखते हुए अवैध चिकित्सा संस्थानों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## धावा दल की टीम द्वारा चार बाल श्रमिकों को कराया गया विमुक्त




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग बिहार के निर्देश के आलोक में एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, मेहसी के नेतृत्व में मेहसी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विशेष धावा दल के द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जांच अभियान चलाया गया। जाँच के क्रम में मेहसी प्रखंड के कुल-04 प्रतिष्ठानों राकेश कपड़ा दुकान, संदीप परचून से 01-01 बाल श्रमिक एवं नजीर मोटर साइकिल दुकान से 02 बाल श्रमिकों अर्थात कुल-04 बाल श्रमिको को धावा दल की टीम के द्वारा विमुक्त कराया गया। साथ ही श्रम अधीक्षक रमाकांत द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि यह अभियान पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत लगातार क्रियाशील रहेगा। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत सभी नियोजकों के विरूद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है जबकि सभी विमुक्त बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के समक्ष उपस्थापित कर उन्हें बाल गृह में रखा गया है। श्रम अधीक्षक रमाकांत द्वारा बताया कि बच्चों से प्रतिष्ठान में कार्य कराना बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन के अंतर्गत गैर कानूनी है। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अतर्गत बाल श्रमिकों से कार्य कराने वाले व्यक्तियों को 20 हजार रुपए से 50 हजार रुपए तक का जुमार्ना और 2 वर्षों तक का कारावास का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निदेश के आलोक में सभी नियोजकों से 20,000/- (बीस हजार रू.) प्रति बाल श्रमिक की दर से राशि की वसूली की जाएगी। इस विशेष धावा दल की टीम में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, मेहसी , श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, कल्याणपुर, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, केसरिया, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, फेनहरा, प्रयास संस्था, डंकन हॉस्पिटल रक्सौल, ग्राम नियोजन केंद्र के प्रतिनिधि एवं पुलिस लाइन से 06 पुलिस कर्मी एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम शामिल थी ।

### एसएसबी द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एसएसबी के कमांडेंट नंदन सिंह मेहरा ने संकल्प 95 सुंदर सिंह एवं इंद्रासन सिंह ट्रस्ट द्वारा आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर की सराहना करते हुए संस्था को कोटि-कोटि बधाई दी। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में इस संस्था का कार्य अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायी है। कमांडेंट ने कहा कि वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'मन की बात' कार्यक्रम में इस संस्था के कार्यों की प्रशंसा किया जाना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। इससे स्पष्ट होता है कि संस्था समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि जहां भी आवश्यकता होगी, एसएसबी के चिकित्सक और टीम इस तरह के सामाजिक कार्यों में सहयोग के लिए हमेशा तैयार रहेंगे।

## नगर निगम के सम्राट अशोक भवन का 97.25 लाख से जीर्णोद्धार के साथ होगा मॉडिफिकेशन : गरिमा

**आकर्षक लुक में फॉल्स सीलिंग के साथ चारों तरफ की दिवाल और ग्राउंड फ्लोर लकड़ी से कराया जाएगा सुंदर निर्माण**



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि नगर निगम कार्यालय परिसर के सम्राट अशोक भवन का 97,25 200 की लागत से जीर्णोद्धार और मॉडिफिकेशन के साथ सौंदर्यीकरण किया जाएगा। उनके प्रस्ताव पर नगर निगम बोर्ड द्वारा पारित योजना के आलोक में महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि सम्राट अशोक भवन को आकर्षक लुक में फॉल्स सीलिंग के साथ चारों तरफ की दिवाल और ग्राउंड फ्लोर लकड़ी से सुंदर निर्माण कराया जाएगा। स्वीकृत योजना को विस्तार से समझाते हुए महापौर ने बताया कि वीआईपी मंच के साथ सभा भवन को पूर्णतया वातानुकूलित बनाया जाएगा। जिसमें आधुनिक कुर्सी टेबल और नए साज सज्जा से सजाने की महत्वपूर्ण योजना को नगर निगम बोर्ड द्वारा स्वीकृति दी गई है। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि उनकी इस महत्वपूर्ण योजना की निविदा प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से जारी की जाएगी, जिसकी तैयारी अंतिम चरण में है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि नगर निगम प्रशासन का मानना है कि इस कार्य से सम्राट अशोक भवन का स्वरूप आधुनिक सुविधाओं के अनुरूप विकसित होगा और नगर निगम क्षेत्र के नागरिकगण को भी और बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी।

## प्रधानमंत्री के बिहार आगमन को लेकर मोतिहारी में बैठक

**30 और 31 मई को पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए लगेगा प्रशिक्षण शिविर : राधामोहन**



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पटना आगमन को लेकर बुधवार को सर्किट हाउस के कॉन्फ्रेंस हॉल में भाजपा के जिला पदाधिकारियों की बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पवन राज ने किया। बैठक में सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने संगठनात्मक गतिविधियों और अपेक्षित कार्यों पर विचार विमर्श किया गया। 30 और 31 मई को पार्टी कार्यकताओं के निर्धारित प्रशिक्षण शिविर में सभी अपेक्षित कार्यकताओं को शामिल होने और रात्रि प्रवास का भी निर्देश दिया गया। साथ ही कल प्रधानमंत्री के बिहार आगमन पर पार्टी कार्यकताओं को बड़ी संख्या में पटना जाने पर चर्चा हुई। उक्त अवसर पर सांसद श्री सिंह ने कहा कि पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जिस प्रकार भारी जनसमर्थन मिला है वह अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रति विश्वास और समर्थन का प्रकटीकरण कल पटना में होगा। बैठक में मोतिहारी विधायक पूर्व मंत्री प्रमोद कुमार, हरसिद्धि विधायक कृष्णनंदन पासवान, कल्याणपुर विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह, पिपरा विधायक श्यामबाबू यादव, पूर्व विधायक गोविंदगंज सुनील मणि तिवारी, एनडीए के संयोजक प्रकाश अस्थाना, उप महापौर डॉ० लालबाबू प्रसाद, प्रदेश महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा मोहिब्बुल हक, जिला उपाध्यक्ष मीना मिश्रा, सुधांशु रंजन, राकेश गुप्ता, सनीला देवी, शिवकुमार मांझी एवं इलाइची देवी, जिला महामंत्री त्रय योगेन्द्र प्रसाद गुप्ता, मार्तण्ड नारायण सिंह एवं संजय कुमार चौधरी, जिला मंत्री संध्या देवी कुशवाहा, हिमांशु सिंह उर्फ गोपू जी, संजय साह, गुड्डी देवी, सूरज पाण्डेय, मोतिहारी विधानसभा संयोजक ओमप्रकाश सिंह सहित सभी विधानसभा संयोजक एवं प्रभार,सभी मंडल अध्यक्ष एवं प्रभारी शामिल थे।

**शपथ-पत्र**

मैं, सत्यनारायण प्रसाद, पिता स्व. श्रीकान्त प्रसाद साकिन-झारगावाँ पो.-बड़ी पैठना, थाना-इस्मालपुर जिला- नालन्दा (बिहार) का स्थायी निवासी हू. शपथ पत्र सं.-01/03 दिनांक-30.04.26 द्वारा घोषणा करता हू कि इन्द्राणी कुमारी मेरी पत्नी है. मेरी पत्नी इन्द्राणी कुमारी के सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड सं.-4348 8441 7364 में जन्मतिथि-02.03.1984 दर्ज है, जो सही है. लेकिन मेरे सर्विस बुक जिसका पी०पी०ओ० नं.-5/022919/2012 है उसमें मेरी पत्नी का नाम इन्द्रानी देवी, जन्मतिथि-06.04.1983 दर्ज है, जो गलत है. मेरा सर्विस बुक में मेरी पत्नी इन्द्रानी देवी, जन्मतिथि-06.04.1983 के स्थान पर सही नाम इन्द्राणी कुमारी, जन्मतिथि- 02.03.1984 संशोधन कर दर्ज किया जाना न्यायोचित है.

# सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी तरीके से लगेगा सहयोग शिविर

### माइकिंग कर आम नागरिकों को शिविर के प्रति किया जा रहा जागरूक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**औरंगाबाद**। आगामी 19 मई 2026 को आयोजित होने वाले "सहयोग शिविर" के सफल संचालन हेतु जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिला अंतर्गत सभी पंचायतों में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। इस क्रम में टेंपो एवं ई-रिक्शा के माध्यम से माइकिंग कर आम नागरिकों को शिविर के प्रति जागरूक किया जा रहा है तथा उन्हें शिविर से पूर्व अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन पंचायत सरकार भवन में जमा करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है, ताकि शिविर के दिन ही उनके आवेदनों का त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही पंचायत स्तर पर बैठक कर, डोर टू डोर अभियान चलाकर जन जन को जागरूक किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा सभी जिलेवासियों से अपील की गई है कि वे अपने-अपने पंचायत सरकार भवन में जाकर अपनी समस्याओं का आवेदन समयपूर्व जमा करें ताकि समस्याओं का समाधान शिविर के दिन ही किया जा सके। "सहयोग शिविर" का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की शिकायतों की सुलभ प्राप्ति एवं उनके त्वरित, पारदर्शी तथा प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। इस अंतर्गत प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहेंगे। प्रत्येक शिविर के आयोजन से पूर्व संबंधित पंचायतों में कम-से-कम 30 दिन पूर्व से आवेदन प्राप्त करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, ताकि प्राप्त आवेदनों का पूर्व परीक्षण कर उनके निष्पादन की प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाया जा सके। इसी क्रम में 19 मई 2026 (माह का तृतीय मंगलवार) से प्रारंभ होने वाले "सहयोग शिविर" हेतु पंचायतवार रोस्टर तैयार कर लिया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न प्रखंडों में निम्नलिखित पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे—

औरंगाबाद प्रखंड के फेसर, खैरा मिर्जा; बारुण प्रखंड के धमनी, देव प्रखंड के हसौली; मदनपुर प्रखंड के सलेया;
कुटुम्बा प्रखंड के रिसियप, नवीनगर प्रखंड के टण्डवा,
ओबरा प्रखंड के डिहरी, दाउदनगर प्रखंड के तरारी;
गोह प्रखंड के डेहुरी, हसपुरा प्रखंड के अहियापुर;
रफीगंज प्रखंड के मेटनिया पंचायत में कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि शिविर का आयोजन सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुखी तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिकाधिक नागरिकों को इस पहल का लाभ मिल सके।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने मोबाइल किया बरामद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**रफीगंज (औरंगाबाद)**। ऑपरेशन मुस्कान के तहत रफीगंज पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चोरी हुए एक मोबाइल फोन को बरामद कर उसे उसके वास्तविक मालिक को सौंप दिया है।
बताया जा रहा है कि मोबाइल कुछ समय पहले चोरी हो गया था, जिसकी शिकायत थाना में दर्ज कराई गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की और आखिरकार मोबाइल बरामद कर लिया।
थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस तरह के मामलों में पुलिस लगातार सक्रिय है और ऑपरेशन मुस्कान के तहत खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन को उनके असली मालिकों तक पहुंचाने का अभियान जारी है।
मोबाइल वापस मिलने पर सुबोध कुमार सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए पुलिस का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका मोबाइल इतनी जल्दी वापस मिल जाएगा। इस कार्रवाई से न सिर्फ पीड़ित परिवार में खुशी का माहौल है, बल्कि आम लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास भी और मजबूत हुआ है।
पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।

# बंगाल में भाजपा की सफलता पर रफीगंज में जश्न, कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**रफीगंज (औरंगाबाद)**। बंगाल में भाजपा के सशक्त प्रदर्शन की खबर के बाद औरंगाबाद जिले के रफीगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए उत्साहपूर्वक जश्न मनाया।
रफीगंज में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीनानाथ विश्वकर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्रित हुए और अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, रफीगंज ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह एवं महामंत्री विमलेश पासवान सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।
इस अवसर पर बालगोविंद साव, चंदन यादव, चंदेश्वर पाल, रणजीत शर्मा, अरविंद राज, हप्पू पासवान, चुन्नू शर्मा, दिल्लू सिंह, राहुल सांघवी, लूटन सिंह, सचिदानंद सिंह, डोलन सिंह, रंजय सिंह, मनोज सिंह, जैनेंद्र चन्द्रवंशी, अरुण पाल, सूरज गुप्ता, उपेन्द्र साव और बाबूलाल साव समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और अपनी खुशी का इजहार किया।
कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह परिणाम पार्टी की नीतियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा है, जिससे पूरे संगठन में उत्साह का माहौल है।

# सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्र जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**औरंगाबाद**। दो बाइकों की टक्कर में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तेंदुआ पोखर गांव के पास रजोई-बिजोई होते हुए रफीगंज जाने वाली सड़क की है। घायलों की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नौडीहा गांव निवासी 60 साल के चेतन यादव एवं 40 वर्षीय उनके पुत्र मनोज यादव के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर बुरी तरह जख्मी हो गए। घटना के बाद काफी संख्या में आसपास के लोग मौके पर जुट गए और मानवीय पहल करते हुए दोनों घायलों को आनन-फानन में सदर अस्पताल पहुंचाया। साथ ही उनके परिजनों को भी घटना की सूचना दी गई। सदर अस्पताल में चिकित्सकों की निगरानी में दोनों का इलाज जारी है। दुर्घटना में शामिल दूसरे बाइक चालक को भी चोटें आई हैं, जिसने किसी निजी क्लीनिक में अपना इलाज कराया है। इलाज के दौरान चेतन यादव ने बताया कि उनके पुत्र मनोज को दांत में तेज दर्द था, जिसके कारण वे उसे इलाज के लिए औरंगाबाद लेकर गए थे। डेंटिस्ट से इलाज कराने के बाद जब वे घर लौट रहे थे, तभी उस जगह विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने नियंत्रण खो दिया और उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दोनों बाइकों के पीछे जबरदस्त टक्कर हो गई जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क पर गाड़ी की गति पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए आवश्यक उपाय किए जाने की मांग की है। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाया जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि गाड़ी के तेज रफ्तार के कारण ग्रामीणों के लिए भी खतरा बना रहता है। कई बार तेज रफ्तार के चपेट में आकर ग्रामीण भी दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं।

# छह महीने से लापता नाबालिग बच्चा बरामद, पुलिस ने परिजनों को सौंपा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए छह महीने से लापता 15 वर्षीय नाबालिग बच्चे को सुरक्षित बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। बरामद बच्चा चरकावा निचली डीह गांव निवासी मुकेश कुमार का पुत्र प्रहलाद कुमार है। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि बच्चे के लापता होने के बाद परिजनों द्वारा रफीगंज थाना में आवेदन दिया गया था। आवेदन के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थानाध्यक्ष के नेतृत्व में बच्चे की तलाश के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसका नेतृत्व एसआई मो. रुस्तम कर रहे थे। पुलिस टीम ने लगातार प्रयास, तकनीकी जांच और विभिन्न स्थानों पर छापेमारी करते हुए अंततः बनारस से बच्चे को बरामद करने में सफलता हासिल की। एसआई रुस्तम ने बताया कि बच्चा पिछले छह महीनों से बनारस में रह रहा था। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बच्चे को सकुशल उसके परिजनों को सौंप दिया। बच्चे के सुरक्षित मिलने से परिवार में खुशी का माहौल है। परिजनों ने रफीगंज पुलिस के इस सराहनीय कार्य के लिए आभार व्यक्त किया है।

# वादों के निपटारे में मध्यस्थता एक महत्वपूर्ण कड़ी : अरूण कुमार



**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। परिवार न्यायालय-सह मध्यस्थता निगरानी एवं पर्यवेक्षी समिति अध्यक्ष प्रधान न्यायाधीश अरूण कुमार के नेतृत्व में निगरानी एवं पर्यवेक्षी समिति का बैठक आयोजित की गई। इस समिति में सदस्य के रूप में लोक अभियोजक, सरकारी अधिवक्ता, विधि संघ के अध्यक्ष, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जिसे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा नामित किया गया है एवं प्रशिक्षित मध्यस्थ एवं मध्यस्थता समन्वयक-सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल उपस्थित रही। इस बैठक में प्रधान न्यायाधीश द्वारा बताया गया कि वादों को निस्तारण में मध्यस्थता का प्रयोग करें और कहा गया कि वर्तमान परिस्थिति के अनुरूप मध्यस्थता समय की आवश्यकता है जिसके तहत भी मध्यस्थता की कार्रवाई की जा रही है। मध्यस्थता के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि स्वच्छ समाज तथा स्वच्छ पारिवारिक वातावरण के निर्माण में मध्यस्थता का महत्वपूर्ण स्थान होता है। प्रधान न्यायाधीश द्वारा बताया गया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार 90 दिनों का विशेष मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत वैवाहिक विवाद मामलें, दुर्घटना दावा मामलें, घरेलू हिंसा मामलें, चेक बाउंस मामलें, वाणिज्यिक विवाद मामलें, सेवा मामलें, आपराधिक समझौता योग्य मामलें, उपभोक्ता विवाद मामलें, ऋण वसूली मामलें, विभाजन मामलें, बेदखली मामलें, भूमि अधिग्रहण मामलें, अन्य उपयुक्त सिविल मामलें को प्रमुखता से निस्तारण की कार्रवाई की जा रही है। इस हेतु सभी को लगातार पहल करने की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय द्वारा बताया गया कि माननीय बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश जिसके अन्तर्गत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति, सर्वोच्च न्यायालय के सहयोग से मुख्य न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय और न्यायमूर्ति सह कार्यकारी अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और अध्यक्ष एमसीपीसी के मार्गदर्शन में विशेष मध्यस्थता अभियान-मध्यस्थता राष्ट्र के लिये 2.0 पुरे भारत में चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत दाउदनगर अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय और औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय में लंबित वैसे वादों को में निस्तारण की कार्रवाई की जा रही है। प्रधान न्यायाधीश प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अपील किया गया कि उक्त मामलों के निस्तारण में मध्यस्थता एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है जिसका उपयोग अधिक से अधिक लोगो को करना चाहिए और इसके लिए सभी संबधित को पूर्ण सहयोग की आवश्यकता है। प्रधान न्यायाधीश द्वारा बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों के साथ-साथ वाद लाने के पूर्व तथा कई स्तरों पर मध्यस्थता की कार्रवाई की जाती है, आवश्यकता है लोगो में जागरूकता लाने की जिसके लिए कई स्तरों पर लगातार पहल की जा रही है। इस अवसर पर मध्यस्थता समन्वयक-सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या सचिव तान्या पटेल द्वारा बताया गया। इस मध्सस्थता विशेष अभियान के लिए कई स्तरों पर पारा विधिक स्वयं सेवकों के सहयोग से प्रचार-प्रसार की कार्रवाई की गयी है और वर्तमान परिस्थिति के अनुरूप इसका सुखद फल मिल रहा है और लोग इससे लाभांवित भी हो रहे है। इस बैठक में सरकारी अधिवक्ता बृजा सिंह, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ संजय कुमार सिंह, सचिव, विधि संघ जगनारायण सिंह, मध्यस्थ अनन्तदेव नारायण सिंह उपस्थित रहे।

## एक नजर

### दो शराब भट्ठियां की गई ध्वस्त

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। पुलिस द्वारा सोनतटीय इलाके में शराब के खिलाफ चलाए गए छापेमारी अभियान के दौरान दो शराब भट्ठी को ध्वस्त किया गया। यह कार्रवाई एएलटीएफ प्रभारी एवं दाउदनगर थाना के एएसआई गोपाल प्रसाद सिंह के नेतृत्व में पुलिस द्वारा बुधवार को की गई। बताया गया कि केरा घाट से पश्चिम सोन नदी के झाड़ी में दो शराब भट्ठी को ध्वस्त किया गया है। लगभग 1500 लीटर जावा महुआ को विनष्ट किया गया है। शराब बनाने की सामग्री को भी विनष्ट किया गया।

### 2100 लीटर शराब नष्ट

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। मद्य निषेध एवं उत्पाद थाना दाउदनगर की पुलिस द्वारा दाउदनगर के इलाके में शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। भगवान बिगहा और अमृत बिगहा के सोनतटीय इलाके में ड्रोन की सहायता से संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया गया। ड्रोन प्रभारी संतोष कुमार एवं मद्य निषेध एवं उत्पाद थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। बताया गया कि छापेमारी के दौरान लगभग 1350 लीटर जावा गुड़ घोल और 880 लीटर देसी शराब को विनष्ट किया गया है। इसके अलावा शराब निर्माण में उपयोग किया जा रहे उपकरणों को भी नष्ट किया गया है।

### शराब के साथ एक गिरफ्तार

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। मद्य निषेध एवं उत्पाद थाना दाउदनगर की पुलिस ने ओबरा थाना क्षेत्र के शंकरपुर से देसी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। मद्य निषेध एवं उत्पाद थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने बताया कि उसे 200 एम एल के 14 पाउच देशी शराब के साथ पकड़ा गया है। वह शराब लेकर कहीं जा रहा था। इसी दौरान उत्पाद पुलिस ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में प्राथमिकी करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### सीओ ने पदभार किया ग्रहण

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। राजस्व अधिकारियों की हड़ताल समाप्त होने के बाद सीओ शैलेंद्र कुमार यादव ने बुधवार को अंचल कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण किया। उन्होंने प्रभारी सीओ नील कुसुम कुमार सिन्हा से पदभार लिया। सीओ ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी प्राथमिकता है।

### चार थानाध्यक्षों को कारण बताओ नोटिस

**औरंगाबाद**। किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान दंडाधिकारी सह अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी सुशील प्रसाद सिंह ने चार थानाध्यक्षों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बोर्ड ने किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में लापरवाही बरतने पर यह कार्रवाई की है। अदालत सूत्रों के अनुसार, किशोर न्याय अधिनियम के तहत विधि विरुद्ध किशोरों को बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत कराने के लिए पूर्व में नोटिस जारी किया गया था। इसके बावजूद संबंधित थानों द्वारा अब तक किशोरों को प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसे गंभीरता से लेते हुए बोर्ड ने संबंधित थानाध्यक्षों से स्पष्टीकरण मांगा है। मामले में नगर थाना कांड संख्या 354/21, नवीनगर थाना कांड संख्या 102/20, उपहारा थाना कांड संख्या 50/19 तथा मदनपुर थाना कांड संख्या 119/17 से जुड़े थानाध्यक्षों को नोटिस जारी किया गया है। बोर्ड ने सभी संबंधित थानाध्यक्षों को आगामी 20 जून 2026 को स्वयं उपस्थित होकर स्पष्टीकरण दाखिल करने का निर्देश दिया है।

## अज्ञात लोगों द्वारा जेसीबी में आग लगाने का मामला, प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज थाना क्षेत्र के बरुणा गांव में अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा एक जेसीबी मशीन में आग लगाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़ित धर्मेंद्र शर्मा ने रफीगंज थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। अपने आवेदन में उन्होंने बताया कि उनकी जेसीबी मशीन गांव के दक्षिण दिशा में खड़ी थी, जिससे वे अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सोमवार की सुबह करीब 8:30 बजे वे मशीन को वहीं खड़ा कर घर लौट आए थे। कुछ समय बाद ग्रामीणों द्वारा शोर मचाने पर जब वे परिवार और गांव के लोगों के साथ मौके पर पहुंचे, तो देखा कि जेसीबी में भीषण आग लगी हुई है। ग्रामीणों के सहयोग से काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक मशीन को काफी नुकसान पहुंच चुका था। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और अज्ञात आरोपितों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# सहयोग शिविर की सफलता के लिए घर-घर व्यापक प्रचार-प्रसार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**औरंगाबाद**। औरंगाबाद। आगामी 19 मई 2026 को बारुन प्रखंड अंतर्गत पंचायत सरकार भवन धमनी में आयोजित होने वाले "सहयोग शिविर" की तैयारियों, आवेदन प्राप्ति एवं निष्पादन की स्थिति का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निदेशानुसार उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। गौरतलब है कि मुख्य सचिव, बिहार, पटना के निर्देशानुसार आम नागरिकों की शिकायतों के सुलभ प्राप्ति एवं उनके त्वरित, प्रभावी समाधान के उद्देश्य से प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर "सहयोग शिविर" का आयोजन किया जाना है। इसके अंतर्गत प्रत्येक शिविर से पूर्व संबंधित पंचायतों में कम-से-कम 30 दिन पहले से आवेदन प्राप्त करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। उप विकास आयुक्त द्वारा शिविर से पूर्व आवेदन प्राप्ति की व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने शिविर स्थल पर प्रतिनियुक्त कर्मियों से प्राप्त आवेदनों एवं उनके निष्पादन की स्थिति का गहन अवलोकन किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी, बरुन को निर्देशित किया गया कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का शत-प्रतिशत निष्पादन शिविर तिथि से पूर्व सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से राजस्व एवं न्यायालय से संबंधित लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर बल दिया गया। साथ ही, जीविका दीदियों एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं के माध्यम से घर-घर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया, ताकि अधिक से अधिक लोग इस शिविर का लाभ उठा सकें। इसी क्रम में औरंगाबाद जिले में दिनांक 19 मई 2026 (माह का तृतीय मंगलवार) से प्रारंभ होने वाले "सहयोग शिविर" हेतु पंचायतवार रोस्टर तैयार कर लिया गया है तथा संबंधित पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। विभिन्न प्रखंडों के चयनित पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें औरंगाबाद प्रखंड के फेसर एवं खैरा मिर्जा, बारुण के धमनी, देव के हसौली, मदनपुर के सलेया, कुटुम्बा के रिसियप, नवीनगर के टण्डवा, ओबरा के डिहरी, दाउदनगर के तरारी, गोह के डेहुरी, हसपुरा के अहियापुर तथा रफीगंज के मेटनिया पंचायत शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान निदेशक डीआरडीए अनुपम कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बारुन, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, बारुन एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अतिक्रमण से जाम की समस्या गहराई, आवागमन हुआ बाधित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा बाजार इन दिनों अतिक्रमण की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। बाजार की लगभग सभी प्रमुख सड़कों पर अवैध कब्जे के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आम लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस समस्या से कब निजात मिलेगी, यह अब भी अनिश्चित बना हुआ है। पटेल चौक, कनाप रोड, पूर्व थाना रोड, पुरानी दुर्गा मंदिर मार्ग, चौराही मोड़ और रेफरल अस्पताल रोड जैसे प्रमुख स्थानों पर दिनभर जाम की स्थिति रहती है। हालात तब और गंभीर हो जाते हैं जब मरीजों को लेकर एंबुलेंस या स्कूली बच्चों से भरे वाहन इन सड़कों से गुजरते हैं। बाजार क्षेत्र पार करने में वाहनों को कई बार घंटों का समय लग जाता है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सर्दी के मौसम में जाम की परेशानी कुछ हद तक कम महसूस होती है, लेकिन गर्मी और बरसात के दिनों में हालात और भी बदतर हो जाते हैं। जाम में फंसे स्कूली बच्चों और मरीजों को विशेष रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बाजार के व्यवसायी और स्थानीय लोग—अरविंद कुमार, गया प्रसाद, चंद्रशेखर सिंह, दिनेश राम, धनंजय सिंह, सूर्यदेयाल मेहता, ब्रजेश कुमार, बखोरा खां और गुड्डू पासवान—का कहना है कि अतिक्रमण हटाने के नाम पर अब तक सिर्फ औपचारिकताएं ही की गई हैं। प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण अतिक्रमणकारियों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे समस्या दिन-प्रतिदिन विकराल रूप लेती जा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से शीघ्र ठोस कदम उठाकर अतिक्रमण हटाने और बाजार क्षेत्र में सुचारु यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# सोनवर्षा तालाब सूखने से बढ़ी परेशानी, जीर्णोद्धार की उठी मांग


जीर्ण-शीर्ण अवस्था में सुखा पड़ा तालाब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**ओबरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड क्षेत्र के सोनवर्षा स्थित सैकड़ों वर्ष पुराने तालाब की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। तालाब में पानी सूख जाने से आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जल संरक्षण को लेकर सरकार की जल-जीवन-हरियाली योजना के तहत कई प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इस तालाब की ओर अब तक अधिकारियों का ध्यान नहीं गया है।
करीब 12 कट्ठा में फैला यह तालाब धीरे-धीरे सिमटता जा रहा है। नियमित सफाई और उड़ाही (गाद निकासी) नहीं होने के कारण इसकी गहराई कम हो गई है। ग्रामीणों के अनुसार, तालाब में मछली पालन कर उससे होने वाली आय से छठ पर्व के अवसर पर सफाई और कुछ सीढ़ियों का निर्माण कराया गया, ताकि व्रतियों को अर्घ्य देने में सुविधा हो सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस तालाब का समुचित विकास किया जाए तो यह आकर्षण का केंद्र बन सकता है, लेकिन अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण यह जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पड़ा हुआ है। नहरों में पानी नहीं रहने से तालाब पूरी तरह सूख गया है, जिससे आसपास के इलाकों का जलस्तर भी नीचे चला गया है।
गांव के समाजसेवी चंदन कुमार ने कहा कि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो तालाब अतिक्रमण की चपेट में आ सकता है। वहीं, सुमित कुमार सिंह ने बताया कि वर्षों से तालाब की उड़ाही नहीं हुई है और पानी गंदा होने पर ग्रामीणों को ही सफाई करनी पड़ती है। जयचंद कुमार सिंह ने भी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि तालाब का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण बेहद जरूरी है, जिससे इसकी उपयोगिता और सुंदरता दोनों बढ़ सके। इस संबंध में मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी रजनीश शेखर ने कहा कि मामले की जांच के लिए कर्मियों को भेजा जाएगा और यदि कार्य आवश्यक पाया गया तो निश्चित रूप से कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार और विभाग जल संरक्षण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

# हत्याकांड के मुख्य आरोपित को उम्रकैद की सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला अंतर्गत साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में वर्ष 2019 में हुए चर्चित पवन राय हत्याकांड में न्यायालय ने अहम फैसला सुनाते हुए मुख्य आरोपित प्रकाश राय को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे-11) मनोज कुमार की अदालत ने सुनाया। अदालत ने आरोपित को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत उम्रकैद एवं 20 हजार रुपये अर्थदंड, धारा 307 के तहत 10 वर्ष की सजा व 20 हजार रुपये जुर्माना तथा आर्म्स एक्ट की धारा 27 के तहत 3 वर्ष की सजा व 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। मामला 5 सितंबर 2019 की है। रघुनाथपुर गांव निवासी पवन राय अपनी आठ वर्षीय पुत्री दीपीका कुमारी के साथ घर के दरवाजे पर सो रहे थे। इसी दौरान आरोपी प्रकाश राय अपने सहयोगियों के साथ वहां पहुंचा और पवन राय को गोली मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बगल में सो रही बच्ची को भी गोली लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बच्ची को तत्काल साहेबपुर कमाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से स्थिति गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच रेफर किया गया। लंबे इलाज के बाद उसकी जान बचाई जा सकी। घटना के बाद मृतक की पत्नी सह सूचिका गुंजन कुमारी ने साहेबपुर कमाल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें प्रकाश राय समेत अन्य लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन गोपाल साहू पक्ष की ओर से कुल सात गवाहों का साक्ष्य प्रस्तुत किया गया। गवाहों के बयान एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने 28 अप्रैल 2026 को आरोपी को दोषी करार दिया था, जिसके बाद 6 मई 2026 को सजा सुनाई गई। इस मामले में सूचिका की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सह पूर्व लोक अभियोजक सैयद मंसूर आलम ने प्रभावी पैरवी की। उन्होंने कानूनी प्रक्रिया के तहत साक्ष्यों और गवाहों को मजबूती से प्रस्तुत कर आरोपियों को सजा दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस कांड में कुल चार आरोपी बताए जाते हैं। मुख्य आरोपी को सजा सुनाए जाने के बाद अन्य आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग वाद न्यायालय में लंबित हैं। करीब सात वर्षों तक चले इस मुकदमे के बाद आए फैसले से पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली है। वहीं स्थानीय स्तर पर इस फैसले को न्याय की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

## लोहे की ग्रिल गिरने से छात्र की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बछवाड़ा थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय जहॉनपुर में विद्यालय परिसर में रखी लोहे की ग्रिल गिरने से सातवीं कक्षा के छात्र विवान राज की मृत्यु हो गई।

इस सम्बंध में अनुमंडल पदाधिकारी तेघड़ा ने बताया कि विद्यालय के वर्ग कक्ष के मुख्य द्वार के समीप लोहे की ग्रिल असुरक्षित स्थिति में रखी गई थी। विद्यालय अवधि के दौरान उक्त ग्रिल अचानक छात्र के ऊपर गिर गई जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। घटना के पश्चात स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया और विद्यालय परिसर का घेराव किया गया। घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार द्वारा मामले की समीक्षा की गई। जिसमें प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि यह घटना विद्यालय के प्रधानाध्यापक की लापरवाही का परिणाम है। इसके आलोक में मध्य विद्यालय जहॉनपुर के प्रधानाध्यापक अमित कुमार को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय बेगूसराय निर्धारित किया गया है तथा नियमानुसार उन्हें जीवन-यापन भत्ता देय होगा। संबंधित प्रधानाध्यापक के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई हेतु आरोप पत्र का गठन पृथक से किया जाएगा।इधर जिला प्रशासन द्वारा मामले की विस्तृत जांच कराई जा रही है तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## मंसूरचक में इसी सत्र से होगी डिग्री की पढ़ाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** मनसुरचक प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय नैपुर बहरमापुर में डिग्री महाविद्यालय का संचालन होगा। भाजपा नेता ब्रजेश कुमार ने कहा कि नवपदस्थापित डिग्री महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 से पठन-पाठन शुरू करने के लिए डॉ विजयमल बैठा को विश्वविद्यालय ने प्रभारी प्राचार्य नियुक्त कर दिया है। जिससे क्षेत्र के छात्र-छात्राओं में उत्साह का माहौल है। लंबे समय से स्थानीय लोगों की मांग थी कि इस क्षेत्र में उच्च शिक्षा की समुचित व्यवस्था हो, ताकि विद्यार्थियों को दूर-दराज के शहरों में जाकर पढ़ाई न करनी पड़े। अब यह सपना साकार होता दिख रहा है। इस महाविद्यालय के शुरू होने से मनसुरचक तथा आसपास के गांवों के छात्रों को विशेष रूप से लाभ मिलेगा। अब उन्हें स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए दूसरे शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। जिससे समय और आर्थिक संसाधनों दोनों की बचत होगी। खासकर छात्राओं के लिए यह पहल काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि दूर जाकर पढ़ाई करने में उन्हें कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, महाविद्यालय में प्रारंभिक चरण में कला, वाणिज्य और विज्ञान संकाय के विभिन्न विषयों में नामांकन लिया जाएगा। इसके साथ ही आवश्यक शैक्षणिक और आधारभूत संरचनाओं को तेजी से विकसित किया जाएगा, ताकि छात्रों को बेहतर शिक्षा वातावरण मिल सके। ब्रजेश कुमार ने कि यह महाविद्यालय क्षेत्र के शैक्षणिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा। साथ ही, इससे स्थानीय युवाओं को आगे बढ़ने और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी करने में भी मदद मिलेगी। मनसुरचक में डिग्री महाविद्यालय का संचालन शुरू होना क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आने वाले समय में शिक्षा और सामाजिक प्रगति को नई दिशा देगा।

## जलजमाव से मिर्जापुर टोला में लोग परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** पहसारा पश्चिम पंचायत के मिर्ज़ापुर टोला के वार्ड संख्या 13 एवं 15 में स्थायी जलजमाव की समस्या से स्थानीय लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। हालात ऐसे हो गए हैं कि लोगों का घर से निकलना भी दुश्वार हो गया है। स्थानीय निवासी इन्द्रजीत सिंह के घर से दामोदर सहनी के घर होते हुए लक्ष्मी सहनी के घर तक तथा दूसरी ओर ललन झा के घर तक थोड़ी सी बारिश में भी भारी जलजमाव हो जाता है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण यह समस्या स्थायी रूप ले चुकी है। जलजमाव के कारण गंदे पानी से उठने वाली बदबू ने लोगों का जीना दुर्लभ कर दिया है। इससे खाने-पीने और दैनिक कार्यों में भी काफी कठिनाई हो रही है। साथ ही बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। छोटे-छोटे बच्चों को प्रतिदिन स्कूल जाने में भी कठिनाई हो रही है। स्कूल वाहन को इस पानी से गुजरना खतरे से बाहर साबित हो रहा है। स्थानीय लोगों में दुख नारायण झा, गुड्डू सिंह, चन्द्र भूषण सिंह, डॉ. विपिन कुमार, विक्की कुमार, कौशल कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से अविलंब जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है। जिससे उन्हें इस समस्या से राहत मिल सके।

## सहयोग संवाद कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी।** बुधवार को घाघरा पंचायत सरकार भवन में 'सहयोग संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत राज घाघरा के मुखिया नंदकिशोर तांती ने इसकी अध्यक्षता की। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार मुकेश, अंचलाधिकारी राकेश कुमार, बीपीआरओ कुमार सानू, पंचायत कार्यपालक सहायक मुकेश कुमार झा, ग्राम कचहरी सचिव ममता देवी, उप मुखिया अरुण कुमार महतो, सरपंच रामचंद्र पासवान, उप सरपंच रामसेवक वर्मा, रोजगार सेवक, वार्ड सदस्य, विकास मित्र गुड्डी कुमारी और स्वच्छता पर्यवेक्षक पप्पू कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि व कर्मी उपस्थित थे। इस दौरान पंचायत के लोगों ने अधिकारियों के समक्ष जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, पेंशन और प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न समस्याएं रखीं। मौके पर इन समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन भी प्राप्त किए गए। अधिकारियों ने सभी आवेदनों पर गंभीरता से विचार करने और जल्द निष्पादन का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि जिन लोगों की समस्याएं अभी शेष हैं, वे पंचायत सरकार भवन में आवेदन जमा कर सकते हैं। सभी प्राप्त आवेदनों की सुनवाई आगामी 26 मई को की जाएगी और संबंधित विभागों को भेजकर उनका समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। सहयोग संवाद' कार्यक्रम के दौरान पंचायत सरकार भवन में दर्जनों ग्रामीण खड़े रहे, क्योंकि बैठने के लिए पर्याप्त कुर्सियां उपलब्ध नहीं थीं। कुछ महिला-पुरुष ग्रामीणों ने इसे असहज बताया और पर्याप्त कुर्सियां उपलब्ध कराने की अपील की।अधिकारियों ने बताया कि 'सहयोग संवाद' कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।

## ब्लैकआउट मॉकड्रिल के लिए प्रशासन ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में बुधवार को सिविल डिफेंस ब्लैकआउट एवं मॉक ड्रिल की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि मई माह के मध्य, लगभग 15 मई के आसपास जिले में ब्लैकआउट एवं मॉक ड्रिल का आयोजन प्रस्तावित है। इस क्रम में मॉक ड्रिल से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान मेडिकल टीम की तत्परता, मॉक ड्रिल के लिए




उपयुक्त स्थलों का चयन, जन-जागरूकता अभियान के संचालन, सिविल डिफेंस एवं एन सीसी टीम की सक्रिय भागीदारी तथा चिन्हित स्थलों पर आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मॉक ड्रिल के दौरान जिला आपदा प्रबंधन द्वारा संचालित कंट्रोल रूम का नंबर ही आधिकारिक नियंत्रण कक्ष के रूप में उपयोग किया जाएगा, ताकि आपात स्थिति में समन्वय और सूचना आदान-प्रदान प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जा सके। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक बेगूसराय श्री मनीष, नगर आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, जिला अग्निशमन पदाधिकारी, आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी सहित आईओसीएल, एनटीपीसी एवं अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि इस प्रकार की मॉक ड्रिल का आयोजन पूर्व में भी किया जा चुका है। इसका मुख्य उद्देश्य आपदा या आपातकालीन परिस्थितियों में आम नागरिकों को अपनी एवं आसपास के लोगों की सुरक्षा के प्रति जागरूक, सतर्क एवं सक्षम बनाना है।

## परिजनों को नहीं मिली मुआवजा की राशि

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवादाता)।** डफरपुर पंचायत के टेकनपुरा गांव में बिजली प्रवाहित तार की चपेट में आने से मृत युवक को डेढ़ महीने बीत जाने के बाद भी मुआवजा की राशि नहीं मिली है। मृतक के परिजन मुआवजा की राशि उपलब्ध कराने हेतु प्रभारी बीडीओ सह बी पीआरओ जितेंद्र कुमार को आवेदन देकर मुआवजा की राशि भुगतान कराने की गुहार लगाई है। मृतक का भाई ब्रजेश कुमार ने बताया कि रामनवमी के दिन महावीरी पताका फहराने के लिए स्वास्थ्य उपकेन्द्र टेकनपुरा के समीप बांस बाड़ी में अपने साथियों के साथ बांस काटने गया था।

## चार वारंटी गिरफ्तार

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने देर रात विशेष छापेमारी अभियान चलाकर अलग अलग इलाकों से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विकास कुमार राय ने बताया कि कंाड संख्या 108/26 के आरोपी मनसेरपुर निवासी सुभाष सिंह के पुत्र शिवम कुमार को गिरफ्तार किया गया है। उस पर गांव के ही मृत्युंजय सिंह द्वारा जान से मारने का प्रयास तथा जमीन हड़पने का आरोप लगाया गया है। इसके अलावे पुलिस ने पूर्व से वांछित इश्तिहार आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये तुलसी टोल निवासी फौजदारी यादव के पुत्र तथा छोटी बलिया निवासी महेश्वर चौधरी के पुत्र विपिन चौधरी को भी गिरफ्तार किया है. ये दोनों आरोपी विभिन्न आपराधिक मामलों में पहले से नामजद थे और पुलिस को इनकी तलाश थी. वहीं एक अन्य मामले में पत्नी को प्रताड़ित करने के आरोप में हुसैनी चक वार्ड संख्या चार निवासी अजनंदन प्रसाद यादव के पुत्र जितेंद्र बिहारी को गिरफ्तार किया गया. इस मामले में उसकी पत्नी द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गयी थी. थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपियों को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

## रूद्र महायज्ञ की कलश शोभायात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** प्रखंड क्षेत्र के परमानंदपुर पंचायत अंतर्गत हुसैना दियारा में आयोजित रुद्र महायज्ञ को लेकर सोमवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा की शुरुआत हुसैना दियारा स्थित भगवती स्थान से हुई। जहां 351 कन्याओं ने गंगाजल भरकर पूरे क्षेत्र में भ्रमण किया। यात्रा हुसैना दियारा से निकलकर कस्बा, लाल दियारा, सोनबरसा, जगदीशपुर, मिर्ज़ापुर, सोनदीपी, कमालपुर, हसनपुर और किशनपुर होते हुये पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही और वातावरण भक्तिमय बना रहा। शोभा यात्रा में ढोल, नगाड़े, घोड़े आदि शामिल थे. यज्ञ समिति के अध्यक्ष दशरथ प्रसाद महतो उर्फ नेताजी ने बताया कि पंचायत वासियों के सहयोग से 4 से 15 मई तक रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान अयोध्या से पधारे कथावाचक मानस मंदाकिनी सरयू रामायणी द्वारा प्रतिदिन राम कथा का वाचन किया जा रहा है। मंगलवार को यज्ञ के पहले दिन कथा सुनने के लिये बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। महायज्ञ परिसर में रामलीला, मीना बाजार, झूला सहित विभिन्न प्रकार की दुकानें भी सजी हैं।जिससे मेले का आकर्षण बढ़ गया है. मेला संयोजक अध्यक्ष जयप्रकाश पटेल, पूर्व सरपंच उपाध्यक्ष रुद्र नारायण महतो, कोषाध्यक्ष राजीव पदर, सचिव रंजीत महतो सहित कई सदस्यों का सक्रिय योगदान रहा। इसके अलावे मुखिया प्रियंका देवी, उमेश प्रसाद मेहता, प्रमोद भगत, छोटे लाल कुमार, हीरालाल थे।

## शनिवार को लगेगा जॉब कैम्प

### 14,500 से 18000 तक मिलेगा वेतन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिला नियोजनालय में शनिवार को एक दिवसीय जॉब कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस जॉब कैम्प में निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित नियोजक नव भारत फर्टिलाइज़र लिमिटेड एवं सिपेट आईपीटी, बिहटा भाग लेंगे। इस अवसर पर अभ्यर्थियों के लिए विभिन्न पदों पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। नव भारत फर्टिलाइज़र लिमिटेड द्वारा सेल्स ट्रेनी पद के लिए रिक्तियां निर्धारित की गई हैं, जिसमें अधिकतम 14,500 तक वेतनमान के साथ टीए/डीए, कमीशन, इंसेंटिव एवं पीएफ की सुविधा प्रदान की जाएगी। इस पद के लिए 12वीं उत्तीर्ण एवं 20 से 40 वर्ष आयु वर्ग के अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों का कार्यस्थल बेगूसराय एवं समस्तीपुर जिला होगा। वहीं सिपेट आईपीटी, बिहटा द्वारा मशीन ऑपरेटर पद हेतु अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इस हेतु 10वीं उत्तीर्ण एवं 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग के अभ्यर्थी पात्र होंगे। चयनित अभ्यर्थियों को प्रारंभ में 4 माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें निःशुल्क आवास एवं भोजन की सुविधा के साथ प्रति माह 1,500 का स्टाइपेंड प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत अभ्यर्थियों को 16,000 से 18,000 प्रतिमाह वेतनमान पर नौकरी का अवसर उपलब्ध कराया जाएगा। जिला नियोजनालय ने अधिक से अधिक योग्य अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे इस जॉब कैम्प में भाग लेकर रोजगार के अवसर का लाभ उठाए।.

## 3360 स्वीकृत आंगनबाड़ी केंद्रों में से 3342 केंद्र वर्तमान में हैं क्रियाशील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी, बेगूसराय श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में बाल विकास परियोजना एवं पोषण अभियान के कार्यों की विस्तृत समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की सभी 18 परियोजनाओं के अंतर्गत संचालित योजनाओं, बुनियादी ढांचे तथा स्वास्थ्य संबंधी प्रमुख संकेतकों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि कुल 3360 स्वीकृत आँगनवाड़ी केंद्रों में से 3342 केंद्र वर्तमान में क्रियाशील हैं। माह अप्रैल 2026 तक 3212 केंद्रों में शौचालय तथा 3191 केंद्रों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है।

मानव संसाधन की स्थिति की समीक्षा करते हुए पाया गया कि वर्तमान में 79 महिला पर्यवेक्षिकाएँ कार्यरत हैं, जबकि 42 पद रिक्त हैं। इसके अतिरिक्त 3185 सेविकाएँ एवं 2914 सहायिकाएँ कार्यरत हैं, वहीं सेविकाओं के 175 तथा सहायिकाओं के 446 पद रिक्त हैं। इन रिक्तियों को शीघ्र भरने की प्रक्रिया को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में जिले ने सकारात्मक प्रगति दर्ज की है। गंभीर कुपोषण का प्रतिशत मार्च 2026 के 2.53% से घटकर अप्रैल 2026 में 2.18% हो गया है, वहीं मध्यम कुपोषण भी 3.99% से घटकर 3.84% पर आ गया है। गृह भ्रमण (होम विजिट) के मामले में जिले ने 97.74% की उपलब्धि हासिल की है।

डिजिटल मॉनिटरिंग के तहत पोषण ट्रैकर डैशबोर्ड के आधार पर प्रखंड समन्वयकों की रैंकिंग जारी की गई, जिसमें मंसूरचक परियोजना 94.96% औसत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रही। गढ़पुरा (92.87%) द्वितीय तथा डंडारी (91.51%) तृतीय स्थान पर रहे। 'पोषण पखवाड़ा 2026' के अंतर्गत जिले ने 95.78% गतिविधियों के साथ राज्य स्तर पर आठवां स्थान प्राप्त किया। विभिन्न परियोजनाओं में 'गोदभराई' सहित अन्य जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा स्थानीय पोषण युक्त आहार के महत्व को व्यापक रूप से प्रचारित किया गया। बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी द्वारा कम प्रगति वाले परियोजनाओं को अपने प्रदर्शन में सुधार लाने का निर्देश दिया गया। साथ ही मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लंबित भुगतान एवं सत्यापन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में डीपीओ आईसीडीएस श्रीमती रश्मि कुमारी सहित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पुलिस ने झपट्टा गिरोह का किया पर्दाफाश

**पूर्णिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में बढ़ती मोबाइल चोरी और झपट्टामारी की घटनाओं पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान चोरी के 100 मोबाइल फोन बरामद किए हैं और इस मामले में पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक स्वीटी सेहरावत ने जानकारी देते हुए बताया कि सहायक खजांची हाट थाना क्षेत्र के अंबेडकर बाजार स्थित नवनीत की मोबाइल दुकान से ये सभी मोबाइल बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपी लंबे समय से जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मोबाइल चोरी और झपट्टामारी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे।

## टीम की उपस्थिति में जब्त की गई शराब को किया गया विनष्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार मद्यनिषेध अभियान के अंतर्गत आज लाखो थाना परिसर में विभिन्न तिथियों में जब्त की गई अवैध शराब का विधिवत विनष्टीकरण किया गया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के मार्गदर्शन में गठित टीम की निगरानी में संपन्न हुई। विनष्टीकरण की प्रक्रिया के दौरान पुलिस उपाधीक्षक, बेगूसराय सदर निखिल कुमार, अंचल अधिकारी, बेगूसराय सदर राहुल कुमार, निरीक्षक मद्य निषेध राम विनय



सिंह सहित संबंधित थाना के थाना प्रभारी उपस्थित थे। जिनकी देखरेख में विभिन्न थाना क्षेत्रों से जब्त देशी एवं विदेशी शराब की बोतलों को बुलडोजर के माध्यम से नष्ट किया गया। आज की कार्रवाई में विभिन्न थाना क्षेत्रों से जब्त कुल 12,607.015 लीटर अवैध शराब का विनष्टीकरण किया गया, जिसमें लाखो थाना से 11,280.96 लीटर, चेरियाबरियारपुर थाना से 66.00 लीटर, सिंघौल थाना से 630.00 लीटर, बखरी थाना से 185.875 लीटर, मुफस्सिल थाना से 17.180 लीटर, बरौनी थाना से 22.00 लीटर, नगर थाना से 30.00 लीटर तथा साहेबपुर कमाल थाना से 375.00 लीटर शराब को नष्ट किया गया। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक बेगूसराय सदर ने स्पष्ट किया कि जिले में शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के लिए प्रशासन पूर्णतः प्रतिबद्ध है। अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध निरंतर छापेमारी एवं कड़ी कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु विनष्टीकरण की वीडियोग्राफी कराई गई तथा अवशेषों के सुरक्षित निष्पादन की व्यवस्था भी की गई।

## तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर में बाइक सवार दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमुई।** जिले के खैरा थाना क्षेत्र अंतर्गत हरदी मोह के पास बुधवार सुबह तीन बजे सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान कैलाश रावत (45 वर्ष), पिता सुरेंद्र रावत और मंटू रावत (40 वर्ष), पिता शिवकुमार रावत के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक की पहचान सौरभ कुमार (24 वर्ष), पिता जितेंद्र रावत के रूप में की गई है। तीनों गिद्धौर थाना क्षेत्र के सेवा गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर खैरा के रायपुरा गांव में एक रिश्तेदार के यहां आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गए थे। बताया जाता है कि यह बारात झारखंड के गिरिडीह जिला के राय धनबाद से आई थी। समारोह से लौटने के दौरान हरदी मोह के पास तेज रफ्तार और असंतुलन के कारण उनकी बाइक आगे चल रहे फल लदे पिकअप वाहन से पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कैलाश रावत और मंटू रावत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सौरभ कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पिकअप चालक व उपचालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में मातम छा गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन ने बताया बारात से घर वापस बाइक से लौट रहे थे। बाइक पर तीन लोग सवार थे। तभी तेज रफ्तार पिकअप वाहन पीछे से बाइक में टक्कर मार दिया। इस घटना में दो की मौत हो गई। एक सौरभ कुमार घायल हो, जिसका इलाज निजी क्लिनिक में चल रहा है। बताया जाता है कि बाइक सौरभ चला रहा था।मृतक कैलाश रावत और मंटू रावत शादीशुदा है। तीनों एक ही गांव के रहने वाले थे, सभी आपस में दोस्त थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मांझी थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इमादपुर बिंटोलिया गांव निवासी दुखहरण प्रसाद का पुत्र अमित कुमार (20) अपने भतीजी को चिकित्सक के यहां से दिखा कर वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान ताजपुर-एकमा मुख्य पथ पर चंदऊपुर गांव के समीप एक नीलगाय खेत से निकल कर मोटरसाइकिल के उपर कूद गयी। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

# तीन दिवसीय भागलपुर जिला स्थापना समारोह का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** कला एवं संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय भागलपुर जिला स्थापना दिवस समारोह का समापन बुधवार को हो गया। विधिवत समापन अंग संस्कृति भवन, भागलपुर संग्रहालय में किया गया। जिला समाहरणालय के अंग संस्कृति भवन में आयोजित जिला स्थापना दिवस समारोह के तीसरे दिन बुधवार को कार्यक्रम में विगत दो दिनों के दौरान विभिन्न गतिविधियों के चयनित युवा प्रतिभागियों को भागलपुर जिले के कला, संस्कृति और विरासत से जोड़ने एवं उन्हे प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शैक्षणिक धरोहर भ्रमण कार्यक्रम में शामिल किया गया। इस कार्यक्रम में शामिल कुल 25 युवाओं को भागलपुर जिलान्तर्गत विभिन्न धरोहर स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी अंकित रंजन के मार्गदर्शन में कराया गया। प्रमुख रूप से कहलगांव क्षेत्र में अवस्थित बटेश्वर स्थान की गुफाएं, पहाड़ियाँ एवं विक्रमशिला महाविहार के भग्नावशेष का अवलोकन सभी प्रतिभागियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अंग संस्कृति की लोक गाथाएं, इतिहास एवं पुरातात्विक महत्वों पर परिचर्चा का आयोजन भी भ्रमण के दौरान युवाओं के साथ आयोजित की गई।




समापन कार्यक्रम के अंतिम चरण में भागलपुर संग्रहालय में लगातार तीसरे दिन वरिष्ठ कलाकारों द्वारा महात्मा गांधी के चित्र एवं मूर्ति को अंतिम रूप देने के पश्चात सभी ने वन्दे मातरम एवं जन गण मन गाकर कार्यक्रम का विधिवत समापन किया।

# रेनू पासवान को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय तथा हाउस ऑफ लाईस की ओर से प्राप्त हुआ विशेष आमंत्रण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर की होनहार और जुझारू समाजसेवी रेनू पासवान को इंग्लैंड की प्रतिष्ठित संस्था (ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय) तथा लंदन स्थित ब्रिटिश संसद के उच्च सदन (हाउस ऑफ लॉर्ड्स) की ओर से विशेष आमंत्रण प्राप्त हुआ है। उन्हें वर्ल्ड स्कूल समिट क्लस्टर ऑफ अचीवर्स 2026 में भाग लेने और अपने अनुभव साझा करने के लिए बुलाया गया है। यह आमंत्रण केवल एक व्यक्ति का सम्मान नहीं, बल्कि उनके वर्षों के संघर्ष, समर्पण और समाज के प्रति किए गए महत्वपूर्ण कार्यों की वैश्विक पहचान है। रेनू पासवान तेजस्विनी भारत फाउंडेशन के माध्यम से समाज के उन वर्गों के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं, जिन्हें अक्सर मुख्यधारा से दूर रखा जाता है। उन्होंने बहुत कम उम्र से ही बाल विवाह के खिलाफ आवाज



उठाई, जो आज भी कई क्षेत्रों में एक गंभीर सामाजिक समस्या है। इसके साथ ही उन्होंने लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, जेंडर समानता स्थापित करने और सामुदायिक विकास को मजबूत करने के लिए कई प्रभावशाली पहल की हैं। रेनू का जीवन संघर्ष और प्रेरणा का प्रतीक है। सीमित संसाधनों और सामाजिक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य से कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने न केवल अपने लिए रास्ता बनाया, बल्कि हजारों लड़कियों और महिलाओं के लिए भी नए अवसरों के द्वार खोले। उनका कार्य यह दर्शाता है कि यदि इच्छाशक्ति मजबूत हो, तो किसी भी परिस्थिति में बदलाव लाया जा सकता है।इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में (सायना नेहवाल), (सानिया मिर्ज़ा), (परिणीति चोपड़ा),अनीश ग्रोवर), (चेतन भगत) और करण जौहर) जैसी प्रसिद्ध हस्तियों को भी आमंत्रित किया गया है, जिससे इस आयोजन की गरिमा और भी बढ़ जाती है। ऐसे में रेनू पासवान का इस मंच पर पहुंचना न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि बिहार की प्रतिभाएं किसी भी स्तर पर पीछे नहीं हैं। उनका यह सम्मान आने वाली पीढ़ियों, विशेषकर युवतियों, के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा और उन्हें अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

# एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** ग्रामीण विकास एवं परिवहन विभाग के पूर्व मंत्री-सह-जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार के नेतृत्व में दिनांक 05 मई 2026 को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) द्वारा भोजपुर-बक्सर स्थानीय निकाय निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी कन्हैया प्रसाद के समर्थन में बक्सर जिला के इटाढ़ी प्रखंड में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में भाग लिया। श्री कुमार ने इस बैठक में ग्राम पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों–जिला परिषद सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं वार्ड सदस्यगण के साथ संवाद स्थापित करते हुए एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। आयोजित कार्यक्रम में इस चुनाव के कार्यक्रम प्रभारी सह पूर्व मंत्री एवं राजपुर विधायक संतोष कुमार निराला, चौगाई प्रखंड प्रभारी,



बिहार विधान परिषद सदस्य जनाब खालिद अनवर साहब तथा डुमरांव विधायक राहुल सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। नेता विधायक दल श्रवण कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए ने कहा कि स्थानीय निकाय के जनप्रतिनिधियों द्वारा चुना गया प्रतिनिधि ही विधान परिषद में उनकी सशक्त आवाज बनकर उनके हितों को प्रभावी ढंग से उठाता है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस दल की सरकार होती है, उसके प्रत्याशी के विजयी होने पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को विकास कार्यों में विशेष सहयोग एवं लाभ प्राप्त होता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस चुनाव में एनडीए प्रत्याशी की जीत, सभी जनप्रतिनिधियों एवं समर्पित कार्यकर्ताओं की जीत होगी, जो क्षेत्र के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त होगी। उक्त कार्यक्रम में श्री कुमार के साथ जनाब खालीद अनवर, विधान परिषद सदस्य, संतोष कुमार निराला, स0वि0स0, राजपुर, राहुल सिंह, स0वि0स0, डुमरांव, जिलाध्यक्ष राजकुमार शर्मा, जिला महासचिव काशी सिंह, जद यू0 नेता दिनेश सिंह, राज्य नागरिक परिषद के सुरेन्द्र राजवार, रामप्रवेश राम, मनोज पटेल, बद्री भगत, संजय वर्मा, अशोक सिंह, मुखिया, डनुवास, तुलसी साह, मुखिया धनसोई, वी0डी0सी0 कामेश्वेर कुशवाहा, उज्जवल महाजन, अनिल कुशवाहा, राजू साह, वार्ड सदस्य मनोज दिवाकर, राजेन्द्र सिंह, अमरेन्द्र चन्द्रवंशी, बेबी देवी, शंकर प्रसाद केसरी, अध्यक्ष, इटाढ़ी, विजय कुमार कुशवाहा, संचालनकर्ता, प्रखंड अध्यक्ष इटाढ़ी, सुनील कुमार, जद यू0 नगर अध्यक्ष, गोविन्द सिंह जी, भाजपा नेता, विरेन्द्र सिंह (लाला जी) जद यू0 के वरिष्ठ नेता, अमित कुमार, उपस्थित रहे और सभी ने एकजुट होकर प्रत्याशी की विजय सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

# पुलिस ने बैंकों में की सघन जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बगहा।** पुलिस जिला में अपराध नियंत्रण के साथ-साथ सुरक्षित एवं स्वच्छ माहौल बनाए रखने को लेकर प्रभारी एसपी निर्मला कुमारी के निर्देश पर बुधवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने अलग-अलग बैंकों में पहुंचकर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्टेट बैंक बगहा बाजार, सेंट्रल बैंक बगहा-1, पंजाब नेशनल बैंक बगहा-1 तथा एक्सिस बैंक बगहा-1 में पुलिस टीम ने पहुंचकर जांच की। वहीं पटखौली थाना क्षेत्र में स्टेट बैंक बगहा-2, पंजाब नेशनल बैंक नरईपुर बगहा-2 एवं सेंट्रल बैंक बगहा-2 सहित अन्य बैंकों में भी निरीक्षण किया गया। जांच के

**सुरक्षा व्यवस्था की ली जानकारी**



दौरान बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, उनकी कार्यक्षमता तथा रिकॉर्डिंग सिस्टम की बारीकी से जांच की गई। साथ ही बैंक के अंदर और बाहर की गतिविधियों पर निगरानी व्यवस्था का भी आकलन किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बैंक प्रबंधकों एवं कर्मियों को सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने और किसी भी असामान्य गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने के निर्देश दिए। इस मौके पर बैंक में लेन-देन के लिए पहुंचे महिला एवं पुरुष ग्राहकों को भी जागरूक किया गया। पुलिस ने उन्हें सतर्क रहने, अनजान लोगों से दूरी बनाए रखने तथा बड़ी रकम के लेन-देन के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे, ताकि बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके तथा किसी भी संभावित आपराधिक घटना को समय रहते रोका जा सके।

# आरा प्रखंड में विधान परिषद उप-निर्वाचन को लेकर एनडीए की संगठनात्मक बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** बिहार विधान परिषद उप-निर्वाचन 2026 के तहत भोजपुर क्षेत्र से एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी कन्हैया प्रसाद के पक्ष में आरा प्रखंड में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनावी रणनीति को लेकर व्यापक चर्चा हुई और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर विजय सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। बैठक में प्रमोद कुमार सिंह विधायक रफीगंज, जदयू जिला अध्यक्ष भोजपुर भीम सिंह पटेल, प्रदेश महासचिव जदयू प्रिंस बजरंगी, पंचायत समिति सदस्य अगरसनडा जीतेन्द्र पाण्डेय, पंचायत समिति सदस्य वार्ड संख्या 12 बसंतपुर सुरेन्द्र सिंह, पंचायत समिति सदस्य धमार मंटू सिंह, जिला उपाध्यक्ष भोजपुर राजू मेहता, पूर्व जिला महासचिव डुमरांव विधानसभा संजय कुमार मेहता, चरपोखरा के राम सिंह, समाजसेवी



आरा संजय महासेठ तथा प्रखंड अध्यक्ष गहनी अमारिश सिंह तोमर सहित एनडीए के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रत्याशी कन्हैया प्रसाद को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने हेतु बूथ स्तर तक की रणनीति पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। कार्यकर्ताओं को चुनाव के प्रत्येक चरण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। सभी उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एकजुटता प्रदर्शित करते हुए पूरी ताकत के साथ चुनाव मैदान में उतरने का संकल्प लिया और विश्वास जताया कि एनडीए प्रत्याशी कन्हैया प्रसाद को व्यापक समर्थन प्राप्त होगा।

# महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी के लिए 'सखी वार्ता' कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बांका।** बांका में डीएम नवदीप शुक्ला के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास निगम व जिला स्तर पर महिला सशक्तिकरण इकाई द्वारा बौंसी के मेला मैदान में सखी वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बौंसी ने की। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें जागरूक, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना था।कार्यक्रम की शुरुआत जेंडर विशेषज्ञ श्रीकांत कुमार ने की। उन्होंने महिलाओं को सशक्तिकरण के महत्व के साथ सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ सजग रहने का संदेश दिया। इसके बाद जिला मिशन समन्वयक ने गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के लिए संचालित मातृत्व सहायता योजना की जानकारी देते हुए पंजीकरण और आवेदन प्रक्रिया को सरल तरीके से समझाया। वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक अंजना भारती ने घरेलू हिंसा से संरक्षण, कानूनी सहायता और सहायता केंद्र की सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही बाल विवाह निषेध, बालिका शिक्षा, महिला हेल्पलाइन 181 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 सहित विभिन्न विषयों पर भी महिलाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ शेखर कुमार दास ने बाल विवाह रोकने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षिका अंजू कुमारी सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने ऐसे कार्यक्रम आगे भी जारी रखने की बात कही।

## आठ वर्षीय बच्ची की निर्मम हत्या का 48 घंटे में खुलासा

**किशनगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के कोढ़ोबारी थाना क्षेत्र के दुर्गापुर गांव में 8 वर्षीय बच्ची शहरानी उर्फ साली प्रवीण की हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। इस हत्याकांड ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया था। मामले में चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि बच्ची की चाची ही उसकी कातिल निकली। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि 2 मई 2026 को गांव के पास स्थित मकई के खेत से बच्ची का शव बरामद हुआ था। शव मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

# बगहा पुलिस ने शराब व कुर्की मामले में सात को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बगहा।** पुलिस जिले में अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से एक दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। प्रभारी पुलिस अधीक्षक निर्मला कुमारी के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई में शराब कुर्की समेत अन्य मामलों में 7 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया साथ ही जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लंबे समय से लंबित 10 वारंटों का सफलतापूर्वक

**10 वारंटों का निष्पादन**

निष्पादन किया गया। फरार वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में लगातार छापेमारी अभियान जारी है। असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सघन वाहन जांच अभियान भी चलाया गया। इस दौरान कुल 545 वाहनों की जांच की गई, जिसमें नियमों के उल्लंघन पर 93,500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए नियमित पेट्रोलिंग, वाहन जांच और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि शराब सेवन और अवैध बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान जारी रहेगा। साथ ही थाना क्षेत्रों में स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के लिए पुलिस टीमें लगातार सक्रिय हैं।

# 'ज्ञान भारतम मिशन' के तहत संग्रहकर्ताओं का सम्मान समारोह आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा और बौद्धिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत आज अररिया जिले में 'ज्ञान भारतम मिशन' के अंतर्गत पाण्डुलिपियों के संरक्षण एवं डिजिटलीकरण में योगदान देने वाले संग्रहकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम परमान सभागार में अपराह्न 3:00 बजे से शुरू होगा। केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के बजट में 'ज्ञान भारतम् मिशन' को एक फ्लैगशीप योजना के रूप में शुरू किया गया है। इस मिशन का उद्देश्य देशभर में फैली भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ी प्राचीन पाण्डुलिपियों का वैज्ञानिक तरीके से संरक्षण, डिजिटलीकरण और अभिलेखीकरण करना है, ताकि यह अमूल्य धरोहर शोधार्थियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों के लिए सुलभ हो सके।



मिशन के तहत सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों, मठों, मंदिरों, शैक्षणिक संस्थानों और पुस्तकालयों में संरक्षित कागज, भोजपत्र, ताड़पत्र एवं कपड़े पर लिखी पाण्डुलिपियों की पहचान, सर्वेक्षण, कैटलॉगिंग और डिजिटलीकरण का कार्य किया जा रहा है। 75 वर्ष से अधिक पुरानी एवं ऐतिहासिक-सांस्कृतिक महत्व की पाण्डुलिपियों को प्राथमिकता दी जा रही है। इन डिजिटाइज्ड दस्तावेजों को 'ज्ञान भारतम्' पोर्टल एवं एप के माध्यम से वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखा जाएगा।

अररिया जिले में इस कार्य के सफल संचालन हेतु अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) को नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी (उक्त) एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को सर्वेयर के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिले में अब तक हुए सर्वेक्षण के दौरान कई महत्वपूर्ण पाण्डुलिपियां चिन्हित की गई हैं। इनमें रामकृष्ण सेवा आश्रम, अररिया से 1, कुंदन कुमार झा से 6, चंदन कुमार झा से 15 तथा दक्षिणेश्वर प्रसाद रॉय से 4 पाण्डुलिपियां प्राप्त हुई हैं। कार्यक्रम के दौरान इन संग्रहकर्ताओं को उनके योगदान के लिए जिलाधिकारी विनोद दूहन द्वारा अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह पहल न केवल सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का भी एक सार्थक प्रयास है।

## 15 सूत्री मांगों को लेकर कलमबंद हड़ताल

**छपरा।** सारण जिले के जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के सभी 21 अंगीभूत महाविद्यालय के कर्मचारियों ने आज बुधवार को अपने 15 सूत्री मांगों के समर्थन में कलम बंद हड़ताल कर महाविद्यालयो में धरना दिया। जयप्रकाश विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के प्रक्षेत्रीय सचिव अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के द्वारा अपने 15 सूत्री मांगों के समर्थन में बुधवार को एकदिवसीय कलम बंद हड़ताल करने तथा महाविद्यालय में धरना का आयोजन करने का निर्देश प्राप्त हुआ था। उन्होंने बताया कि राज्य संघ के उक्त निर्णय के आलोक में जयप्रकाश विश्वविद्यालय के सभी अंगीभूत महाविद्यालय के कर्मचारियों ने कलम बंद हड़ताल करने के साथ ही महाविद्यालय के मुख्य गेट पर धरना दिया गया। जिसके कारण किसी भी महाविद्यालय का ताला नहीं खुल सका।

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना संख्या एमसी_एससी_कोचएमिनिटी_एसडीएएच_26,दिनांक 27.04.2026,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर, पूर्व रेलवे, सियालदह, कक्ष सं. 42, प्रथम तल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित निविदा प्रारूप में पर्याप्त अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त ठेकेदारों से "दो पैकेट प्रणाली" में मुहरबंद खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम/विवरण:** तीन वर्ष के लिए सियालदह, सीपी कोचिंग डिपो में प्राइमरी और राउंड ट्रिप मेंटेन किए गए कोच में सामान्य फर्निशिंग, कारपेंटरी, प्लंबिंग, ट्रिमिंग और दूसरी पैसेंजर सुविधाओं पर ध्यान देने के कार्य और 03 वर्ष के लिए चेयर कार में रिक्लाइनिंग मैकेनिज्म की मरम्मत के कार्य की आउटसोर्सिंग। **निविदा मूल्य :** रु.19,01,80,739.31, **बयाना राशि :** रु. 11,00,900/–, **ठेका अवधि :** 03 वर्ष , **निविदा कागजात का मूल्य :** रु. 0.00, **बोली प्रारंभ करने की तिथि :** दिनांक 05.05.2026, **निविदा के बंद होने की तिथि और समय :** दिनांक 19.05.2026 को 15.00 बजे। **निविदा के खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 19.05.2026 को 15.00 बजे। ई–निविदा सूचना एवं कार्य के पात्रता मानदंड समेत निविदा कागजात **www.ireps.gov.in** (वेबसाइट यूआरएल) से देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। SDAH-29/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: जीएसयू/इलेक्ट/एएसएन /2026/01, दिनांक 04.05.2026,** उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/इलेक्ट, गति शक्ति यूनिट, आसनसोल, पूर्व रेलवे, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस और निम्नलिखित कार्य के निष्पादन में वित्तीय संपन्नता रखने वाले प्रतिष्ठित निविदाकारों से ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा केस सं.: जीएसयू–इलेक्ट–एएसएन–2026–01, कार्य का नाम:** गति शक्ति यूनिट, आसनसोल के अधीन (क) अंडाल के मार्शलिंग यार्ड में नए आरओएच शेड और (ख) आसनसोल के इलेक्ट्रिक लोको शेड में इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के निरीक्षण और रखरखाव गतिविधियों के लिए ट्रिप मेन्टेनेंस/एडवांस इंस्पेक्शन सेंटर के प्रावधान के लिए कार्य के विद्युत (सामान्य) अंश हेतु खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 5,68,33,511.20, **बयाना राशि :** रु. 11,36,700/–, **कार्य की समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) माह। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधता :** खुलने की तिथि से 60 दिन। **बंद होने की तिथि और समय :** दिनांक 29.05.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। ASN-55/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सं. 29_2026–27 और 30_2026–27 दिनांक: 04.05.2026,** वरिष्ठ मंडल अभियंता (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा, पश्चिम बंगाल–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/4/ हावड़ा। क्रम सं. 1, ई–निविदा सं. 29_2026–27, कार्य का विवरण :** हावड़ा मंडल के तहत वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र में ट्रिम्बल गेडो वोर्सिस ट्रॉली प्रणाली या समरूप का उपयोग करके प्री एवं पोस्ट टैम्पिंग ट्रैक मेजरमेंट सर्वे और अद्यतन स्केल मैप का विकास। **अनुमानित मूल्य :** रु. 49,45,806.40, **बयाना राशि :** रु. 98,900/– **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 03 (तीन) माह। **क्रम सं. 2, ई–निविदा सं. 30_2026–27, कार्य का विवरण :** वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन एसएसई/पी.वे/बोलपुर शांतिनिकेतन, एसएसई/पी.वे/ सांईथिया, एसएसई/ पी.वे/ रामपुरहाट के तहत 2 वर्ष की अवधि के लिए नियमित आधार पर विभिन्न ट्रैक और अन्य रेलवे सामग्री के लोडिंग, अनलोडिंग और परिवहन सहित वाहन की किराये पर लेना। **अनुमानित मूल्य :** रु. 58,19,342.44, **बयाना राशि :** रु. 1,16,400/–, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 24 (चौबीस) माह। **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) :** शून्य (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/ हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 26.05.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से उपर्युक्त वेबसाइट के ज़रिए स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई–निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्स्ड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-49/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# उत्तर कोयल परियोजना के कार्यों में लाएं तेजी : सचिव

## भारत सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारत सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में औरंगाबाद जिला से विशेष रूप से उत्तर कोयल जलाशय परियोजना की प्रगति, निर्माण कार्यों की स्थिति एवं भूमि अधिग्रहण से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक में एनआईसी सभा कक्ष, औरंगाबाद से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी उपेंद्र पंडित, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। बैठक में अवगत कराया गया कि यह परियोजना जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग के अंतर्गत एक महत्त्वपूर्ण बहु-राज्यीय परियोजना है, जिसकी स्वीकृति 01 अगस्त 2017 को प्रदान की गई थी तथा कार्यान्वयन 01 जनवरी 2021 से प्रारंभ हुआ। परियोजना की मूल लागत 1622.27 करोड़ रुपये थी, जिसे संशोधित कर 2430.76 करोड़ रुपये किया गया है। परियोजना की मूल लक्षित पूर्णता तिथि 31 मार्च 2021 थी, जिसे संशोधित कर 31 मार्च 2026 निर्धारित किया गया है। वर्तमान में परियोजना की भौतिक प्रगति लगभग 38 प्रतिशत है तथा समय एवं लागत दोनों में वृद्धि परिलक्षित हो रही है। मुख्य सचिव द्वारा समीक्षा के क्रम में यह निर्देशित किया गया कि प्रगति बैठक (दिनांक 24 सितंबर 2025) में दिए गए निर्देशों के आलोक में परियोजना के लंबित कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने हेतु ठोस एवं समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाए। साथ ही यह भी बल दिया गया कि परियोजना से संबंधित कार्यों की प्रगति में अपेक्षित तेजी लाई जाए तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर इसका सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। भूमि अधिग्रहण की समीक्षा के क्रम में गया एवं औरंगाबाद जिलों की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया गया। गया जिला में वितरण प्रणाली हेतु आवश्यक कुल 96.749 हेक्टेयर भूमि में से 88.045 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है, जबकि शेष 8.704 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण लंबित है। वहीं, औरंगाबाद जिला में कुल 41.251 हेक्टेयर भूमि के विरुद्ध 37.8312 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है तथा शेष 3.4198 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण प्रक्रियाधीन है। लंबित भूमि में से 2.400 हेक्टेयर भूमि पर सामाजिक प्रभाव आकलन का कार्य प्रगति पर है, 0.7853 हेक्टेयर भूमि बिहार रैयती भूमि लीज नीति, 2014 के अंतर्गत निबंधन की प्रक्रिया में है तथा 0.2015 हेक्टेयर सरकारी भूमि का अंतरण प्रक्रियाधीन है। मुख्य सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि भूमि अधिग्रहण से संबंधित सभी लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करते हुए परियोजना के निर्माण कार्यों में अपेक्षित गति लाई जाए, ताकि परियोजना को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता में वृद्धि एवं जल प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके।

# गेहूं अधिप्राप्ति के बाद भुगतान में नहीं हो देरी : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** खरीफ विपणन मौसम 2025-26 एवं रबी विपणन मौसम 2026-27 अंतर्गत धान अधिप्राप्ति, कस्टम मिल्ड राइस (सीएमआर) आपूर्ति, किसानों के भुगतान तथा गेहूं अधिप्राप्ति की अद्यतन प्रगति की विस्तृत समीक्षा जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि जिले में धान अधिप्राप्ति के विरुद्ध कुल सीएमआर आपूर्ति की प्रगति 52.95 प्रतिशत है, जिसमें रॉ सीएमआर आपूर्ति 49.54 प्रतिशत तथा पैराबॉयल्ड सीएमआर आपूर्ति 66.11 प्रतिशत शामिल है। जिले के लिए कुल सीएमआर लक्ष्य लगभग 1,23,810 मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है, जिसके विरुद्ध अब तक लगभग 65,556 मीट्रिक टन सीएमआर की प्राप्ति की गई है। राज्य स्तरीय समीक्षा के अनुसार औरंगाबाद जिले में कुल देय राशि लगभग 242.95 करोड़ रुपये है, जिसके विरुद्ध अब तक लगभग 139.16 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है, जबकि लगभग 103.79 करोड़ रुपये लंबित है। इस प्रकार देय राशि के सापेक्ष भुगतान की प्रगति लगभग 57.28 प्रतिशत है। धान अधिप्राप्ति की स्थिति की समीक्षा में बताया गया कि जिले में लगभग 1,80,901 मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीद की गई है, जिससे बड़ी संख्या में किसान लाभान्वित हुए हैं तथा भुगतान की प्रक्रिया पीएफएमएस के माध्यम से निरंतर संचालित है। मिलरवार समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जिले के विभिन्न राइस मिलों जैसे कुंज बहार राइस मिल प्रा. लि., देवांती फूड्स इंडस्ट्रीज प्रा. लि., प्रसांत राइस मिल, नारायण एग्री प्रोडक्ट प्रा. लि., श्री राधे कृष्णा एग्रो प्रोसेसिंग प्रा. लि., जय मां सत्यचंडी राइस मिल एवं अदिति देवा मिल्स प्रा. लि. द्वारा सीएमआर आपूर्ति की जा रही है। हालांकि कुछ मिलरों द्वारा लक्ष्य के अनुरूप आपूर्ति नहीं की गई है, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी मिलरों के साथ समन्वय स्थापित कर लंबित सीएमआर की आपूर्ति शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। किसानों के भुगतान की समीक्षा में बताया गया कि अधिकांश किसानों को भुगतान किया जा चुका है तथा शेष लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि किसी भी स्तर पर भुगतान लंबित न रहे तथा बैंक स्तर एवं पीएफएमएस के माध्यम से सभी लंबित भुगतान शीघ्र पूर्ण किए जाएं। रबी विपणन मौसम 2026-27 के अंतर्गत गेहूं अधिप्राप्ति की समीक्षा में बताया गया कि जिले में कुल लक्ष्य के विरुद्ध अब तक लगभग 818.61 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है, जो लगभग 18.17 प्रतिशत उपलब्धि है, जबकि विभिन्न प्रखंडों से कुल मिलाकर लगभग 839.61 मीट्रिक टन गेहूं की अधिप्राप्ति की गई है। कुटुंबा, देव, गोह, रफीगंज, दाउदनगर, बारून, ओबरा, नवीनगर, मदनपुर एवं औरंगाबाद प्रखंडों में गेहूं अधिप्राप्ति की प्रक्रिया जारी है तथा अधिक से अधिक किसानों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में निर्देश दिया गया कि सीएमआर आपूर्ति में तेजी लाते हुए निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित की जाए, मिलरों द्वारा लंबित आपूर्ति के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए, किसानों के भुगतान में किसी प्रकार की देरी न हो तथा गेहूं अधिप्राप्ति में तेजी लाकर अधिकाधिक किसानों को इसका लाभ दिया जाए। बैठक में कोऑपरेटिव जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल, जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम राजेश कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी मनोज चौधरी, सभी प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी एवं संबंधित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अलग-अलग मामलों में दो दर्जन अभियुक्त गये जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में मंगलवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 45 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 23 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हत्या के प्रयास में 7, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 6 तथा अन्य मामलों में 32 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 96 लीटर देसी शराब, 7.875 लीटर विदेशी शराब बरामद, 6000 लीटर महुआ घोल विनिष्ट एवं 6 भट्ठी ध्वस्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1535 वाहनों की जांच की गई जिसमें 179500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। साईबर पुलिस द्वारा 16000 रूपये रिकवरी किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# डीएम ने किया सीएमआर अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** जिले के किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने और धान खरीद की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने बुधवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित सीएमआर (कस्टम मिल्ड राइस) अधिप्राप्ति केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया। केंद्र का उद्घाटन फीता काटकर करने के बाद डीएम ने पूरे परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि धान अधिप्राप्ति और चावल आपूर्ति की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस केंद्र के शुरू होने से किसानों को बिचौलियों से मुक्ति मिलेगी और उनके बैंक खातों में निर्धारित समय




सीमा के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भंडारण क्षमता, सुरक्षा व्यवस्था और चावल की गुणवत्ता की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन आवश्यक है। साथ ही, उन्होंने सीसीटीवी निगरानी और अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला सहकारिता पदाधिकारी और राज्य खाद्य निगम (एसएफसी) के प्रबंधक भी मौजूद थे। अधिकारियों ने बताया कि इस केंद्र के माध्यम से पैक्स और व्यापार मंडलों से प्राप्त चावल का सुरक्षित भंडारण किया जा सकेगा, जिससे सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत आम नागरिकों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध होगा। डीएम ने स्थानीय किसानों से अपील की कि वे अपना धान सरकारी केंद्रों पर ही बेचें ताकि उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य का पूरा लाभ मिल सके। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियांशु बसु, अंचलाधिकारी चंद्र प्रकाश, बीपीआरओ दिव्य शक्ति एवं प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

# भूमि विवाद में एक महिला सहित पांच गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** दो पक्षों के बीच पुराने विवाद में मारपीट के पांच आरोपियों को नगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान एक पक्ष से धनंजय कुमार, शिव शंकर कुनार एवं नीरज यादव के रूप में की गई है। वहीं दूसरे पक्ष से उमेश कुमार एवं मीना देवी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार बीते 5 मई को भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना घटित हुई थी जिसमें कई लोग जख्मी हुए थे। घटना को लेकर दोनों पक्षों की ओर से एक दूसरे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। कांड की गंभीरता पर पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट में कई लोग जख्मी हुए थे जिनका इलाज करवाया गया। घटना को लेकर दोनों पक्षों से प्राप्त आवेदन के आधार पर कार्रवाई के दौरान पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कार्रवाई के बाद सभी को जेल भेज दिया गया। शेष अन्य अभियुक्तों की तलाश की जा रही है। जल्द ही वे पकड़े जाएंगे। थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे। उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# बच्चों को मिलेगा शास्त्रीय गायन व नृत्य का प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा औरंगाबाद जिला अंतर्गत कला-संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं विकास के उदेश्य से जिला में आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की गयी है। वर्तमान में यह केंद्र जसोईया स्थित जिला समादेष्टा कार्यालय भवन के बगल में किराए के मकान में संचालित है। जिले के नवोदित एवं युवा कलाकारों को सुयोग्य शिक्षकों द्वारा शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय नृत्य (कत्थक एवं भरतनाट्यम) एवं वाद्ययंत्र( हारमोनियम, तबला, नाल) का प्रशिक्षण दिया जाएगा। संस्थान में नामांकन पहले आओ पहले पाओ के तहत प्रत्येक शिक्षक के अंतर्गत प्रत्येक विधा में अधिकतम 40 छात्र एवं छात्राओं का नामांकन किया जाएगा। छात्र एवं छात्राओं का मासिक शुल्क देय नहीं होगी, बिल्कुल निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। नामांकन के लिए आयु प्रमाण पत्र के रूप में जन्म तिथि का प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड देना अनिवार्य होगा साथ हीं 03 पासपोर्ट साइज का फोटोग्राफ भी देना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण के लिए छात्र एवं छात्राओं का उम्र सीमा 06 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। नृत्य प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण सामग्री-घुंघरू, ड्रेस आदि छात्र/ छात्राओं के द्वारा स्वयं लाना होगा। आम्रपाली प्रशिक्षण मंगलवार से रविवार तक समय 12 बजे अपराह्न से 06 बजे अपराह्न तक खुली रहेगी। सोमवार को प्रशिक्षण केंद्र बंद रहेगा। छात्र - छात्राओं की संख्या को दृष्टिगत रखते हुए प्रशिक्षण दो सत्रों में किया जाएगा जिसकी अवधि अपराह्न 02.00 बजे से 04.00 बजे तक तथा 04.00 बजे से 06.00 भी तक होगा। छात्र एवं छात्राओं का नामांकन वर्ष पर्यंत किया जा सकेगा।

# नाबालिग के साथ मारपीट व छेड़छाड़ मामले में अभियुक्त दोषी करार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के स्पेशल पॉक्सो कोर्ट लक्ष्मी कांत मिश्रा ने नगर थाना में दर्ज एक कांड में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एक मात्र अभियुक्त को सज़ा सुनाई है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि अरवल के रहने वाली पत्नी ने अपने पति कविन्द्र कुमार सिंह पर आरोप लगाया था कि पति दारू पीकर हमारे साथ हमेशा मारपीट करते हैं और आज 8 जनवरी 2026 को भी हमारे साथ मारपीट किया तथा नाबालिग लड़की से रिश्ता को शर्मसार करते हुए छेड़खानी किया। आज़ निर्णय पर न्यायालय ने अभियुक्त को बिहार मध निषेध उत्पाद एक्ट की धारा - 37 के तहत दोषी ठहराया और तीन हजार रुपए जुर्माना लगाया है। बीएनएस की धाराओ और पोक्सो एक्ट की धाराओ में साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त किया है। पीड़िता औरंगाबाद शहर में एक किराए के मकान में रहती थी पति द्वारा शराब पीकर मारपीट और बच्ची को तंग करने से दुखी होकर उसने नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी और आरोपित पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

# जबरन अपहरण कर दुष्कर्म मामले में सश्रम कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जबरन अपहरण करने के बाद नाबालिग से दुष्कर्म मामले में व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के स्पेशल पोक्सो कोर्ट ने निर्णय सुनाया है। यह निर्णय फ़ेसर थाना में दर्ज एक कांड में सज़ा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त को सज़ा सुनाई है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि खैरा सलेम गांव निवासी काराधीन एकमात्र अभियुक्त विश्वकर्मा पासवान को पांच साल की सजा और बीस हजार रूपये जुर्माना लगाया है। प्राथमिकी सूचक ने अभियुक्त पर नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया था।






# योग्य परिवारों को मिले पीएम आवास योजना का लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारून प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत धमनी में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत सर्वेक्षित परिवारों का उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा सर्वेक्षित परिवारों से सीधे संवाद स्थापित कर आवास सर्वेक्षण से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई तथा सर्वेक्षण कार्य की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता का अवलोकन किया गया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्र परिवारों



का सर्वेक्षण एवं सत्यापन कार्य पूरी पारदर्शिता एवं विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए ताकि योग्य परिवारों को योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जा सके। निरीक्षण में डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार आदि उपस्थित थे।

# एसपी ने सुनी लोगों की फरियाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा बुधवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान कई महिला-पुरुष फरियादियों के मामले की जन सुनवाई की। पुलिस अधीक्षक ने लोगों की बारी-बारी से फरियाद सुनी। वहीं जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र से आये फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्या एसपी के समक्ष रखी जिसपर पुलिस अधीक्षक ने कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन करते हुए संबंधित थानाध्यक्ष को निर्देश दिये। साथ ही फरियादियों के




मामले में संबंधित थानाध्यक्ष के समक्ष निष्पादन के लिए भेजा गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है कि जनता दरबार में जो भी मामले आते हैं। उसे त्वरित निष्पादन कर पुलिस अधीक्षक कार्यालय को जानकारी दें। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा सप्ताह में दो से तीन दिन जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है जिससे अधिक से अधिक मामले की जनसुनवाई संभव हो व दूरदराज से आये फरियादियों को लाभ पहुंच सके।







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


# तापमान अधिक रहने पर प्रभावित होता है जनजीवन : अंतरा

## भीषण गर्मी और लू से बचाव को लेकर सतर्क रहने की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में मई-जून की भीषण गर्मी और लू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी अंतरा कुमारी ने बताया कि उच्च तापमान के कारण जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों पर गर्मी का असर अधिक पड़ता है, इसलिए इनकी



विशेष देखभाल जरूरी है। दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच घर से बाहर निकलने से बचने, अधिक से अधिक पानी, ओआरएस और नींबू पानी जैसे तरल पदार्थों का सेवन करने तथा अनावश्यक यात्रा से परहेज करने की सलाह दी गई है। जिले में लगातार बढ़ रही अगलगी की घटनाओं को देखते हुए प्रशासन ने ग्रामीण इलाकों में विशेष सावधानी बरतने को कहा है। चूल्हे पर खाना बनाने वालों से अपील की गई है कि सुबह 9 बजे से पहले और शाम 6 बजे के बाद ही भोजन बनाएं ताकि आग लगने की घटनाओं पर नियंत्रण पाया जा सके। वहीं वज्रपात (आकाशीय बिजली) से बचाव को लेकर भी अलर्ट जारी किया गया है। खराब मौसम के दौरान घर से बाहर न निकलने और पेड़ों के नीचे शरण न लेने की हिदायत दी गई है। प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी किए जा रहे अलर्ट का पालन करने को कहा गया है। अंतरा कुमारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत 112 नंबर पर संपर्क करें, ताकि त्वरित राहत और बचाव कार्य सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने दोहराया कि सतर्कता ही सुरक्षा का सबसे बड़ा उपाय है।